WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/ बिजनेस

रायपुर, मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025 कृष्ण पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 239 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

इसे ही कहते हैं विनाश काले विपरीत बुद्धि। आतंक के परियाय पाकिस्तान ने बैठै ठाले अफगानिस्तान से पंगा मोल लेकर आ बैल मुझे मार वाली कहावत चरितार्थ कर डाली है। पाकिस्तान आर्मी ने अफगानिस्तान में एयर स्ट्राइक की तो जवाब में अफगानिस्तान की सेना ने पलटवार किया। जिसमें पचास पाकिस्तानी सैनिक मारे गये। उसकी कई चौकियां तबाह हो गई और पाकिस्तानी सैनिक अपने हथियार छोड़कर दुम दबाकर भाग गये। जिन अफगानियों ने अमेरिका, रूस और नाटों को छठ्ठी का दूध याद दिला दिया हो वो पाकिस्तान की कैसी गत बनाएंगे इसका असीम मुनीर को अंदाजा ही नहीं होगा।

बंदूक से बंधन तक : पखांजुर में पूर्व नक्सली जोड़े ने लिए सात फेरे

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के पखांजुर से एक उम्मीद और बदलाव की तस्वीर सामने आई है। जो कभी बंदूक लेकर जंगलों में घूमते थे, आज वे प्रेम और विश्वास के बंधन में बंध गए हैं। थाना परिसर में पूर्व नक्सली जोड़े ने सात फेरे लेकर समाज की मुख्यधारा में लौटने का संकल्प लिया।

पखांजुर थाना परिसर रविवार को शादी के मंडप में बदला नजर आया। यहां पूर्व नक्सली सागर हिरदो और सचिला मांडवी ने सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह किया। कभी जंगलों में बंदूक लेकर घूमने वाले इस जोड़े ने अब समाज के साथ जीवन बिताने का संकल्प लिया है। दोनों ने 2024 में आत्मसमर्पण कर नक्सली जीवन को अलविदा कहा और पुलिस बल का हिस्सा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आठ सक्रिय नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर/ नवप्रदेश। बासागुड़ा थाना क्षेत्र में डीआरजी, थाना बासागुड़ा एवं केरिपु 168 वाहिनी की संयुक्त टीम ने पुतकेल से पोलमपल्ली जाने वाले रास्ते में पोलमपल्ली के पास कार्रवाई करते हुए आठ सक्रिय नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इन गिरफ्तार नक्सलियों में तीन पर तीन लाख का इनाम घोषित है। गिरफ्तार नक्सलियों के कब्जे से टिफिन बम, डेटोनेटर, सेफ्टी फ्यूज, कार्डेक्स वायर, बैटरी, बिजली के तार, जमीन खोदने के औजार, एवं शासन विरोधी नारों वाले पाम्पलेट और बैनर बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान कोसा सोड़ी नेण्ड्रा आरपीसी का सीएनएम अध्यक्ष, निवासी नेण्ड्रा, थाना बासागुड़ा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जीएसटी कटौती से महंगाई में बड़ी गिरावट

नई दिल्ली (आईएएनएस)। खुदरा मुद्रास्फीति दर सितंबर में कम होकर 1.54 प्रतिशत हो गई है। यह महंगाई का जून 2017 के बाद सबसे निचला स्तर है। यह जानकारी सरकार की ओर से जारी किए गए डेटा में दी गई। सितंबर में खुदरा महंगाई दर में अगस्त के मुकाबले 0.53 प्रतिशत की कमी आई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से बताया गया कि खाद्य महंगाई दर सितंबर में -2.28 प्रतिशत रही है। ग्रामीण इलाकों में खाद्य महंगाई दर -2.17 प्रतिशत और शहरी इलाकों में खाद्य महंगाई दर -2.47 प्रतिशत रही है। खाद्य महंगाई दर अगस्त में 0.64 प्रतिशत थी। महंगाई दर में कमी की वजह जीएसटी सुधार को माना जा रहा है, जिससे देश में दैनिक उपभोग से लेकर गाड़ियों तक की कीमतों में कमी देखी गई है।

ट्रेड डील पर बातचीत के लिए अमेरिका जाएगा प्रतिनिधिमंडल

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को अंतिम रूप देने के लिए अपनी बातचीत में लगातार प्रगति कर रहे हैं। भारतीय अधिकारियों का एक दल ट्रेड डील पर आगे की बातचीत के लिए इस सप्ताह वाशिंगटन डीसी के लिए रवाना हो सकता है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा,दोनों देशों के बीच बातचीत काफी अच्छे माहौल में आगे बढ़ रही है। भारत ने अमेरिका से तेल और गैस का आयात बढ़ाने की पेशकश की है, जिससे ट्रेड सरप्लस की भरपाई करने में मदद मिलेगी और साथ ही देश को भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच विश्वसनीय अ

भारत-कनाडा के संबंध में हो रहा सुधार: एस जयशंकर

नई दिल्ली। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद विदेश दौरे पर भारत पहुंची हैं। भारत में कनाडाई विदेश मंत्री ने एस जयशंकर के साथ बैठक की। बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत और कनाडा के बीच संबंध पिछले कुछ महीनों में लगातार आगे बढ़ रहे हैं और दोनों देश साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक तंत्र को बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं। कनाडा की पूर्व ट्रूडो सरकार के कार्यकाल में भारत के साथ तनाव बढ़ गए थे। हालांकि, मार्क कार्नी के शासन में दोनों देशों के बीच संबंध में सुधार देखने को मिल रहा है।

ईडी ने कॉनकास्ट स्टील मामले में 133 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय के कोलकाता जोनल कार्यालय ने मेसर्स कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड और इसके प्रमोटर संजय सुरेका के खिलाफ धन शोधन के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। 10 अक्टूबर को ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम , 2002 के तहत 133.09 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। यह कार्रवाई सीबीआई और बीएसएफबी, कोलकाता द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर शुरू हुई जांच का हिस्सा है, जिसमें कंपनी और इसके निदेशकों पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ 6,210.72 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है।

कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस : सभी एसपी को सड़क-सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश

नशे के कारोबार पर लगाम लगाए : साय

▶ कानून-व्यवस्था, नशे के अवैध कारोबार और सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 12 अक्टूबर से 3 दिवसीय अफसरों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे हैं। सोमवार को सीएम ने सभी जिलों पुलिस अधीक्षकों के कामों की समीक्षा की। एसपी कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था, नशे के अवैध कारोबार और सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के कारोबार पर सख्ती से लगाम लगाई जाए। क्योंकि नशा क्राइम को बढ़ावा देता है। एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों में समय सीमा के अंदर कार्रवाई की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। मुख्यमंत्री ने अंतरराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के भी निर्देश दिए, ताकि अन्य राज्यों से आने वाली अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। वहीं रविवार 12 अक्टूबर को सीएम ने लगभग 9 घंटे तक कलेक्टरों के काम की समीक्षा की थी। काम लापरवाही करने वाले अधिकारियों को फटकार भी लगाई थी। सीएम साय ने बांस वन आधारित आजीविका को बढ़ावा देने के निर्देश देते हुए कहा- 3.71 लाख हेक्टेयर कुल उत्पादक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सड़क सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश

मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों से कहा कि नशाखोरी के खिलाफएक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिसमें युवाओं को जागरूक किया जाए और समाज में नशे के दुष्परिणामों को लेकर संदेश दिया जाए। सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए सीएम ने अधिकारियों को सड़क सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

इकोटूरिज्म में आजीविका के बड़े साधन

एक पेड़ मां के नाम अभियान में दो वर्षों में 6 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण हुआ है। माइक्रो अर्बन फॉरेस्ट वृक्षारोपण की शुरुआत हुई है। इकोटूरिज्म में आजीविका के बड़े साधन छुपे हुए हैं। राज्य में 240 नैसर्गिक पर्यटन केंद्र हैं, बड़ी संख्या में इनसे स्थानीय युवाओं और लोगों को वर्ष भर रोजगार प्राप्त होता है इनसे अप्रत्यक्ष रूप से लगभग दो हज़ार परिवार लाभान्वित हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ हर्बल स्टार्टअप के रुप में करें प्रमोट

सीएम साय ने लधु वनोपज आधारित स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए अफसरों को निर्देश दिए। साथ ही वन धन केन्द्रों को मजबूत करने के लिए कहा है इसके अलावा सीएम साय ने कहा- छत्तीसगढ़ हर्बल और संजीवनी के उत्पादों को प्रमोट करें। ग्रामीण-शहरी इलाकों में इन उत्पादों को अधिक से अधिक विक्री का प्रयास करे ताकि इसका मार्केट विकसित हो। उत्पादों का जैविक प्रमाणीकरण तेजी से करें।

लघु वनोपजों को वृहद रूप में करें विकसित

सीएम साय ने कहा- तेंदूपत्ता संग्रहण की पूरी प्रक्रिया को कंप्यूटरीकृत करने की पहल हो। वहीं सीएम ने बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर, जिलों में पिछले सीजन में हुए तेंदूपत्ता संग्रहण की जानकारी ली। आने वाले सीजन के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। कहा कि, लघु वनोपजों को वनाचलों में आजीविका का महत्वपूर्ण साधन के रूप में विकसित किया जाये।

स्वास्थ्य मंत्री के निज सचिव ने पत्नी का मनाया बर्थडे, हाईकोर्ट ने कहा कार्रवाई करें

बिलासपुर/मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निज सचिव राजेंद्र दास ने अपनी पत्नी का बर्थडे सड़क पर सेलीब्रेट किया। पत्नी ने सड़क पर लग्जरी कार की बोनट पर केक काटा, फिर जमकर आतिशबाजी भी की। इस पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। सरकार को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश अमितेंद्र प्रसाद की खंडपीठ ने सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री इस पर संज्ञान लेकर कार्रवाई करें। साथ ही सरकार को भी कहा कि ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करें। वहीं सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने कहा कि एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी भी की गई है। भाजपा नेता राजेंद्र दास की पत्नी के बर्थडे सेलिब्रेशन का वीडियो गुरुवार रात का बताया जा रहा है। कांग्रेस ने सड़क पर बर्थडे सेलिब्रेशन का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। साथ ही पूछा कि क्या हाईकोर्ट का नियम सिर्फ आम जनता के लिए है, भाजपा नेताओं और उनके सहायकों पर नियम लागू नहीं होता क्या ?

भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाला

10 आरोपियों के खिलाफ 7600 पन्नों का चालान पेश

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू की विशेष कोर्ट में 10 आरोपियों के खिलाफ 7600 पन्नों का चालान पेश किया है। मामले में हरमीत सिंह खनूजा, उमा तिवारी, केदार तिवारी, विजय जैन, कुंदन बघेल, भोजराज साहू, खेमराज कोसले, पुन्नूराम देशलहरे, गोपाल वर्मा, नरेंद्र नायक के खिलाफ चालान पेश किया गया है। ईओडब्ल्यू ने 7600 पन्नों के 12 बंडलों के साथ कोर्ट में 10 आरोपियों के खिलाफ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

43 करोड़ रुपये का घोटाला आया सामने

भारतमाला प्रोजेक्ट में जमीन अधिग्रहण से जुड़ा 43 करोड़ रुपये का घोटाला सामने आया था। ईओडब्ल्यू ने जांच के दौरान तकनीकी दस्तावेज, मोबाइल चैट्स, बैंक ट्रांजेक्शन और कई गवाहों के बयान को चालान में शामिल किया है। अब एजेंसी अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी पड़ताल कर रही है। जांच में अधिकारियों और ठेकेदारों के बीच संदिग्ध लेनदेन और फर्जी दस्तावेजों के जरिए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के प्रमाण मिले हैं।

बिहार विधानसभा के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी

नयी दिल्ली (वार्ता)। चुनाव आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 122 सीटों तथा सात अन्य राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश की आठ सीटों के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। इसी के साथ पंजाब के तरनतारन, राजस्थान के अंता, ओडिशा के नुआपारा, झारखंड के घाटशिला, तेलंगाना के जुबली हिल्स, मिजोरम के डम्पा और केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर विधानसभा की नगरोटा व बडगांव की रिक्त सीटों के उपचुनावों के लिए भी अलग-अलग अधिसूचना जारी की गयी हैं। बिहार में विधानसभा की कुल 243 सीटों के लिए दो चरणों में छह और 11 नवंबर को चुनाव कराये जायेंगे।

आईआरसीटीसी मामले में लालू, राबड़ी तेजस्वी सहित कई लोगों पर आरोप तय

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रीय राजधानी की एक स्थानीय अदालत ने सोमवार को कथित भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड घोटाला मामले में पूर्व रेल मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव और कई अन्य के खिलाफकई आपराधिक आरोप तय कर दिए।

राउज़ एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने आज मामले की सुनवाई की। इसमें बिहार के पूर्व रेल मंत्री पर भ्रष्टाचार, आपराधिक षड्यंत्र और धोखाधड़ी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिहारी हैं और बाहरी से नहीं डरते : तेजस्वी

तेजस्वी यादव ने सोमवार को भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड घोटाला मामले में कथित आपराधिक आरोप तय किये जाने को लेकर कहा कि वह बिहारी हैं और बाहरी से नहीं डरते। घोटाला मामले में आपराधिक आरोप तय किये जाने बाद सोशल मीडिया प्लेटफर्म एक्स पर प्रतिक्रिया दी है।

हमास ने छोड़े 21 इजरायली बंधक

नई दिल्ली (आईएएनएस)। मिस्र में सोमवार को गाजा शांति शिखर सम्मेलन की पहली बैठक होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और मिस्र के अब्देल फत्तह अल-सीसी इसकी अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में 20 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। राष्ट्रपति ट्रंप के शांति समझौते के तहत पहले चरण में 7 बंधकों की रिहाई हो गई। इस बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का बयान सामने आया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से ब्रिटिश पीएम ने कहा, आज मध्य पूर्व में युद्ध समाप्त करने का पहला और महत्वपूर्ण चरण है। अब हमें पूरे क्षेत्र में स्थायी शांति और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करना होगा। ब्रिटेन गाजा में नागरिकों के लिए अतिरिक्त मानवीय सहायता प्रदान कर रहा है और हम इसके पुनर्निर्माण में तेजी लाने के प्रयासों का नेतृत्व करेंगे। अमेरिकी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ट्रंप बोले- 'मैं युद्ध खत्म कराने में माहिर हूं

वाशिंगटन। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष जारी है। दोनों देशों की तरफसे सीमा पर भारी बमबारी की जा रही है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अफगान-पाक युद्ध को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि वह इस विवाद को खत्म कर सकते हैं।

सुको ने 'वोट चोरी' के आरोपों की जांच वाली याचिका सुनने से किया इंकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया गया था। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को चुनाव आयोग जाने की सलाह दी। बेंगलुरु में 'वोट चोरी' जैसे आरोप लगाए जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी।

गरमा-गरम

नये नियम | डॉक्यूमेंट्स भी जमा करने की जरूरत नहीं होगी

ईपीएफ एकाउंट से अब निकाल सकेंगे पूरा पैसा

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने सोमवार को कई बड़े फैसलों का एलान किया। ईपीएफओ के बोर्ड ने अपने सात करोड़ से अधिक अंशधारकों के लिए आंशिक निकासी की उदार व्यवस्था को मंजूरी दे दी है। इसके तहत अब सदस्य ईपीएफ खाते से 100 प्रतिशत तक की निकासी कर सकेंगे। कर्मचारियों के हित में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने कई बड़े फैसले लिए हैं। इनसे पीएफ निकासी, ब्याज, और डिजिटल सेवाओं में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा श्रम मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा, श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में ईपीएफओ की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने अपनी बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

अब सदस्य भविष्य निधि में कर्मचारी और नियोक्ता के हिस्से सहित पात्र शेष राशि का 100 प्रतिशत तक निकाल सकेंगे। निकासी की सीमा को उदार बनाया गया है। शिक्षा के लिए 10 बार तक और विवाह के लिए 5 बार तक निकासी की अनुमति दी गई है। सभी आंशिक निकासी के लिए न्यूनतम सेवा की आवश्यकता को भी घटाकर केवल 12 महीने कर दिया गया है। ईपीएफओ ने यह भी बताया है कि पेंडिंग ■ शेष पृष्ठ 6 पर

13 जटिल प्रावधानों का एक आसान नियम में किया विलय

सीबीटी ने ईपीएफके सदस्यों के जीवन को आसान बनाने के लिए 13 जटिल प्रावधानों को एक ही नियम में विलय करने का फैसला लिया। इसके तहत ईपीएफयोजना के आंशिक निकासी प्रावधानों को सरल बनाया गया है। निकासी के लिए खर्च को तीन प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है यानी जरूरी (बीमारी, शिक्षा, विवाह), घर की जरूरत और विशेष परिस्थितियां।

एक समृद्ध भारत की कल्पना समावेशी विकास के बल पर ही संभव : गोयल

नई दिल्ली(आईएएनएस)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि पीएम गति शक्ति का उद्देश्य केवल रोड और रेलवे लाइन की प्लानिंग से जुड़ा नहीं रह गया है। हम पीएम गतिशक्ति की मदद से नेशनल प्लानिंग के कहीं अधिक गहन इंटीग्रेशन की ओर बढ़ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने भारत मंडपम में पीएम गति शक्ति की चौथी वर्षगांठ पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, 112 आकांक्षी जिलों का एक ही डेटाबेस पर मानचित्रण, यानी 112 आकांक्षी जिलों के लिए पीएम गतिशक्ति जिला मास्टर प्लान, इन आकांक्षी जिलों को अत्यंत समग्र रूप से देखने में हमारी मदद करेगा।

उन्होंने आगे कहा अगर हम एक समृद्ध भारत की कल्पना कर रहे हैं तो यह समावेशी विकास के बल पर ही संभव है। जब तक देश के 140 करोड़ नागरिकों का विकास नहीं होता तब तक देश का विकास पूरा नहीं हो सकता। इसलिए, एरिया अप्रोच प्लानिंग के एक टूल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ट्रंप का दावा- भारत और पाक पर 200% टैरिफ की धमकी से रुका संघर्ष

नई दिल्ली/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष को शांत करने में टैरिफ धमकी को असली शांतिदूत बताया है। मध्य पूर्व की यात्रा पर रवाना होने से पहले पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने 8 युद्धों को सुलझाने का दावा किया।

ट्रंप ने कहा, 'मैंने कुछ युद्धों को सिर्फ टैरिफ के आधार पर सुलझा लिया। उदाहरण के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच। मैंने कहा कि अगर आप लोग युद्ध लड़ना चाहते हो और आपके पास परमाणु हथियार हैं, तो मैं दोनों पर भारी टैरिफ लगाऊंगा। यह 100 प्रतिशत, 150 प्रतिशत और 200 प्रतिशत भी हो सकता है।' उन्होंने दावा किया कि उनकी टैरिफ धमकी ने इस मुद्दे को महज 24 घंटों में सुलझा दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने आगे बताया, 'मैंने कहा कि मैं टैरिफ लगा रहा हूं और उस चीज को 24 घंटों में सुलझा लिया गया। अगर हमारे पास टैरिफ न होते तो कभी उस युद्ध को सुलझा ही नहीं पाते।'

उनका यह बयान वैश्विक कूटनीति में आर्थिक दबाव के इस्तेमाल को दर्शाता है।

हालांकि, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव सुलझाने में अमेरिकी मध्यस्थता की भूमिका पर सवाल उठते रहे हैं। बीते 10 मई को ट्रंप ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि वाशिंगटन की मध्यस्थता में हुई बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं।

युद्ध रोकने पर भारत का क्या है पक्ष

राष्ट्रपति ट्रंप ने कई बार यह दावा दोहराया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को रुकवाने में मदद की। हालांकि, भारत लगातार यह कहता रहा है कि पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष को रोकने पर सहमति दोनों सेनाओं के सैन्य अभियान महानिदेशकों के बीच बातचीत के बाद बनी थी। भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचों को निशाना बनाया गया। भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिन तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद 10 मई को संघर्ष समाप्त करने पर सहमति बनी थी।

अफगानिस्तान से लड़ाई बंद करें पाक, भारत फायदा उठा लेगा

इस्लामाबाद/ए.। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बीते दो दिनों में कड़ा संघर्ष देखने को मिला है। सीमा पर फायरिंग हुई है तो पाकिस्तान ने काबुल तक को निशाना बनाया है। तालिबान की ओर से करारा जवाब भी दिया गया, जिसमें पाकिस्तान के 58 सैनिकों के मारे जाने की खबर है। यही नहीं तालिबान ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि पाकिस्तान ऐसे ही जंग जारी रखेगा तो उसे करारा जवाब ही मिलेगा। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने तो भारत से ही संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान की ओर से हमलों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस बीच पाकिस्तान का मीडिया ही अपने देश की सरकार और सेना को सलाह दे रहा है कि अफगानिस्तान से तुरंत समझौता किया जाए। पाकिस्तान के सबसे बड़े अखबार डॉन ने अपने संपादकीय में लिखा है कि इस्लामी देश अफगानिस्तान से जंग तत्काल रुकनी चाहिए। अखबार लिखता है कि यदि जंग चलती रही तो उसका सीधा फायदा भारत उठा लेगा। अखबार ने लिखा कि तालिबान और भारत के बीच संबंध अच्छे नहीं थे, लेकिन बीते कुछ दिनों में तेजी से रिश्तों में सुधार आया है। विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी भारत के दौरे पर गए हैं। अखबार के मुताबिक यह पाकिस्तान के हित में नहीं होगा कि लंबे समय तक अफगानिस्तान से संघर्ष जारी रखा जाए। पाकिस्तानी मीडिया का कहना है कि दोनों देशों के बीच जंग फिलहाल थम गई है और इसकी वजह कतर एवं सऊदी अरब की मध्यस्थता है। डॉन लिखता है कि हमारे दोस्त कतर और सऊदी अरब ने दखल दिया और जंग रोकने को कहा है।

डोनाल्ड ट्रंप का दावा

रूस के लड़ाकू विमानों के लिए फ्यूल एडिटिव्स का सबसे बड़ा निर्यातक भारत

कीव। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगाने का एलान किया था। ट्रंप ने भारत पर रूस-यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने का गंभीर आरोप लगाया था। हालांकि भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। अब यूक्रेन के एक थिंक टैंक ने भारत पर एक और बड़ा आरोप लगाया है। यूक्रेनी थिंक टैंक ने दावा किया है कि भारत, रूस के लड़ाकू विमानों के लिए फ्यूल एडीटिव्स का सबसे बड़ा निर्यातक देश है और रूसी लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन को बेहतर करने में मदद कर रहा है।

द. अफ्रीका में बस दुर्घटना में कम से कम 40 की मौत

जोहान्सबर्ग(वार्ता)। दक्षिण अफ्रीका के लिम्पोपो प्रांत में रविवार शाम हुयी एक बस दुर्घटना में सात बच्चों समेत कम से कम 40 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। सड़क यातायात प्रबंधन निगम ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला है कि बस एक पहाड़ी दर्रे पर सड़क से उतरकर नीचे गिर गयी। बस हादसे में हताहत लोग ज़िम्बाब्वे और मलावी के नागरिक थे जो पूर्वी केप प्रांत से स्वदेश लौट रहे थे।

इराक ने तुर्की से की दजला, फरात पानी छोड़ने की गुजारिश

बगदाद (वार्ता)। इराक के जल संसाधन मंत्री औन दियाब ने रविवार को कहा कि देश में पानी की कमी को दूर करने के लिए उन्होंने पड़ोसी मुल्क तुर्की से दजला और फ़रात नदियों में और पानी छोड़ने की मांग की है। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, तुर्की से गुजारिश की गई है कि अक्टूबर और नवंबर महीने के लिए दजला और फ़रात नदियों में पानी ज्यादा मात्रा में छोड़ा जाये। श्री दियाब ने आने वाले सर्दियों के मौसम का हवाला देते हुए कहा कि यह वर्ष, 1933 के बाद इराक में पानी की कमी का सबसे कठिन और गंभीर वर्ष है।

फिलीपींस के सेबू में भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये

मनीला (वार्ता)। फ़िलीपींस के सेबू में रविवार शाम को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गयी। जीएफ्ज़ेड जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र ने यह जानकारी दी।

दुर्गापुर मामले को लेकर भाजपा का टीएमसी पर कड़ा हमला

दुष्कर्म को सही ठहराना बंद करें ममता बनर्जी : बीजेपी

❑ बंगाल में 'मां' शर्मिंदा है, 'माटी' लहूलुहान है और 'मानुष' बदहाल है

कोलकाता/ए.। दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामले में पश्चिम बंगाल का राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है और राज्य की ममता बनर्जी सरकार सभी के निशाने पर है। विपक्षी पार्टी भाजपा ने इस मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने ममता सरकार पर गंभीर आरोप लगाए और पीड़ित पक्ष की बजाय अपराधियों को बचाने का आरोप लगाया।

ममता बनर्जी ने छात्रा के देर रात हॉस्टल से बाहर निकलने पर उठाए थे सवाल

बंगाल सीएम ममता बनर्जी ने दुर्गापुर में छात्रा के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म मामले पर कहा, 'बंगाल में जीरो टॉलरेंस है, हम यहां इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करते हैं। मैं बाहर से यहां पढ़ने आने वाले छात्रों से भी अनुरोध करती हूं कि वे रात में बाहर न जाएं। निजी कॉलेज का भी एक दायित्व है कि छात्रों का ध्यान रखें। घटना निंदनीय है लेकिन जो लोग हॉस्टल में रहते हैं, उनका एक सिस्टम होता है। मैंने पुलिस से सख्त कार्रवाई करने को कहा है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।'

ममता बनर्जी ने कहा, 'वह (पीड़िता) एक निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी। इसकी जिम्मेदारी किसकी है? वह रात के 12:30 बजे कैसे बाहर आई? लड़कियों को रात में (कॉलेज से) बाहर नहीं जाने देना चाहिए। उन्हें अपनी सुरक्षा भी करनी होगी। वहां जंगल है। पुलिस सभी लोगों की तलाशी ले रही है।'

'दबाव बना रही ममता सरकार': अधिकारी

पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि 'तृणमूल हटाओ, बेटी बचाओ, यह बंगाल में हर जगह मुख्य नारा है। तृणमूल को जाना चाहिए, उन्होंने पीड़ित परिवार का सहयोग नहीं किया, अब तक मेडिकल रिपोर्ट नहीं सौंपी। वे नेता प्रतिपक्ष को डॉक्टर से बात नहीं करने दे रहे हैं। उन्होंने ओडिशा से आ रहे महिला आयोग को रोक दिया। प्राइवेट मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने सुबह 8 बजे मुझे फोन किया और कहा कि हम दबाव में हैं, आखिर किसका दबाव? ममता बनर्जी का दबाव, ममता की पुलिस का दबाव या ममता के गुंडों का दबाव।'

टीएमसी ने ममता बनर्जी के बयान का किया बचाव

दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामले पर सीएम ममता बनर्जी के कथित बयान पर मचे बवाल के बीच टीएमसी बचाव की मुद्रा में है। टीएमसी के नेता कुणाल घोष ने ममता बनर्जी के बयान पर जारी विवाद पर कहा, 'वे इसे तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। सीएम ममता बनर्जी ने कभी नहीं कहा कि महिलाओं को रात में बाहर नहीं जाना चाहिए। भाजपा और सोशल मीडिया बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। वह कहना चाहती थीं कि अगर किसी महिला को बाहर जाना है, तो वह जब चाहे और जहां चाहे जा सकती है। हालांकि, निजी शिक्षण संस्थानों के छात्रावासों में नियम होने चाहिए। इसका मतलब यह नहीं है कि किसी को बाहर नहीं जाना चाहिए, या सीएम ने कहा कि किसी भी महिला को रात में बाहर नहीं जाना चाहिए। उन्होंने ऐसा कभी नहीं कहा। पुलिस ने गिरफ्तारियां की हैं, जो भी करने की जरूरत है वह कर रही है।'

'बंगाल देश का सबसे असुरक्षित राज्य'

दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामले पर सीएम ममता बनर्जी के बयान के एक बयान की खूब आलोचना हो रही है। उस पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा, 'ममता बनर्जी का बयान पीड़ादायक, दुर्भाग्यपूर्ण और अपमानजनक है। लड़कियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय, ममता सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। संदेशखली हो, आरजी कर हो या अब दुर्गापुर...। एनसीआरबी के आंकड़ों ने साबित कर दिया है कि बंगाल देश का सबसे असुरक्षित राज्य है।'

'टीएमसी पिछड़ी सोच का पर्याय बनी'

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने ममता बनर्जी के बयान पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 'मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दुष्कर्म को सही ठहरा रही हैं। वे कह रही हैं कि महिलाओं को देर रात बाहर न जाएं। बंगाल की टीएमसी सरकार पिछड़ी सोच का पर्याय बन गई है।' उन्होंने कहा कि 'मैं ममता बनर्जी से पूछना चाहती हूं, वो 'मां, माटी, मानुष' के नारे लगाती हैं। लेकिन आपकी संवेदनहीनता, कुशासन और पिछड़ी मानसिकता के कारण आज बंगाल में 'मां' शर्मिंदा है, 'माटी' लहूलुहान है और 'मानुष' बदहाल है। मैं ममता बनर्जी सरकार और खुद मुख्यमंत्री से आग्रह करती हूं कि दुष्कर्म को जायज ठहराना बंद करें और पीड़िता को न्याय दिलाएं।'

महागठबंधन में सभी तैयारियां पूरी, सीट बंटवारे पर होगा जल्द फैसला: भूपेश बघेल

रायपुर/ए./नवप्रदेश। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन के सीट बंटवारे को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने कहा कि यह प्रक्रिया आज या कल तक पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा, सभी तैयारियां हो चुकी हैं, जल्द ही सीट बंटवारे का ऐलान होगा। दूसरी ओर, छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में होने वाली एसपी कॉन्फ्रेंस में कानून-व्यवस्था और नक्सलवाद पर गहन चर्चा होगी। इस कॉन्फ्रेंस में सभी एसपी, डीजी, संभागीय आईजी, कलेक्टर्स और डीएफओ शामिल होंगे। मुख्यमंत्री साय सुरक्षा प्रबंधन और विभागीय कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। इस बैठक को लेकर भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ सरकार पर निशाना साधते हुए कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में सरकार ने स्वीकार किया कि रेत चोरी हो रही है, जिसे रोकने में मुख्यमंत्री के विभाग विफल रहे हैं। भूपेश बघेल ने सवाल उठाया कि पिछले साल का धान अभी तक क्यों नहीं उठाया गया और कितना धान संग्रहण केंद्रों में बचा है, इसकी जानकारी सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही। उन्होंने कहा, सरकार ने धान उठाव और भुगतान के लिए 72 घंटे का नियम बनाया था, लेकिन इसे बढ़ाकर तीन महीने कर दिया गया। ऐसे में कलेक्टर क्या कर सकते हैं? भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की जांच एजेंसियों पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ईओडब्ल्यू और एसीबी, जो मुख्यमंत्री साय के अधीन हैं, फर्जी दस्तावेज तैयार कर विपक्ष के खिलाफ साजिश रच रही हैं। उन्होंने दावा किया कि कोर्ट में इसकी पुष्टि हो चुकी है और नोटिस भी जारी किया गया है। बघेल ने कहा, जांच एजेंसियों और न्यायालय के बीच सांठगांठ के सबूत लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत हैं। कांग्रेस नेता ने केंद्र और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी बार-बार संविधान की रक्षा की बात उठा रहे हैं। केंद्रीय एजेंसियों और चुनाव आयोग का दुरुपयोग कर विपक्ष को दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा, एजेंसियां और चुनाव आयोग भाजपा सरकार के इशारों पर चल रही है। लोगों का भरोसा केवल न्यायालय पर था और है, लेकिन न्यायालय को भी प्रभावित करने का षड्यंत्र और दुस्साहस किया गया है और ये प्रमाणित भी हो गया है।

इज़रायल-हमास जंग के खात्मे का एलान

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को इज़रायल और हमास के बीच जंग के खत्म होने का एलान कर दिया। श्री ट्रम्प ने अपने खास विमान एयर फ़ोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए युद्धविराम के टिके रहने पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा, मुझे लगता है कि यह जारी रहेगा। इसके जारी रहने के कई कारण हैं।

बिहार चुनाव: साहेबपुर कमाल रहा राजद का गढ़, एनडीए की टिकी नजर

बेगूसराय(आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक पार्टियां एक-एक सीट के लिए जोर-आजमाइश में लगी हैं। ऐसे में बेगूसराय जिले की साहेबपुर कमाल विधानसभा सीट भी काफी महत्वपूर्ण है। यह सीट बेगूसराय के सात विधानसभा क्षेत्रों, चेरिया बरियारपुर, बछवाड़ा, तेघरा, मटिहानी, साहेबपुर कमाल, बेगूसराय और बखरी , में से एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह गंगा नदी के किनारे बसा कृषि प्रधान क्षेत्र है। चावल, गेहूं और मक्का की खेती यहां की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जो पीढ़ियों से चली आ रही है। बाढ़ और सिंचाई की कमी चुनौतियां बनी हुई हैं, लेकिन 2022 में स्वीकृत नदी पुल परियोजना से उम्मीदें जगी हैं। भौगोलिक रूप से यह रेल और सड़क से जुड़ा है। जिला मुख्यालय बेगूसराय 30 किमी, खगड़िया 20 किमी, समस्तीपुर 30 किमी और पटना 120 किमी दूर है। बरौनी औद्योगिक क्षेत्र की निकटता के बावजूद, 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। राजनीतिक रूप से साहेबपुर कमाल बिहार की नई विधानसभा सीटों में शुमार है। इसकी स्थापना 2008 के परिसीमन के बाद हुई। यह बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र में है। 2010 के पहले चुनाव में जनता दलने जीत दर्ज की, लेकिन उसके बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने 2014 के उपचुनाव समेत तीन बार कब्जा जमाया।

'जहां मेरा घर था, वहीं बारिश की': उपेंद्र कुशवाहा

पटना(आईएएनएस)। बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में विधानसभा चुनाव को लेकर सीट बंटवारे की घोषणा कर दी गई है। इस बीच सहयोगी पार्टियों के दर्द भी सामने आ रहे हैं। एनडीए की सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने सोमवार को एक्स पर एक शायरी पोस्ट की है। लोग इसे उनकी नाराजगी से जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि, उन्होंने अपने आशियां बसाने की भी बात कही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने सोशल नेटवर्किंग एक्स पर पोस्ट किया, ÷आज बादलों ने फिर साजिश की, जहां मेरा घर था, वहीं बारिश की। अगर फ्लक को जिद है बिजलियां गिराने की, तो हमें भी जिद है वहीं पर आशियां बसाने की। इससे पहले भी उन्होंने एक पोस्ट के जरिए सीट बंटवारे को लेकर अपनी नाराजगी जताई है। रविवार की शाम उन्होंने अपने मित्रों और साथियों को संबोधित करते हुए पोस्ट करते हुए लिखा, ÷प्रिय मित्रों/साथियों, आप सभी से क्षमा चाहता हूं। आपके मन के अनुकूल सीटों की संख्या नहीं हो पाई।

उम्मीदवारों के एलान से पहले फिर पलटे मांझी

पटना। बिहार में एनडीए गठबंधन के बीच सीटों का बंटवारा तय हो गया है. बंटवारे के बाद कुछ सहयोगी दल अपनी नाराजगी भी जाहिर कर रहे हैं. हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने सीट बंटवारे के तुरंत बाद कहा था कि उन्होंने अपनी पार्टी के लिए 15 सीटों की मांग की थी, लेकिन उन्हें 6 सीटें दी गई हैं. इसके बावजूद वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पूरी तरह हैं और इस फैसले से संतुष्ट हैं।

जीतन राम मांझी के इस बयान के बाद लग रहा था कि एनडीए में सीट बंटवारा शांतिपूर्वक हो गया है. रविवार शाम को एनडीए के सभी बड़े नेताओं ने एक जैसा ट्विट किया था. सभी नेताओं ने लिखा था, ह्लङ्क में बेहद सौहार्दपूर्ण तरीके से सीटों का बंटवारा हो गया है।

लेकिन, इसके बाद मंझी ने कहा कि 6 सीट देकर हमें कम आंका गया है. इसका खामियाजा ह्लङ्क को भुगतना पड़ सकता है. मांझी के इस बयान ने ह्लङ्क के भीतर के मतभेद को हवा दी. विपक्ष के नेता इस पर चुटकी लेने लगे. अब मांझी ने कहा है कि उनकी पार्टी को जितनी सीट मिली है, वो उसी में संतुष्ट हैं।

मांझी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के समय भी उनकी पार्टी को दो लोकसभा और एक राज्यसभा सीट देने की बात हुई थी, लेकिन मिली सिर्फएक. इसके बावजूद उनकी पार्टी एनडीए गठबंधन का हिस्सा बनी रही. उन्होंने कहा कि उन्हें पीएम मोदी पर पूरा भरोसा है, क्योंकि उन्होंने गया और बिहार के विकास के लिए लगातार काम किया है।

विधानसभा चुनाव | *अब एआईएमआईएम ने चुनाव लड़ने का किया ऐलान*

बिहार में 6 की जगह 32 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे ओवैसी, किसका बिगाडेंगे खेल?

पटना/ए.। आईएएमआईएम बिहार चुनाव में 32 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया है. ओवैसी ने पहले महागठबंधन में शामिल होने की इच्छा जताई थी, लेकिन जवाब नहीं मिलने पर वह तीसरा मोर्चा बनाने की तैयारी कर रहे हैं. 2020 में उनकी पार्टी ने 5 सीटें जीती थीं। अब 32 सीटों पर लड़ना एनडीए और महागठबंधन, खासकर राजद के वोट बैंक को प्रभावित कर सकता है। बिहार चुनाव की बिसात बिछ चुकी है बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने राज्य की 243 सीटों पर सहयोगियों के बीच सीटों के बंटवारे का ऐलान कर दिया है. कांग्रेस, राजद और लेफ्ट पार्टियों के गठबंधन महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत चल रही है, लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है, लेकिन इन दोनों गठबंधन से इतर चुनाव में थर्ड फ्रंट बनाने की तैयारी भी चल रही है।

बिहार में एनडीएमें जेडी(यू), बीजेपी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (आरएलएसपी) और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा शामिल हैं, जबकि विपक्षी महागठबंधन में आरजेडी, कांग्रेस, तीन वामपंथी दल, मुकेश सहनी की वीआईपी के साथ-साथ अन्य पार्टियां शामिल हैं। एआईएमआईएम दोनों गठबंधनों के अलावा एक तीसरे विकल्प बनाने में जुट गई है. हालांकि एआईएमआईएम ने पहले महागठबंधन में शामिल होने की इच्छा जताई थी और एआईएमआईएम की बिहार ईकाई द्वारा राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव को पत्र लिखा गया था और छह सीटों की मांग की गई थी, लेकिन राजद की ओर से कोई जवाब नहीं आया।

32 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगे

एआईएमआईएम ने इस बार 16 जिलों की 32 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है. एआईएमआईएम द्वारा 32 सीटों पर उम्मीदवार उतारने से महागठबंधन या प्रमुख गठबंधन के लिए प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा और तेज होने की उम्मीद है। पहली सूची की घोषणा करते हुए एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने कहा था कि उनकी पार्टी सीवान, दरभंगा, समस्तीपुर, मोतिहारी, नवादा, जमुई, भागलपुर, सीतामढ़ी, मधुबनी, वैशाली, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, गया, और गोपालगंज सहित कई सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी. दिलचस्प बात यह है कि इनमें से ज्यादातर सीटें वर्तमान में महागठबंधन के विधायकों के पास हैं।

पिछले चुनाव में 5 सीटों पर जीती थी आईएएमआईएम

राजद को पत्र लिखते हुए एआईएमआईएम ने कहा था कि धर्मनिरपेक्ष वोटों के बिखराव को रोकने और सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ एकजुट होने के लिए उनकी पार्टी महागठबंधन में शामिल होना चाहती है और यदि उनकी पार्टी को छह सीटें भी दे दी जाती हैं, तो वह उन पर चुनाव लड़ेंगे, लेकिन राजद की ओर से कोई जवाब नहीं मिलने के बाद अब एआईएमआईएम ने चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।

भाजपा ने सहयोगियों को घुटनों पर लाया, जदयू को किया कमजोर

पटना(आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सीट बंटवारे पर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने एनडीए के सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर तीखा हमला बोला है। आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के पोस्ट का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि भाजपा ने अपने सहयोगी दलों को उनकी हैसियत दिखाकर घुटनों पर लाने का काम किया है। भाजपा ने जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को भी बराबर का भाई बनाकर उसके बड़े भाई की भूमिका को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा, सबने देखा है कि कैसे भाजपा ने अपने सहयोगियों को कमजोर किया। जदयू, जो पहले बड़े भाई की भूमिका में थी, अब बराबरी की स्थिति में ला दी गई है। चुनाव के बाद भाजपा, जदयू को पूरी तरह खत्म करके बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी हासिल कर लेगी। इस बार चुनाव में एक बात साफ है कि एनडीए की नैया डूबने वाली है।

दिवाली पर बन रहे अति दुर्लभ योग

रायपुर/ नवप्रदेश। इस साल 20 अक्टूबर 2025, सोमवार को दिवाली का त्योहार मनाया जाएगा। इस दिवाली ग्रह-नक्षत्रों की चाल कई शुभ योग बना रही हैं। इन शुभ योगों में लक्ष्मी जी की पूजा करने से कई गुना ज्यादा फल मिलेगा। साथ ही लक्ष्मी माता की विशेष कृपा होगी।

शनि वक्री योग : इस साल दिवाली के दिन न्याय के देवता शनि वक्री स्थिति में रहेंगे। ऐसा संयोग दुर्लभ ही बनता है और इस साल यह वृष, मिथुन समेत कुछ राशियों को बंपर लाभ दे सकता है। दिवाली पर शनि की उल्टी चाल अप्रत्याशित धन लाभऔर सफलता के योग बना रही है।

हंस महापुरुष योग

दिवाली के दिन सुख-सौभाग्य के दाता देवगुरु बृहस्पति अपनी उच्च राशि कर्क में गोचर करेंगे, जिससे हंस राजयोग बनेगा। ज्योतिष के अनुसार हंस महापुरुष राजयोग अपार धन, सम्मान, ज्ञान और सफलतादायी होता है।

इन राशियों के लिए रहेंगे सबसे शुभ

दिवाली पर बन रहे ग्रह-गोचर 3 राशि वालों के लिए विशेष शुभ हैं। ज्योतिष के अनुसार ये दिवाली वृष, सिंह और कुंभ राशि के जातकों के लिए बेहद शुभ रहने वाली है।

फेस्टिव मूडः युवाओं की पहली पसंद बने बोल्ड कलर, सस्टेनेबल फैब्रिक्स

रायपुर/ नवप्रदेश। दिवाली सिर्फ रोशनी का नहीं, बल्कि रंगों और एक्सप्रेशन का त्योहार बनने जा रही है। फैशन इंडस्ट्री में इस बार फोकस है जेन जी के फेस्टिव मूड पर। वो जनरेशन जो परंपरा को भी ट्रेंडी बना देती है और कफर्ट को भी स्टाइल का हिस्सा मानती है। डिजाइनर्स का कहना है कि इस दिवाली का मंत्र है यूजन विद फ्रीडम यानी क्लासिक लुक में बोल्ड एक्सपेरिमेंट का तड़का। राजधानी के ब्रांडेड स्टोर रूम के डिजाइनर्स की मानें तो इस सीजन का कलेक्शन जेन जी की एनेर्जेटिक और एक्सपेरिमेंटल सोच को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। डिजाइनर्स ने एमराल्ड ग्रीन, मस्टर्ड येलो, यूशिया और फायरी ऑरेंज जैसे जीवंत रंगों पर फोकस किया है जो नई पीढ़ी की एनर्जी को दर्शाते हैं। साथ ही मेटालिक एक्सेंट्स, बोल्ड बेल्ट्स और चंकी स्नीकर्स जैसे

तत्व फेस्टिव ड्रेसेजको स्ट्रीट-रेडी लुक दे रहे हैं। सस्टेनेबल फैब्रिक्स, ऑर्गेनिक कॉटन और हैंडलूम को प्राथमिकता दी गई है। कलेक्शन का लगभग 20त हिस्सा ऐसे वर्सेटाइल पीसेज का है जो दिवाली पार्टी से लेकर कॉफी रन तक फिट बैठते हैं।

ऑफलाइन चार्म

जेन जी के लिए शॉपिंग अब सोशल मीडिया का एक्सटेंशन बन चुकी है। वे इंस्टाग्राम से डिस्कवर करते हैं, व्हाट्सऐप से पूछते हैं और क्यूआर कोड स्कैन करके खरीद लेते हैं। ब्रांड्स ने इस आदत को पहचानते हुए लाइव शॉपिंग सेशन और इन-स्टोर डिजिटल इंफो जैसे फीचर जोड़े हैं। नतीजा ऑनलाइन की स्पीड और ऑफलाइन का एक्सपीरियंस, दोनों एक साथ।

फैशन का 'माइंडशिट'

जेन जी जेंडर-न्यूट्रल और मिनिमल डिजाइन्स को अपनाकर खुद को सच्चे मायनों में एक्सप्रेस कर रही है। यूनिसेक्स कुर्ता सेट्स, बॉक्सी ब्लेजर्स और धोती पैंट्स जैसे कपड़े अब उनकी अलमारी का हिस्सा हैं। वे वही पहनना चाहते हैं जो कफर्ट और आइडेंटिटी दोनों को साथ लाए। लोकल आर्टिसन्स को सपोर्ट करने वाले सस्टेनेबल फैब्रिक्स इस पीढ़ी के लिए नया लक्जरी हैं।

फिजिटल एक्सपीरियंस

ब्रांड्स अब ऑनलाइन-ऑफलाइन के बीच की दीवार तोड़ रहे हैं। फिजिकल + डिजिटल अप्रोच अपनाई गई है। वर्चुअल ट्राय-ऑन, लाइव वीडियो डेमोज और इन्लुएंसर-ड्रिवन शॉपिंग गाइड्स ने खरीदारी को सोशल एक्टिविटी बना दिया है। स्टोर्स में लगाए गए इंटरएक्टिव एआर मिरर्स और पॉप-अप जोन्स से जेन जी के लिए शॉपिंग एक मजेदार इवेंट बन चुकी है। सबसे ज्यादा चर्चा में हैं यूजन लहंगा स्कर्ट्स विद बॉबर जैकेट्स या क्रॉप्ड हूडिज। इन्हें जेन जी ने यूथफुल रीइंटरप्रिटेशन ऑफ ट्रेडिशन कहा है। हैश टैग देशी कोचेला ट्रेंड के तहत सोशल मीडिया पर इसे 50त ज़्यादा मेंशन्स मिले हैं।

फैशन का नया फॉर्मूला

पंडरी स्थित शो रूम के फैशन एक्सपर्ट की पसंद अब साफ तौर पर मॉडर्न-यूजन की ओर झुक रही है। साड़ी विद स्नीकर्स, कुर्ता ओवर जींस या लहंगा विद डेनिम जैकेट ये एक्सपेरिमेंट अब स्टाइल स्टेटमेंट बन चुके हैं।

न्यूज गैलरी

मोतीलाल साहू ने जोन 9 में की कार्य समीक्षा, दीवाली से पहले सुधार के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने नगर निगम जोन 9 के कार्यालय में आयुक्त विश्वदीप, जोन अध्यक्ष गोपेश साहू, एमआईसी सदस्य खेम कुमार सेन, पार्षद प्रभा विश्वकर्मा, रेणु जयत साहू, सावित्री धीवर, देवदत्त द्विवेदी, मोहन कुमार साहू, अपर आयुक्त कृष्णा खटीक, प्रभारी अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता अशुल शर्मा, शरद ध्रुव, प्रभारी कार्यपालन अभियंता विद्युत संदीप शर्मा और स्वच्छ भारत मिशन सहायक नोडल अधिकारी योगेश कडु की मौजूदगी में बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने जोन के कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मोतीलाल साहू ने दीवाली से पहले प्रधानमंत्री आवास योजना और बीएसयूपी योजना के आवासीय परिसरों में सफाई, पेयजल और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को प्राथमिकता के साथ सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने सड्डू में पेयजल संकट के समाधान के लिए नया जलागार निर्माण का प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने को कहा। इसके अलावा, जोन क्षेत्र के सभी तालाबों, उद्यानों और मुक्तिधामों को सुव्यवस्थित और विकसित करने की योजना तैयार करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

प्रोजेक्ट सुरक्षा के तहत शासकीय कर्मचारियों को मिला जीवनरक्षक प्रशिक्षण

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशन में जिला प्रशासन रायपुर एवं रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा रायपुर के संयुक्त प्रयास से ÷प्रोजेक्ट सुरक्षा÷ कार्यक्रम के अंतर्गत महत्वपूर्ण जीवनरक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण संपन्न हुआ। ÷प्रोजेक्ट सुरक्षा÷ कार्यक्रम के अंतर्गत आज मल्टीलेवल पार्किंग कलेक्ट्रेट, चौथा फ्लोर रायपुर में 26 सहायक शिक्षकों को प्राथमिक उपचार किट के उपयोग और सीपीआर तकनीक का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा रायपुर के सहायक प्रबंधक श्री देवप्रकाश कुर्रे ने प्रशिक्षण का संचालन करते हुए आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षक तकनीकों की महत्ता को समझाया। उन्होंने सीपीआर की विस्तृत विधि का व्यवहारिक प्रदर्शन किया। साथ ही यह बताया कि कैसे सांस रुकने या हृदय गति बंद होने जैसी गंभीर स्थितियों में समय रहते सही तरीके से दी गई सहायता किसी व्यक्ति की जान बचा सकती है।

भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बना विधानसभा का नया भवनः अरुण साव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्योत्सव पर करेंगे लोकार्पण

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने सोमवार को नवा रायपुर में निर्माणाधीन छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन के अंतिम दौर के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान इसके लोकार्पण की तैयारियों का भी जायजा लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 1 नवम्बर को राज्योत्सव के मौके पर विधानसभा के नए भवन का लोकार्पण करेंगे। आधुनिक व सर्वसुविधायुक्त इस भवन में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा की झलक दिखाई देगी। विधानसभा के सदन की सीलिंग में धान की बालियां उकेरी गई हैं। सदन के भीतर के ज्यादातर फर्नीचर बस्तर के शिल्पियों द्वारा बनाए गए हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने विधानसभा के नवनिर्मित संपूर्ण परिसर का भ्रमण कर अंतिम चरण के कार्यों को देखा और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यहां स्थापित एयर कंडीशनिंग चीलर प्लांट का भी अवलोकन किया। श्री साव ने कहा कि नवीन विधानसभा भवन सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसे तीन सेक्टरों में विभाजित कर बनाया गया है। भवन के सिविल कार्य पूर्ण हो चुके हैं। फिनिशिंग कार्य भी अंतिम चरण में हैं। दीपावली के बाद शिफ्टिंग का काम शुरू कर दिया जाएगा। श्री साव ने कहा कि आगामी 1 नवम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। राज्योत्सव के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों से विधानसभा के नए भवन का लोकार्पण होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ नित नवीन आयाम तय कर रहा है। विधानसभा का यह नवनिर्मित भवन छत्तीसगढ़ के इतिहास में बहुमूल्य उपलब्धि होगी।

सीलिंग पर उकेरी गई धान की बालियां

सीलिंग पर धान की बालियां उकेरी गई हैं। इस नए भवन में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा की झलक दिखेगी, जहां छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं के अनुरूप फैसलों को आकार मिलेगा। श्री साव द्वारा विधानसभा परिसर के निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह और प्रमुख अभियंता श्री वी.के. भतपहरी सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

राज्योत्सव की तैयारियों का भी किया निरीक्षण

उप मुख्यमंत्री ने नए विधानसभा परिसर का अवलोकन करने के बाद नवा रायपुर स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर पहुंचकर राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

टेंट से शुरू हुआ छत्तीसगढ़ विधानसभा

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 साल पहले वर्ष 2000 में रायपुर के राजकुमार कॉलेज में टेंट से शुरू हुए छत्तीसगढ़ के विधानसभा को खुद का भव्य भवन मिलने जा रहा है। नवीन विधानसभा भवन सर्वसुविधायुक्त, सुसज्जित तथा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसे अगले 50 वर्षों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। भविष्य में पेपरलेस विधानसभा संचालित हो सके, इसका भी ध्यान रखा गया है। सदन के भीतर के ज्यादातर फर्नीचर बस्तर के शिल्पकारों द्वारा तैयार किए गए हैं।

सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे पर सेलिब्रेशन

रायपुर/ नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के सेंट जेवियर्स हाईस्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे धूमधाम से मनाया गया। स्कूल परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल छा गया। इस आयोजन की शुरुआत एक मधुर प्रार्थना गीत के साथ हुई, जिसने दिन के लिए एक शांत और सम्मानजनक माहौल स्थापित किया।इसके बाद मॉन्टेसरी और प्राइमरी छात्रों ने विशेष प्रदर्शन प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य और गीतों के माध्यम से उन्होंने अपने प्यार को व्यक्त किया, जिसने दर्शकों को गहरे तक प्रभावित किया। दिन को और भी रोचक बनाने के लिए मजेदार खेल और गतिविधियां आयोजित की गईं, जिन्होंने दादा-दादी के बीच बच्चों जैसी खुशी को उजागर किया।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर अवैध रेत खनन पर त्वरित कार्रवाई

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार रायपुर

जिले में अवैध रेत खनन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने आरंग ब्लॉक के ग्राम गुदगुदा में बड़ी कार्रवाई की।कार्रवाई के दौरान टीम ने अवैध रेत उत्खनन करने पर 2 बोट एवं 2 चैन माउंटेन मशीन जब्त की। यह कार्रवाई आरंग एसडीएम श्रीमती अभिलाषा पैकरा के नेतृत्व में नायब तहसीलदार श्री जी.एन. सिदार, राजस्व अमला तथा खनिज अधिकारी श्री हेमंत क्षेरपा एवं उनकी टीम द्वारा की गई।

यूरोलॉजी जागरूकता दिवस पर मूत्र रोगों के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

यूरोलॉजिस्ट नेशनल मेडिकल कमिशन (एनएमसी) द्वारा मान्यता प्राप्त सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर होते हैं

रायपुर/ नवप्रदेश। यूरोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा हर साल 13 अक्टूबर को यूरोलॉजी जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य आम लोगों को मूत्र संबंधी बीमारियों के बारे में जागरूक करना और समय पर योग्य यूरोलॉजिस्ट से परामर्श व उपचार लेने के लिए प्रेरित करना है। आज के दौर में इंटरनेट क्रांति के बावजूद लोगों में जागरूकता की कमी है। मूत्र पथ के संक्रमण से लेकर प्रोस्टेट कैंसर और गुर्दे की पथरी जैसी जटिल बीमारियां जीवन को प्रभावित कर सकती हैं। यूरोलॉजी जागरूकता दिवस के मौके पर मूत्र रोग विशेषज्ञों ने लोगों को इन बीमारियों के प्रति शिक्षित करने में अहम भूमिका निभाई। विशेषज्ञों का कहना है कि जनता को मूत्राशय, गुर्दे, यूरेटर, प्रोस्टेट, अंडकोष और पुरुष प्रजनन तंत्र से संबंधित बीमारियों, जैसे कैंसर, पथरी, संक्रमण, रुकावट, चोट या जन्मजात रोगों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। समय पर सही उपचार के लिए योग्य यूरोलॉजिस्ट से संपर्क जरूरी है।

यूरोलॉजिस्ट नेशनल मेडिकल कमिशन (एनएमसी) द्वारा मान्यता प्राप्त सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर होते हैं, जिनके पास एमसीएच या डीएनबी यूरोलॉजी की डिग्री होती है। ये विशेषज्ञ कठोर प्रशिक्षण के बाद गुर्दे, मूत्राशय, प्रोस्टेट और अन्य अंगों से संबंधित बीमारियों का ऑपरेशन और उपचार करने में सक्षम होते हैं।

लोगों से अपील की गई कि अप्रशिक्षित या कम प्रशिक्षित व्यक्तियों से इलाज कराने के बजाय योग्य यूरोलॉजिस्ट का चयन करें। यह दिवस न केवल बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाता है, बल्कि सक्षम विशेषज्ञों की पहचान और उनके महत्व को भी रेखांकित करता है।

किसानों का मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च, 9 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन

रायपुर/ नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में सोमवार को भारतीय किसान संघ के आह्वान पर हजारों किसानों ने मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च निकाला। धान खरीद में उचित मूल्य, गन्ने के समर्थन मूल्य, बिजली बिल में छूट और अन्य लंबित मांगों को लेकर किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। उनकी 9 सूत्रीय मांगों को तत्काल पूरा करने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे किसानों को स्प्रे शाला के पास पुलिस ने रोक दिया। इस दौरान शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव मौके पर पहुंचे और किसानों को आश्वासन दिया।

मंत्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसान संगठनों से चर्चा के लिए समय मांगा है और उनकी मांगों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सिंचाई के लिए 2800 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है, और कवर्धा के गन्ना किसानों की बकाया राशि जल्द ही केबिनेट में प्रस्तावित कर भुगतान की जाएगी। हालांकि, किसानों ने केवल 4 मांगों पर प्रगति की बात को अपर्याप्त बताते हुए सभी मांगों को समयबद्ध पूरा करने की मांग की।

किसानों की प्रमुख मांगों में बिजली बिल हाफयोजना की पुनर्स्थापना, 24 घंटे कृषि पंपों को बिजली, पिछले सरकार की बकाया राशि का भुगतान, धान खरीद में 3100 रुपये समर्थन मूल्य में 186 रुपये की वृद्धि, 1 नवंबर से 15 फरवरी तक धान खरीद, खाद की कालाबाजारी पर रोक, सिंचाई रकबा बढ़ाने, गन्ना फसल को 500 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य, और जैविक खेती के लिए अनुदान शामिल हैं।

30-35 साल के युवाओं का भी हो रहा हिप रिप्लेसमेंट

रायपुर/ नवप्रदेश। शराब की लत युवाओं के कूल्हे की हड्डियां तोड़ रही हैं। यही कारण है कि 30 से 35 साल के लोगों की भी हिप-नी रिप्लेसमेंट सर्जरी करनी पड़ रही है। शराब से लिवर भी खराब हो रहा है। हड्डी रोग विशेषज्ञों के अनुसार अल्कोहल हिप की जोड़ को बुरी तरह खराब करता है। लंबे समय तक व नियमित शराब पीने वालों को हिप रिप्लेसमेंट कराने की जरूरत पड़ रही है। इसके अलावा उनके पास और कोई चारा नहीं रहता।

हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी पहले उम्रदराज या 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का किया जाता था। ज्यादातर मामलों में सड़क दुर्घटना या सिकलसेल जैसी जेनेटिक बीमारी वाले मरीजों को कूल्हे की हड्डी बदलने की जरूरत पड़ती थी। डॉक्टरों के अनुसार अब शराब ने हिप रिप्लेसमेंट कराने वाले लोगों की संया बढ़ा दी है। खासकर सड़क दुर्घटना में हिप व की हड्डी फ्रैक्चर हो जाती है। इस कारण भी हिप रिप्लेसमेंट की जरूरत पड़ती है। अब इसके उलट ज्यादा शराब पीने वाले युवाओं को ये सर्जरी करानी पड़ रही है।

हड्डी रोग विशेषज्ञों के अनुसार ये लत कई लोगों पर भारी पड़ रही है। जहां परिवार का सुख-चैन तो छीन ही रहा है, ऑपरेशन व दवाओं का खर्च भी लोगों को भारी पड़ रहा है।

शराब की लत ने बढ़ाए मरीज

शराब की लत ने सरकारी व निजी अस्पतालों में लिवर खराब होने, ब्रेन हेमरेज, ब्रेन स्ट्रोक, हार्ट अटैक, पैंक्रियाइटिस व कार्डियो वेस्कुलर के मरीजों की संख्या बढ़ा दी है। पांच साल पहले की तुलना में एल्कोहलिक मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। आंबेडकर अस्पताल के मेडिसिन विभाग में ऐसे 20 से 22 फीसदी मरीज हमेशा भर्ती रहते हैं। शराब से जिनकी सेहत खराब हो रही है, उन मरीजों में कोई क्षेत्र विशेष के लोग शामिल नहीं है, बल्कि इसमें शहरी व ग्रामीण दोनों तरह के हैं। आंबेडकर अस्पताल के मेडिसिन विभाग में जनरल वार्ड व आईसीयू मिलाकर 180 बेड है। इसमें 35 से 40 मरीज हमेशा भर्ती रहते हैं।इसमें लिवर फेल्योर, ज्यादा शराब पीने के बाद बेहोश होना व पैंक्रियाइटिस वाले मरीज होते हैं। डॉक्टरों के अनुसार ये डेटा चिंता बढ़ाने वाली है। शराब की लत से वैसे तो मुय रूप से लिवर खराब होता है, लेकिन यह ब्रेन, हार्ट व वेस्कुलर को भी बुरी तरह प्रभावित करता है।

आपसी विवाद में हत्या, मुख्य आरोपी तरुण शुक्ला सहित दो गिरफ्तार

रायपुर/ नवप्रदेश। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में जिंदल फैक्ट्री के पीछे गिट्टी खदान के खाली प्लांट में सिद्धार्थ भतपहरी की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी तरुण शुक्ला और सुभाष शर्मा को गिरफ्तार किया है। यह घटना आपसी विवाद के चलते हुई, जिसमें आरोपियों ने साक्ष्य छिपाने के लिए शव को जलाने की कोशिश की। एक अन्य आरोपी ओमप्रकाश मिश्रा फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है।

5 अक्टूबर 2025 को मिथलेश भतपहरी ने मंदिर हसौद थाने में शिकायत दर्ज की कि उनका भाई सिद्धार्थ तालाब में नहाने गया था, लेकिन लौटा नहीं। 8 अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली कि जिंदल फैक्ट्री के पीछे एक शव पड़ा है, जिसकी पहचान सिद्धार्थ के रूप में हुई। घटनास्थल के निरीक्षण में पाया गया कि सिद्धार्थ के सिर और गले पर गंभीर चोटें थीं और शव को जलाकर साक्ष्य मिटाने की कोशिश की गई थी। इसके आधार पर थाना मंदिर हसौद में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 483/25, धारा 103(1), 238(1), 3(5) बी।एन।एस। के तहत मामला दर्ज किया गया।पुलिस उप महानिरीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ। लाल उमेद सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नया रायपुर विवेक शुक्ला, क्राइम शाखा के संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक माना लंबोदर पटेल, उप पुलिस अधीक्षक क्राइम संजय सिंह, थाना प्रभारी परेश पाण्डेय और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

पुलिस और एंटी क्राइम यूनिट की संयुक्त टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ, सीसीटीवी फुटेज की जांच और मुखबिरों की मदद से आरोपियों की पहचान की।

सुविचार

इंसान के लिए हर परिस्थिति में खुश रहना बहुत सरल है लेकिन सरल बने रहना बेहद कठिन है। - अज्ञात

एनडीए में सीटों का बटवारा

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए में शामिल घटक दलों के बीच सीटों का बटवारा हो गया। इस बार बिहार में भाजपा और जदयू में से कोई भी बड़े भाई की भूमिका में नहीं होगा। बल्कि दोनों बराबरी के साथ मैदान में उतरेंगे। बिहार की 243 सीटों में से भाजपा और जदयू दोनों ही 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेगे। वहीं लोजपा को 29 सीटों दी गई है जबकि जीतन राम मांझी और उपेन्द्र कुसवाहा की पार्टी को छह छह सीटें मिली है। गौरतलब है कि लोजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान और ज्यादा सीटें चाह रहे थे लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दखल के बाद वे 29 सीटों पर संतुष्ट हो गये। इसी तरह जीतन राम मांझी भी दस से बारह सीटें चाह रहे थे लेकिन उन्हं भी छह सीटों पर संतोष करना पड़ा। एनडीए में सीटों का सुगमता पूर्वक बटवारा हो गया और इसमें शामिल नेताओं चिराग पासवान जीतन राम मांझी तथा उपेन्द्र कुसवाहा ने सीटों के बंटवारे पर संतुष्टी जाहिर की है। इधर आईएनडीआईए में अभी भी सीटों के बटवारे को लेकर पेंच फंसा हुआ है और महागठबंधन में शामिल लगभग आधा दर्जन पार्टियों के बीच रस्सा कसी चल रही है। महागठबंधन में सीटों के बटवारे का फॉर्मूला अभी तक तय नहीं हुआ है लेकिन उसके नेता एनडीए में हुए सीटों के बंटवारे को लेकर टिका टिप्पण कर रहे हैं। पप्पू यादव ने बयान दिया है कि एनडीए में हुए सीटों के बटवारे से यह साफ संकेत मिल गये हैं कि विधानसभा चुनाव के बाद नीतीश कुमार को किनारे कर दिया जाएगा। और यदि एनडीए को बिहार में बहुमत मिल गया तो भाजपा चिराग पासवान की पार्टी लोजपा के साथ मिलकर अपना मुख्यमंत्री बना लेगी। महागठबंधन में शामिल अन्य दलों के नेता भी एनडीए में हुए सीटों के बंटवारे को लेकर इसी तरह की अनरगल बयानबाजी कर रहे हैं जिनका उद्देश्य यह है कि एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर असंतोष उपजे और इसका महागठबंधन को चुनाव में लाभ मिले। किन्तु एनडीए में जिस तरह बगैर किसी विवाद के सरलतापूर्वक सीटों का बंटवारा हो गया है और इस पर किसी भी पार्टी ने कोई असंतोष जाहिर नहीं किया है उसका आश्य स्पष्ट है कि एनडीए पूरी तरह एकजूट है और वह इसी एकजुटता के साथ बिहार विधानसभा चुनाव के दंगल में ताल ठोंकने जा रही है। अब देखना होगा कि महागठबंधन में किस तरह सीटों का बंटवारा होता है और किसके हिस्से में कितनी सीटें जाती है। वैसे अब महागठबंधन में भी सीटों के बटवारे को लेकर कोई भी दल दबाव बनाने की स्थिति में नहीं है क्योंकि एनडीए में सीटों का बंटवारा हो चुका है इसलिए अब किसी भी असंतुष्ट पार्टी का एनडीए में शामिल होना असंभव है किन्तु महागठबंधन में शामिल दलों में अभी भी कई विकल्प खुले हुए हैं क्योंकि असदुद्दीन ओवैसी भी तीसरा मोर्चा बना रहे हैं। ऐसे में महागठबंधन में शामिल छोटे दलों के नेता यदि अंतुष्ठ होते हैं तो वे ओवैसी के तीसरे मोर्चे में जा सकते हैं। प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज के रूप में भी उनके सामने एक और विकल्प खुला हुआ है।

पी. चिदंबरम का फिर कांग्रेस पर हमला

पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी.चिदंबरम ने एक बार फिर गड़े हुए मुर्दे उखाड़ते हुए कांग्रेस पर हमला किया है। उन्होंने कहा है कि आपरेशन ब्लू स्टार चलाने का निर्णय गलत था और तात्कालीन प्रधानमंत्री इंदरा गांधी ने गलत फैसला लिया था। पी. चिदंबरम के इस बयान के बाद फिर से राजनीतिक माहौल गरमा गया है और भाजपा ने पी.चिदंबरम के बयान को लेकर कांग्रेस को घेरना शुरू कर दिया है। भाजपा नेताओं के मुताबिक कांग्रेस पार्टी की इतिहास में की गई गलतियां अब उन्हीं के नेता उजागर कर रहे हैं। पी.चिदंबरम ने यह टिप्पणी पत्रकार हरिंदर बावेजा की किताब पर चर्चा के दौरान कही थी उन्होंने कहा था कि आपरेशन ब्लू स्टार एक गलत तरीका था और तात्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई थी। पी. चिदंबरम के इस बयान पर तिखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता रासिद अलवी ने कहा है कि पी.चिदंबरम पता नहीं क्यों कांग्रेस की फजीहत कराने पर तुले हुए हैं। हाल ही में पी.चिदंबरम ने 26/11 मुंबई हमलों को लेकर भी यह बयान दिया था कि अमेरिका के दबाव में आकर भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ बदले की कार्यवाही नहीं की थी। पी.चिदंबरम जिस तरह लगातार पार्टी लाइन से बाहर जाकर विवादास्पद बयानों के जरिए सियासी बवाल खड़ा कर रहे हैं उसे देखते हुए अब कांग्रेस में उन्हें पार्टी से बाहर करने की मांग उठने लगी है।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ दुख बांटने के लिए पश्थ्वी पर नहीं आए हैं; हम मुस्कुराहट, आनंद, हंसी और प्रेम को निरंतर बांटने आए हैं इस पश्थ्वी पर और वही स्वीकार करने आए हैं। जो मुस्कुरा रहा हो उसे स्वीकार करो, जो आहलाद में हो उसे स्वीकार करो।

❖ दुख बांटने की चीज होती है - कितनी गलत अवधारणा है! उसे अजी सुख बांटने की चीज है ! अजी मुस्कुराहट बांटने की चीज है!

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1774 पहले महाद्वीपीय कांग्रेस ने औपनिवेशिक अधिकारों की घोषणा फिलाडेल्फिया में की। 1882 पंजाब विश्वविद्यालय आधुनिक पाकिस्तान में स्थापित किया गया। 1884 अमेरिका में 'गदर पार्टी' के संस्थापक लाला हरदयाल का दिल्ली में जन्म हुआ। 1913 ब्रिटेन के दक्षिण वेल्स स्थित यूनिवर्सल कोयले की खदानों में विस्फोट से 439 लोगों की मौत हो गई। 1931 मैनुअल अज़ाना स्पेन के प्रधान मंत्री बने। 1938 सबसे अधिक उत्पादित अमेरिकी लड़ाकू विमानों में से एक, कर्टिसपी -40 वॉरहॉक ने बफेलो, न्यूयॉर्क में अपनी पहली उड़ान भरी। 1952 संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक पहली बार न्यूयॉर्क के मौजूदा मुख्यालय में हुई। 1981 होस्नी मुबारक को मिस्र का राष्ट्रपति चुना गया था, एक सप्ताह बाद अनवर सादात की हत्या कर दी गई थी। 1988 अमेरिका ने नेवाडा में परमाणु परीक्षण किया। 2000 संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा पाक समेत 22 देशों में अपने दूतावास बंद किये।

राष्ट्रभक्ति जगाती रहेगी संघ की सक्रियता व जीवंतता

शांतनु शुक्ला

> संघ के संस्थापक हेडगवार खुद स्वतंत्रा सेनानी थे, उन्होंने कई सालों तक अंग्रेजी सरकार के दौरान जेल में बितायी थी। उन्होंने कई आंदोलनों में हिस्सा लिया था और अंग्रेजों का कोपभाजन बने थे। जब कांग्रेस मुस्लिम मुखी हो गयी, जब कांग्रेस पर मुस्लिम करण हावी हो गया, जब बंदे मातरम और जन गण मन की देशभक्ति कमजोर हो गयी, जब कांग्रेस भी जिन्ना समर्थक अपने नेताओं के सामने झुक गयी तब हेडगावार ने कांग्रेस छोड दी और राष्ट्र की सक्षमता और अखंडता की सोच में डूब गये। इसी सोच से उन्होंने संघ की स्थापना की थी। संघ मातृभूमि का प्रणाम करता है, संघ मातृभमि को मा मानता है और भारत भूमि को भारत माता कहता है।

राष्ट्रीय स्वयं संघ के सौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक डाकटिकट जारी किया है, यह एक सम्मान प्रक्रिया है, सहज अभिव्यक्ति है, सत्ता का सम्मान है, जनता की जागरूकता का प्रतीक है और भविष्य की पीढी के लिए प्रेरक तत्व है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महान दृष्टि है, समर्पण है और कृतज्ञता है। डाकटिकट जारी करने के पीछे राजनीति की कोई अप्रत्यक्ष दृष्टि नहीं है। ऐसे भी डाकटिकट जारी करने के पीछे तर्क और तथ्य होते है कि जिन संस्थानों का उद्देश्य समाज सेवा है, राष्ट्रसेवा है, भूख पीडितों की सेवा है, पिछडे लोगों की उन्नति है, संस्कृति उन्नयन है, देशभक्ति को समृद्ध करना है, उन्हें विकसित करना है, उन्हें आधुनिक युग की जरूरतों और आधुनिक युग की धारा में बहते जाने के लिए प्रेरित करना है उन्हें याद करना और सम्मान देना है। सिर्फसंस्थानों को ही नहीं बल्कि प्रेरक हस्तियों और बलिदानियों को भी इस तरह का सम्मान जारी हुआ है। उदाहरण के तौर पर हम महात्मा गांधी का नाम ले सकते हैं, बालगंगाधर तिलक का नाम ले सकते हैं, सरदार भगत सिंह का नाम ले सकते हैं, सरदार पटेल का नाम ले सकते हैं।

महात्मा गांधी, सरदार पटेल और बाल गंगाधर तिलक आजादी के आंदोलन की हस्तियां हैं और बलिदानी हैं।विदेशी व्यक्ति की विचारधारा पर खडी हुई कांग्रेस और अंग्रेजों की मदद करने और उन्हें सुझाव-सहायता प्रदान कर अंग्रेजी शासन को मजबूत करने के ख्याल से प्रेरित होकर सक्रियता रखने वाली कांग्रेस के उपर भी डाकटिकट जारी हो चुका है। भारत विरोधियों और हिंसक-विखंडन की मानसिकता से प्रेरित लोगों और संगठनो को भी डाकटिकट जारी हो चुका है। संघ के उपर डॉकटिकट जारी हुआ और उस पर विवाद नहीं होता? यह तो संभव ही नहीं था? क्योंकि संघ की हर क्रिया और हर प्रतिक्रिया पर विवाद होता है, रक्तरंजित शाब्दिक प्रतिक्रियाएं होती हैं, राजनीति गर्म हो जाती है। नरेन्द्र मोदी द्वारा जैसे संघ पर डाकटिकट जारी होने की घोषणा हुई वैसे ही देशद्रोही तबका उबल पडे, उनकी प्रतिक्रियाएं सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गयी। कांग्रेस के लोग आपा खो दिये, कम्युनिस्ट तो गाली-गलौज पर उतर आये, मुस्लिम तबका तो इनसे करोडों किलोमीटर आगे बढकर प्रतिक्रियाएं देने लगे। इन सभी का कहना था कि संघ एक हिंसक संगठन है, संघ एक दंगाई संगठन है, संघ एक विखंडनकारी संगठन है, संघ दलितों और पिछडों के विरोधी हैं, आदिवासियों की संस्कृति और सभ्यता को नष्ट कराया है, इसने महात्मा गांधी की हत्या करायी। नाथूराम गोडसे संघ का प्रचारक था, संघ पर डॉकटिकट जारी कर नरेन्द्र मोदी ने हिंसा और विखंडन को हवा पानी दिया है। विरोध की भाषाएं अश्लील और विभत्स थी। मूल मीडिया तो विरोधियों की अश्लील और विभत्स भाषा-शब्दों को एक तरह से नकार दिया और उचित स्थान नहीं दिया पर सोशल मीडिया में इसकी खूब चर्चा हुई, विरोधियों की अश्लील और विभत्स भाषा और शब्दों के खिलाफ प्रतिक्रियाएं खूब हुई, उन्हें भी और उनकी भाषा मे ही जवाब दिया गया। राष्ट्रभक्ति जागरूक है और सक्रिय है और प्रतिक्रियावादी भी होना सीख ली है। इसलिए यह कहना भी गलत नहीं होगा कि ऐसे तत्वों को राष्ट्रभक्ति श्रृखंलाओं ने सभ्य और सुसंस्कृत भाषा -शब्दों में जवाब भी दिया है। इसलिए सोशल मीडिया पर विरोधी तत्वों को जवाब मिला और उनकी राष्ट्रवादी संगठनों की छवि धूमिल करने और राष्ट्रवादी शक्ति से प्रेरित संगठनों को अपनी तीखी और खतरनाक प्रतिक्रियाओं का शिकार करने के कुविचार का कोई खास असर नहीं पडा। जनमत तो संघ और नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा में सक्रिय है।

खासकर कांग्रेस को अपना आईना देखना चाहिए। उसका आईना भुतहा है, हिंसक है, देशद्रोही भी है और दंगाई भी है। कांग्रेस ने अपने शासन काल में किन-किन लोगों को डॉकटिकट से सम्मानित किया है? अगर आप इसकी सूची देखेंगे तो निश्चित तौर पर हैरान और परेशान होंगे, सिर्फइतना ही नहीं बल्कि आप दांतों तले उंगलियां दबाने के लिए मजबूर हो जायेंगे? देशद्रोहियों और भारत विखंडन कारियों पर कांग्रेस ने डॉकटिकट जारी किया था। उदाहरण एक नहीं बल्कि अनेक है, यहां पर दो-चार उदाहरण है। भारत विभाजन की नींव रखने वाले और पाकिस्तान के जन्मदाता मुहम्मद इकबाल को भी कांग्रेस के राज में डाक टिकट जारी कर सम्मानित किया गया था। मुहम्मद इकबाल एक शायर था। उसने सारे जहां से अच्छा हिन्दोत्ता हमारा गाया था, इस गान से उसने बहुत ज्यादा वाह-वाहियां लूटी थी। पर जब उस पर इस्लाम का पागलपन सवार हुआ तो उसने गाया था कि हम हैं मुस्लमां और सारा जहां हमारा। उसके इस कथन का अर्थ था कि पूरी दुनिया सिर्फ मुसलमानों की ही है और अन्य धर्मो के लिए कोई जगह नहीं है, इस्लाम का सार भी यही है। इस्लाम कहता है कि यह धरती, यह आसमान सिर्फ मुसलमानों का है, बाकी शेष काफिर हैं। काफिरों की हत्या करने का आदेश इस्लाम देता है।

सिर्फ इतना ही बल्कि इकबाल ने पाकिस्तान की अवधारणा को जन्म दिया था और मुसलमानों के लिए अलग देश की मांग की थी, इकबाल ने कहा था कि हिन्दू और मुस्लिम दो कॉम हैं, दोनों साथ नहीं रह सकते हैं, हिन्दू आठ सौ साल तक मुसलमानों का गुलाम रहे हैं, इसलिए अंग्रेजों के जाने के बाद और आजादी मिलने के बाद भारत में लोकतंत्र उत्पन्न होगा, बहुसंख्यक हिन्दुओं की सत्ता स्थापित होगी। इस संबंध मे एक भाषण और पाकिस्तान की रूप-रेखा उसने अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय में प्रस्तुत किया था जिन्हें जिन्ना ने आगे बढाया था।जिन्ना के साथी और मुस्लिम लीग के नेता इस्लमाइल पर 1988 में राजीव गांधी ने डॉकटिकट जारी कर उसे सम्मानित किया था। इस्लमाइल ने पाकिस्तान की स्थापना के लिए जिन्ना के साथ लंबी लडाई लडी थी पर वे पाकिस्तान नहीं गये और भारत को भी इस्लामिक देश बनाने के लिए लडते रहे थे। दारूल उलूम जमाते इस्लामी के संस्थापक हुसैन मदनी को मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी की सरकार ने डाक टिकट जारी कर सम्मानित किया था।

बाधाओं से भरी दुनिया में भारत की लंबी छलांग

हरदीप एस. पुरी

जब पूरे भारत में दीप जलते हैं, तो रामायण का एक अमर दृश्य आज के समय से संवाद करता है। हनुमान जी अपने बल पर संदेह करते हुए सागर के किनारे खड़े हैं, जब तक कि जाम्बवंत उन्हें यह याद नहीं दिलाते कि वह ताकत तो पहले से ही उनके भीतर है। उसके बाद जो छलांग लगती है, वह कोई चमत्कार नहीं बल्कि आत्मविश्वास का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यही आत्मविश्वास भारत की अर्थव्यवस्था में जगाने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि भारत अपनी भीतरी शक्ति के सहारे वैश्विक चुनौतियों को पार कर सके। जैसे-जैसे दुनिया नई वीजा बाधाओं और शुल्कों के साथ सिमट रही है, तब मोदी के नेतृत्व में भारत अपने आत्मविश्वास को दुनिया के सामने ला रहा है। भारत विपरीत परिस्थितियों को आगे बढ़ने की ताकत में बदल रहा है।

> इस पूरी कहानी के केंद्र में लोग ही हैं। हमारा प्रवासी भारतीय समुदाय, जो 3.2 करोड़ से अधिक है, दुनिया के सबसे सफल और सम्मानित समुदायों में से एक है। आज फार्च्यून 500 की 11 कंपनियां ऐसे भारतीय मूल के सीईओ के नेतृत्व में हैं, जिनका संयुक्त मार्केट कैपिटलाइजेशन 6 ट्रिलियन डॉलर से भी ज़्यादा है। उनकी यात्रा नए भारत की आकांक्षाओं को दर्शाती है- कुशल, आत्मविश्वासी और समाधान केंद्रित। साल 2024 में 135 अरब डॉलर की रक़म के रूप में आए धन प्रेषण सिर्फ़आर्थिक प्रवाह नहीं हैं। वे भारत पर विश्वास का प्रतीक हैं।

हाल के महीनों में, अमेरिका ने नए एच-1बी वीज़ा आवेदनों पर 1,00,000 डॉलर की फ़ीस और ब्रांडेड व पेटेंट वाली दवाओं के आयात पर 100त्न शुल्क लगाया है। इन कदमों को रोज़गार सुरक्षा के नाम पर लिया गया बताया गया, लेकिन इसके पीछे एक गहरी चिंता छिपी है। यह है विकसित देशों में बढ़ता संरक्षणवाद और जनसंख्या से जुड़ी असुरक्षा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने इसका जवाब तीन ऐसे स्तंभों को मज़बूत बनाकर दिया है, जिन्हें कोई भी शुल्क प्रभावित नहीं कर सकता- पैमाना (स्केल), कौशल (स्किल) और आत्मनिर्भरता (सेल्फरिलायंस)।

दुनिया से भारत का अंतर बहुत साफदिखाई देता है। चीन की आबादी तेज़ी से बूढ़ी हो रही है। वहां की औसत आयु अब 40 साल से ज़्यादा हो गई है, जबकि भारत में यह 29 साल से कम है। हमारे दो-तिहाई लोग 35 साल से कम उम्र के हैं। इस युवा ऊर्जा को जब कौशल, शिक्षा और उद्यमिता के ज़रिए सही दिशा दी जाती है तो वो भारत को विश्व अर्थव्यवस्था का ÷विकास इंजन÷ बनाती है। जब वैश्विक संस्थाएं बताती हैं कि पिछले साल दुनिया की कुल आर्थिक वृद्धि में भारत का योगदान 16त्न से ज़्यादा था, तो यह कोई नारा नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले एक दशक के सुधार, निवेश और बुनियादी ढांचे के निर्माण का परिणाम है।

हाल के आंकड़े इस रफ्तार को और पुख्ता करते हैं।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026 के लिए भारत की जीडीपी अनुमान को बढ़ाकर 6.8त्न किया है। इसके पीछे कारण बताए गए हैं- मज़बूत घरेलू मांग, स्थिर निवेश प्रवाह और अच्छे मानसून की उम्मीद। सितंबर में जीएसटी संग्रह 1.89 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह लगातार नौवां महीना है जब संग्रह 1.8 लाख करोड़ रु. से ज़्यादा रहा। यह दर्शाता है कि देश में खपत बढ़ रही है और टैक्स का दायरा भी फैल रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो लगभग 11 महीनों के आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त है। वहीं जून तिमाही में विदेशी धन प्रेषण 33.2 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल की तुलना में काफी अधिक है। मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 57.7 और सर्विस सेक्टर पीएमआई 60.9 पर स्थिर रहा, जो यह फिर साबित करता है कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह सकारात्मक रुझान बाज़ारों और सड़कों दोनों पर दिखाई दे रहा है। इस दशहरा सीज़न में खुदरा और ई-कॉमर्स बिक्री अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। उद्योग संगठनों जैसे कैट और रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार बिक्री 3.7 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई, जो पिछले साल से लगभग 15त्न ज़्यादा है। सिर्फऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर ही त्योहारों के पहले पंद्रह दिनों में 90,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा का कारोबार हुआ। सबसे ज़्यादा मांग ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सोना और कपड़ों में देखी गई। अब उम्मीद है कि दीवाली इस बार सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ देगी, जो न केवल उपभोक्ता विश्वास को दिखाता है, बल्कि सरकार के औपचारिक ऋण, डिजिटल भुगतान और ग्रामीण क्रय शक्ति बढ़ाने के लगातार प्रयासों की सफलता को भी दर्शाता है। भारत की आर्थिक नींव अब मज़बूत हो चुकी है। पिछले दस वर्षों में भारत की जीडीपी लगभग दोगुनी हो गई है और अब वह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। जल्द ही जर्मनी को पीछे छोड़ने की उम्मीद है। विदेशी मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर से अधिक है। मुद्रास्फीति नियंत्रित है, और वित्तीय अनुशासन के साथ सरकार ने रिकॉर्ड सार्वजनिक पूंजीगत निवेश किया है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

साथ तुम्हारे राजा हूँ

साथ तुम्हारे राजा हूँ मैं, बिना साथ के रंक। छद्म औपचारिकताओं का, नहीं हमारा मेल। हम दोनों तो एक हृदय हैं, जैसे तिल में तेल। हर यात्रा में साथ चल रहे, हम दोनों निःशंक।। जोड़-घटाना, गुणा-भाग कुछ, नहीं हमारे बीच। सब विपदाओं को हम दोनों, देते रहे उलीच। सभी समस्याएँ हो जातीं, पाकर हमें निरंक। मन ही मन करती हो मुझको, खुद से ज़्यादा प्यार। करवा-सी अपनी पलकों से, मुझको रोज़ निहार। तुम चकोर सी देखा करतीं अपना शुभ्र मयंक।। - **भाऊराव महंत**

उजाले में काम

उजाले में काम करके रात जल्दी सोने लगे हैं देर तक बिजली जलाने पे घर घर झगड़ा होने लगे हैं अलग अलग कमरे में बैठ चलाते थे पंखा सभी अब सभी की कुर्सियां घर मे एक ही कोने लगे हैं दाम बढ़ने के पहले कभी आते नही थे पड़ोसी रात में अब रोज आके देर तक उनके बैठने से रोने लगे हैं इच्छा तो सभी की है कि बदल दें ये सरकार अभी मगर इनके बचे समय को जबर्दस्ती हम ढोने लगे हैं।

- **संत आर थवाइत**

उड़ने की कोशिश में जब भी, भूतल

उड़ने की कोशिश में जब भी, भूतल खिसका पाँव तले तुमने दी है मुझे जमीन। देखा जितना तुमको प्रिय, उतनी हुई मैं और नवीन।। काम नहीं जो किया कभी, और चाह रही मन में करने की तुमने ही तो किया प्रवीण। जाना जितना तुमको प्रिय उतनी हुई मैं और नवीन द्वद्य ज्यों-ज्यों तुमने सीरत पहचानी, रंग-रूप सूरत पर आया तुमने ही तो किया हसीन। पाया जितना तुमको प्रिय, उतनी हुई मैं और नवीन।। - **अलका अग्रवाल**

विपक्ष के नेता के लिये उम्मीद है वेनेजुएला

विपक्ष के नेता के लिये उम्मीद है वेनेजुएला की विपक्षी नेता जिन्हे शांति का नोबेल पुरस्कार मिला। अपना वाला भी लगा है, माता के तरफसे ईषाई है हो सकता है भविष्य मे अपने वाले को भी नोबेल मिले मै तो अग्रिम बधाई दे रहा हूं। - **एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

जीवन के दिन चार बस, चलें प्रेम की राह

जीवन के दिन चार बस, चलें प्रेम की राह। है अनमोल रतन यही बाकी जग मे दाह । बाकी जग मे दाह कह गई मीरा राधा । प्रेम ही सदा निदान, जगत इसके बिन आधा। निशा आज कर गान प्रेम लिखो अपने मन, चलो प्रेम के राह चार दिन है यह जीवन।। - **रानी इंदु**

कौन करता है इतनी मुहब्बत कि मर जाए

कौन करता है इतनी मुहब्बत कि मर जाए किसी के वियोग में जमाना तो नदी तले की बलुऐठी जमीन है भर जाती है तुरंत एक पत्थर के निकलते ही यहां कोई जगह कभी खाली नही रहती। - **प्रीति श्रीवस्तव**

जंगल में होने लगा,जोर-जोर से शोर

जंगल में होने लगा,जोर-जोर से शोर। भालू था दूल्हा बना,नाच रहा था मोर।। नाच रहा था मोर,कोकिला गाना गाए। बंदर पीटे ढोल,लोमड़ी बीन बजाए। आए ऊँट जिराफ,कामना करते मंगल। देख खास माहौल,खुशी में झूमा जंगल।।

- **डॉ बिपिन पाण्डेय**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपके लिए किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रहेगा।

वृषः आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथियों से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप दूसरों के मामले में बेवजह ना बोले, नहीं तो आपको बेवजह का तनाव बना रहेगा।

कर्कः आज आपको व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति से बातचीत करनी होगी। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा।

सिंहः आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों को लेकर पूरी ईमानदारी दिखानी होगी।

कन्याः व्यापार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आपको काम थोड़ा सोच समझकर करने होंगे।

तुलाः आज का दिन आपके लिए कुछ नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहने की आवश्यकता है।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी कुछ पुराने लोगों से मुलाकात होगी।

मकरः आज आपको भाई-बहनों का पूरा साथ मिलेगा। आपके प्रतिद्वंदी भी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं।

कुंभः आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है।

मीनः आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। यदि आपको किसी बात को लेकर कोई चिंता थी, तो वह भी दूर होगी।

सूर्योदय : 06:23, सूर्यास्त : 18:03, चन्द्रोदय : 23:40, चन्द्रास्त : 12:55, अयन 9 दक्षिणायन, ऋतु : शरद, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), युगाब्द (कलि संवत) : 5127, मास : कार्तिक, पक्ष : कृष्ण, तिथि : अष्टमी, नक्षत्र : पुनर्वसु, योग : सिद्ध, प्रथम करण : बव (12:24 तक), द्वितीय करण :बालव (23:41 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : कन्या, चंद्र : मिथुन, मंगल : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : कन्या (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : मीन (उदित, पश्चिम, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) हाल ही में भारतीय तटरक्षक बल के किस जहाज को सेवामुक्त कर दिया गया है?

2) झारखण्ड में जौ का सर्वाधिक उत्पादन कहाँ होता है?

3) वेदों का संकलनकर्ता किसे माना जाता है?

4) किस राज्य के मेडचल मलकजगिरी जिले के बाहरी इलाके में एक पूर्ण वृत्त के रूप में 3000 साल पुराना जियोग्लिक खोजा गया है?

5) कौन सा देश अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का नया सदस्य बन गया है?

उत्तरमाला- (1) संग्राम (2) पलामू (3) महर्षि कृष्ण द्वैपायन वेदव्यास (4) तेलंगाना (5) चिली

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -198

जिले में 14 हजार 788 श्रमिकों को 4 करोड़ 68 लाख से अधिक की राशि वितरित

■ डीबीटी के माध्यम से श्रमिकों के खातों में सीधे सहायता राशि प्रदान की

महासमुंद/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकारों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिले के श्रमिकों तक निरंतर पहुंचाया जा रहा है।

प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक परिवार को सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से श्रम विभाग द्वारा निरंतर शिविर, पंजीयन एवं जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्रों तक पहुंचाया जा रहा है। पंजीकृत मज़दूरों को शिक्षा, स्वास्थ्य, औजार सहायता, मातृत्व लाभ, मृत्यु सहायता एवं आवास जैसी अनेक योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाता है। इन योजनाओं ने हजारों निर्माण मज़दूरों के जीवन में नया उजाला फैलाया है।

कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में श्रम कल्याण मंडल द्वारा डीबीटी के माध्यम से श्रमिकों के खातों में सीधे सहायता राशि प्रदान की गई है। ताकि पारदर्शिता बनी रहे और लाभ समय पर मिले। श्रम पदाधिकारी डी.एन. पात्र ने बताया कि विगत 17 सितंबर एवं 3 अक्टूबर 2025 को डीबीटी के माध्यम से 14 हजार 788 श्रमिकों के खाते में 4 करोड़ 68 लाख 690 रुपए की राशि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा अंतरित की गई।

विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री निर्माण मज़दूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना अंतर्गत 3 हजार 443 श्रमिकों को 51 लाख 64 हजार 500 रुपए की सहायता दी गई है। इसी तरह निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी सहायता राशि योजना अंतर्गत 3005 श्रमिकों को 40 लाख 72 हजार रुपए, मुख्यमंत्री सायककल सहायता योजना अंतर्गत 2 हजार 724 श्रमिको को एक करोड़ 89 हजार 6 रुपए, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना अंतर्गत 2 हजार 629 श्रमिकों को 91 लाख 41 हजार 584 रुपए, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 2 हजार 323 श्रमिकों को 44 लाख 10 हजार 500 रुपए, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना अंतर्गत 287 श्रमिकों को 57 लाख 40 हजार

रुपए, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना अंतर्गत 150 श्रमिकों को 30 लाख रुपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना अंतर्गत 108 श्रमिकों को 5 लाख 82 हजार रुपए, मिनीमाता महतारी जतन योजना अंतर्गत 79 श्रमिकों को 15 लाख 80 हजार रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना अंतर्गत 27 श्रमिकों को 27 लाख रुपए, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना अंतर्गत 9 श्रमिकों 71 हजार 100 रुपए, निर्माण श्रमिकों के बच्चे हेतु उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 3 श्रमिकों एक लाख 50 हजार रुपए, दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना अंतर्गत एक श्रमिक को एक लाख रुपए का की सहायता राशि प्रदान किया गया है।

न्यूज गैलरी

पथ संचलन में लोगों ने किया स्वागत

महासमुंद/नवप्रदेश। नेताजी सुभाष चंद्र बोस बस्ती में विजयादशमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। इस दौरान नागरिकों ने जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया। इसमें ध्वज वाहक विपिन शर्मा, अग्रेसर गुलशन साहू रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के तहत जिला मुख्यालय को 10 बस्ती में बांटा गया है। संचलन कार्यक्रम स्थल रावण भांठा मैदान में लौटा। तत्पश्चात द्वितीय चरण के कार्यक्रम में अध्यक्षता नाड़ी विशेषज्ञ डॉ शेषनारायण गुप्ता व मुख्य वक्ता सत्येंद्र सेंगर (प्रांताध्यक्ष संस्कृत भारती) थे, जिन्होंने मां दुर्गा व भगवान श्री राम के समक्ष शस्त्र पूजन किया। मंचासीन अध्यक्ष डॉ. शेष नारायण गुप्ता ने संघ के इतिहास पर प्रकाश डाला तथा संघ द्वारा चलाए जा रहे सेवा कार्य की सराहना की। साथ ही समाज को संघ में समाहित होने कहा। तत्पश्चात मुख्य वक्ता सत्येंद्र सेंगर ने संघ की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला तथा संघ के उद्देश्य व रीति-नीति से अवगत कराया। कार्यक्रम में बस्ती के उत्सव प्रभारी प्रकाश टंडन, बस्ती प्रमुख आकाश प्रजापति उपस्थित थे।

आशीबाई स्कूल के अटल टिंकरिंग लैब का निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अटल टिंकरिंग लैब का निरीक्षण राज्य कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा रायपुर मुक्ति बैस ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लैब की व्यवस्था, रखरखाव, विद्यार्थियों के प्रदर्शन, प्रोजेक्ट डेमोंस्ट्रेशन एवं विभिन्न नवाचार गतिविधियों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025 से संबंधित नवाचारों, विचारों और प्रोटोटाइप की सराहना करते हुए उन्होंने बच्चों को और अधिक सृजनात्मक बनने के लिए प्रेरित किया। राज्य कार्यक्रम अधिकारी मुक्ति बैस ने अटल टिंकरिंग लैब के उत्कृष्ट संचालन की सराहना की। उन्होंने विद्यालय प्राचार्य जीआर सिन्हा और एटीएल लैब प्रभारी चंद्रशेखर मिथलेश के कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें इसी तरह नवाचार को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को सृजनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

नगर की डेयरी और दुकान से गांजा बरामद

महासमुंद/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली व सांकरा पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में 550 ग्राम गांजा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर वार्ड नंबर 8 नयापारा निवासी ऋषभ यादव (18) से उनकी वार्ड नंबर 11 दलदली रोड स्थित दुग्ध डेयरी से 350 ग्राम गांजा (कीमत 3500 रुपए) बरामद किया। इसी तरह सांकरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बल्दीडीह के एक घर/ दुकान में दबिश दी। जहाँ भीमसेन अग्रवाल (27) से 250 ग्राम गांजा (कीमत 2500 रुपए) बरामद किया। बताया गया कि आरोपी गांजे को बिक्री के लिए रखा था।

विद्यार्थी विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 के लिए बनाएंगे प्रोजेक्ट

महासमुंद/नवप्रदेश। नवाचार और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में छात्रों की सृजनशीलता को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 कार्यक्रम में महासमुंद जिले के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बेलसोंडा की दो छात्राओं का चयन जिले से संवाद के लिए हुआ। यह कार्यक्रम देशभर में युवाओं में नवाचार, तार्किक सोच और उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया गया था। इस अवसर पर सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से केन्द्रीय शिक्षा विभाग द्वारा देशभर के विद्यार्थियों से वर्चुअल संवाद किया गया। इस संवाद में दो छात्राएं कक्षा 10वीं की कुमारी मेघना चंद्राकर तथा कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की कु. अहिल्या साहू ने सहभागिता की। वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान समग्र शिक्षा राज्य कार्यालय से कौशिक, उप संचालक मुक्ति बैस, रायपुर डीईओ हिमांशु भारतीय, डीईओ विजय लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा, विद्यालय के शिक्षक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का विस स्तरीय सम्मेलन कौंदकेरा में सम्पन्न

■ स्वदेशी अपनाने कार्यकर्ताओ ने लिया संकल्प

राजिम/नवप्रदेश। विधानसभा राजिम के ग्राम कौंदकेरा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन संपन्न हुआ। सभा में मुख्य वक्ता पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता चुन्नीलाल साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमे गांव-गांव जाकर संदेश देना होगा कि स्वदेशी की ओर बढ़ें और अपने रोजमर्रा के उपयोग में देश में बने उत्पादों का इस्तेमाल करें। जब लोग देश में बने सामान को प्राथमिकता देंगे, तभी आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना वास्तविकता बनेगी। यह अभियान ग्रामीण अर्थव्यवस्था, स्वरोजगार और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। विधायक रोहित साहू ने कहा कि गांव-गांव में विकास की गति तेज़ी से बढ़ रही है। सड़क, बिजली, टिन शेड और अन्य निर्माण कार्य तेजी से हो रहे हैं। विशेष रूप से कोपरा से पोखरा मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण 26 किलोमीटर लंबाई में, 77 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है, जिसका आज भूमिपूजन भी सम्पन्न हुआ। यह सभी कार्य मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार के मार्गदर्शन में किए जा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प के तहत ग्रामीणों को स्वरोजगार और स्थानीय उत्पादों का उपयोग बढ़ाने की दिशा में भी सक्रिय किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे ग्राम स्तर पर लोगों को योजनाओं की जानकारी दें और उन्हें लाभान्वित करें।

पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को ग्राम-ग्राम तक पहुंचाएँ और लोगों को जागरूक करें। इसके माध्यम से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है, बल्कि युवाओं में आत्मनिर्भर बनने की भावना और गांवों में विकास की गति भी तेज़ होगी। वही भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि भाजपा केवल सत्ता नहीं, सेवा और संगठन की पार्टी है। आत्मनिर्भर भारत अभियान राष्ट्र के पुनर्निर्माण का अभियान है। कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे गांव-गांव में स्वदेशी अपनाने का संदेश पहुंचाएं, क्योंकि आत्मनिर्भर भारत का सपना संगठन की मजबूती से ही साकार होगा।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू एवं सोमप्रकाश साहू ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन भाजपा जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटके ने किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, जिला पंचायत सभापति गण नंदनी ओमकार साहू, शिवांगी चतुर्वेदी, लेखराज ध्रुवा, नगर पालिका गरियाबंद अध्यक्ष रिखी यादव, कोपरा नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ईश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पांचवें दिन ध्वज अवतरण के साथ शिविर का हुआ समापन

महासमुंद/नवप्रदेश। संभाग स्तरीय स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य पुरस्कार जांच शिविर का पांच दिवसीय आयोजन संजय कानन के पास किया गया। शिविर के चतुर्थ दिवस महाशिविर ज्वाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्काउट्स-गाइड राज्य मुख्य आयुक्त मुख्य अतिथि इंद्रजीत सिंह खालसा,अध्यक्ष जिला स्काउट्स येतराम साहू, विशिष्ट अतिथिगण नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जिलाध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी संदीप दीवान, जय पवार, आनंद साहू, उपाध्यक्ष जिला स्काउट्स एवं गाइड्स संघ सुधा साहू, पारस चोपड़ा, पंकज चंद्राकर, अरुण साहू, महेंद्र सिका, शरद मराठा, नंदकिशोर सिन्हा, जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल ने ज्वाल प्रज्ज्वलित कर महाशिविर ज्वाल का शुभारंभ किया।संभाग से महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी व बलौदाबाजार जिला स्काउट गाइड के साथ सर्विस रोवर रेंजरों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अंतिम पंचम दिवस प्रातः7 बजे सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन जय पवार के आतिथ्य में हुआ। समापन समारोह में येतराम साहू, एस चन्द्रसेन, जय पवार, आनंद साहू, पंकज चंद्राकर, टीकेएस परिहार, मधु तिवारी, पूनमसिंह साहू, संतोष कुमार साहू, रामकुमार साहू, लीलिमा साहू, गिरीश पाढ़ी, ईनू राम वर्मा, शैलेंद्र कुमार नायक, लीनू चंद्राकर, प्रमोद कुमार कन्नौजे, अवधेश विश्वकर्मा, लता वैष्णव एवं अन्य अतिथियों एवं दौलत कुमार देवांगन, नीरज शर्मा व बसंत कोसले, लुकेश्वर प्रधान की उपस्थिति में ध्वज अवतरण पश्चात राष्ट्र गान और अंतिम में अलविदा फिर मिलेंगे के साथ उद्घोष के साथ समापन हुआ।

ननि की तेज रफ्तार कार्रवाई सभापति ने कहा, लोगों को नहीं होगी असुविधा

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी नगर निगम की ओर से शहर की सड़कों को दिवाली से पहले दुरुस्त करने का अभियान जोर-शोर से जारी है। इसी क्रम में सदर बाजार रोड पर चल रहे गड्ढा मरम्मत कार्य का आज नगर निगम के सभापति विजय मोटवानी ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभापति मोटवानी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और मरम्मत का कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि दिवाली के अवसर पर सदर बाजार जैसे व्यस्ततम इलाकों में आवाजाही बढ़ जाती है, इसलिए प्राथमिकता के आधार पर यहां का कार्य करवाया जा रहा है ताकि व्यापारियों और आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।सभापति ने यह भी बताया कि निगम क्षेत्र के सभी 40 वार्डों में गड्ढे भरने और सड़कों की मरम्मत का कार्य क्रमवार रूप से किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि त्यौहार के पहले शहर की हर प्रमुख सड़क सुगम और साफ दिखे। नागरिकों की सुविधा हमारी पहली प्राथमिकता है।

स्थानीय व्यापारियों ने भी विजय मोटवानी के इस त्वरित एक्शन की सराहना की और कहा कि सभापति की सक्रियता से शहर में विकास की रफ्तार तेज हुई है। उनकी कार्यशैली जनहित को केंद्र में रखकर किए जा रहे निर्णयों का प्रतीक है।नगर निगम के इस पहल से उम्मीद है कि दिवाली तक सदर बाजार रोड सहित अन्य प्रमुख सड़कों पर भी गड्ढामुक्त सफर संभव होगा।

सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 15 से सरायपाली में

महासमुंद/नवप्रदेश। सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 3 चरण में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण में संकुल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में ग्रामीण 25 एवं शहरी 05 कुल 30 संकुल में आयोजित किया जा रहा है। विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में संकुल के विजेता टीम एवं विजेता खिलाड़ी अपने-अपने विधानसभा में शामिल होंगे। सांसद खेल महोत्सव में सामूहिक खेलों के लिए आयु वर्ग 14 से 19 वर्ष एवं 19 से 24 वर्ष तथा व्यक्तिगत खेलों के लिए आयु वर्ग 14 से 17 वर्ष, 18 से 20 वर्ष एवं 21 से 24 वर्ष के बालक एवं बालिका शामिल होंगे। सामूहिक खेलों में खो-खो, कबड्डी एवं बॉलीबॉल तथा व्यक्तिगत खेलों में 100 मीटर दौंड, 400 मीटर दौंड, गोलाफेंक, भालाफेंक, लंबीकूद, ऊंचीकूद, गेड़ी दौड़ संकुल स्तर पर आयोजित होंगे। आयोजन की तैयारियों के विषय में सांसद लोकसभा महासमुंद रुपकुमारी चौधरी की उपस्थिति में आयोजित बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे को आयोजन को सफल बनाने में प्रशासनिक आवश्यकताओं को लेकर तीनों चरणों के आयोजन को सफल बनाया जाना है, जिनके माध्यम से आयोजन में आवश्यक संसाधन, पुरस्कार, प्रमाण-पत्र, परिवहन, भोजन, आवश्यक सामग्री एवं संपूर्ण व्यवस्था पर चर्चा कर आयोजन को सफल बनाया जा रहा हैं।

संकुल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 15 से 16 अक्टूबर को 3 स्थानों में आयोजित होंगे। जिसमें नगर पालिका परिषद सरायपाली का आयोजन खेल मैदान सरायपाली में होगा। जिसमें शहरी क्षेत्र के पंजीकृत खिलाड़ी शामिल होंगे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमरौद बागबाहरा में आयोजित होगा, जिसमें कमरौद संकुल के अंतर्गत शामिल ग्राम पंचायत एवं विद्यालय के खिलाड़ी शामिल होंगे।

गायत्री परिवार के ट्रस्टी की विदाई, नए का पदभार ग्रहण

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। गायत्री परिवार ट्रस्ट नवापारा के द्वारा अपने कार्यो को निष्ठा पूर्वक समय देकर गुरुदेव के विचारों को जन जन तक पहुंचाने वाले गुरुजनों एवं देवालय प्रबंधन में सतत कार्य करने वाले मातृ- शक्तियों का 18 सूत्रीय युग निर्माण सत्संकल्प पाठ के साथ पूर्व ट्रस्टीयों का विदाई सम्मान एवं वर्तमान ट्रस्टीयों का प्रभार पदभार ग्रहण का कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुदर्शन लाल वर्मा ने बताया की पं. श्रीराम शर्मा आचार्य परम पूज्य गुरुदेव एक ऐसा प्रकाश स्तंभ है जो हर दृष्टिकोण से अपने शिष्यों का उज्जवल भविष्य ही चाहेगा। गुरु कभी अपने शिष्य का अहित नहीं सोचते। वह हमेशा अपने शिष्य की उज्जवल भविष्य के लिए चिंतित रहता है।ऐसा उन्होंने अपना व्यक्तिगत सुझाव रखा। वर्तमान मुख्य प्रबंध ट्रस्टी ने नवगठित ट्रस्ट मंडल के दायित्व प्रभार एवं पदभार ग्रहण समारोह में स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने कहा कि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने एक बात स्पष्ट शब्दों में लिखी है कि गायत्री परिवार को सिर्फ देवालयों तक सीमित न रखे वरन देवालयों के साथ-साथ समाज सुधार की भी अत्यंत आवश्यकता है।आज अखिल विश्व गायत्री परिवार के सिद्धांतो और नीति से प्रभावित होकर सरकार ने भी समाज सुधार के लिए युवा जागरण, नारी जागरण, धार्मिक कुरुति उन्मूलन, बाल शिक्षा, नारी शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति अभियान जैसे अनेक कार्यो का बीड़ा गायत्री परिवार के सुपुर्द किया, जो समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहा है। नवगठित ट्रस्ट मंडल एवं पूर्व ट्रस्टीयों को शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा भेजा गया प्रशस्ति पत्र मंत्र चादर के सादर विदाई एवं नए ट्रस्टीयों का स्वागत किया गया साथ में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का भी तिलक लगाकर सम्मान किया। संरक्षक सोन ने उनकी जिम्मेदारी और कर्तव्यों को निभाने के लिए विस्तार पूर्वक बताया गया।

लाइसेंस निलंबित | कुलेश्वर मेडिकल स्टोर में झोलाछाप डॉक्टरों को नियम विरुद्ध दवाएं सप्लाई

खाद्य एवं औषधीय विभाग ने कुलेश्वर मेडिकल स्टोर के लाइसेंस को किया निलंबित

राजिम/नवप्रदेश। राजिम में औषधि विभाग की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। औषधि विभाग ने राजिम स्थित एक मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। पूर्व में इस मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया था जिसमें कई अनियमितताएं सामने आई थी। जिसके बाद स्टोर को सील कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार राजिम स्थित कुलेश्वर मेडिकल स्टोर में झोलाछाप डॉक्टरों को नियम विरुद्ध दवाएं सप्लाई किए जाने की शिकायत मिली थी। इसी आधार पर विभाग द्वारा मेडिकल का औचक निरीक्षण किया गया था। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर से न केवल एक्सपायरी और नियर-एक्सपायरी दवाएं बरामद की गईं, बल्कि नशीली दवाओं का भी बिना लाइसेंस स्टॉक मिला था। जांच टीम ने मौके पर मिली सभी दवाओं का पंचनामा तैयार कर दुकान संचालक को जवाब प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया था।

पूर्व में औचक निरीक्षण किया गया था

मिले नकली कफसिरप

औषधीय निरीक्षक गरियाबंद धर्मवीर सिंग ध्रुव ने बताया कि जुलाई माह 2025 में खाद्य एवं औषधीय प्रशासन के नियंत्रक के निर्देश पर गरियाबंद की एफडीए टीम द्वारा राजिम स्थित कुलेश्वर मेडिकल स्टोर में निरीक्षण किया गया था, निरीक्षण के दौरान बहुत सारी नशीली दवाई और एक्सपायरी दवाओं की अनियमित्ता पाई गई थी, जिसके संबंध में सहायक औषधि नियंत्रक जिला गरियाबंद द्वारा कुलेश्वर मेडिकल स्टोर राजिम को जारी अनुज्ञप्ति को 30 दिनों के लिए निलंबित किया गया है।

जप्त की गई अमानक, एक्सपायरी दवाएं और प्रतिबंधित नशीली टैबलेट को विभाग द्वारा सैंपल लिया गया था, सैंपल जांच के दौरान मेडिकल नियमों का उल्लंघन करना पाया गया, जिसके बाद आज जिला सहायक औषधी नियंत्रक के निर्देश पर कुलेश्वर मेडिकल स्टोर राजिम के लाइसेंस को निलंबित किया गया, निलंबन अवधि के दौरान मेडिकल स्टोर पूरी तरह से बंद रहेगा।

साहित्यकारों की बैठक में हर डगर दीप रखने का किया गया आव्हान

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के साहित्यकारों की एक आवश्यक बैठक डॉ सीमा अवस्थी के निवास में हुई जिसमें विभिन्न विषयों पर गहन साहित्यिक विमर्श हुआ।समसामयिक विषयों एवं नगर तथा समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा की कड़ी के साथ ही साहित्य के क्षेत्र मे अतुलनीय योगदान देने वाले विराट व्यक्तित्वों के जीवन वृत्त एवं साहित्यिक विधा पर भी चर्चा हुई जिसके तहत कहानी एवं उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद का भी स्मरण किया गया एवं उपस्थित साहित्यकारों द्वारा उनकी लेखन शैली समाज मे उनके साहित्य की प्रासंगिकता सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से अपने विचार रखे गये।

इस दौरान महापर्व दीपावली पर साहित्यकारों ने इस बार दीवाली को जन भागीदारी से इसे व्यापक रूप से मनाने का आह्वान किया। तथा सभी ने हर डगर पर एक दीप रखकर दीपावली मनाने और अपने आस पास के सार्वजनिक प्रतिष्ठानों,विभिन्न स्थलों मे एक दीप जरुर रखने का उन्होंने आह्वान किया ।

सभी ने कहा कि हमारा प्रयास यही होना चाहिए कि प्रत्येक स्थल मे दीप जगमगाए । इस अवसर पर नरेंद्र वर्मा,अनुपम कुमार सिंह,अजय अमृतांशु, मुकेश शर्मा, कन्हैया साहू अमित, चंद्रभान पॉल, डॉ.सीमा अवस्थी,डॉ.इंद्राणी साहू ,चंद्रकिरण शर्मा, हेमंतदास मानिकपुरी आदि उपस्थित रहे।

किसान कांग्रेस के नेतृत्व में हजारों किसानों ने घेरा पंडरिया SDM कार्यालय

■ गन्ने का भुगतान सहित 9सूत्रीय मांगों को लेकर स्डरूकार्यालय घेरने आये किसानो का पुलिस के साथ जोरदार झूमा झटकी

पंडरिया / नवप्रदेश। पंडरिया क्षेत्र सहित पूरे जिले में गन्ना प्रमुख फ़सल के रूप में उत्पादन किया जाता है, जिसके लिए जिले में 2 शाशकीय शक्कर कारखाना व लगभग 400 से अधिक गुड़ फ़ैक्टरीयां संचालित है, एक ओर जहां गुड़ फैक्ट्री संचालकों द्वारा गन्ना बेचने के तुरंत बाद किसानों को नगदी में भुगतान कर दिया जाता है वही दूसरी ओर सहकारी शक्कर कारखाने की हालत ऐसी हो चुकी है कि गन्ना बेचने के 10 महीने बीत जाने बाद भी आज तक किसान अपने भुगतान का इन्तेजार कर रहे है।इस बीच विपक्षी दलों व किसान संघो के द्वारा कई बार कारखाना घेराव,चक्का जाम,आंदोलन किये जा चुके है पर किसानों के जेब अभी भी खाली है।10 माह बाद नया पेराई सत्र नजदीक है जिसके बाद आज जिला किसान कांग्रेस के नेतृत्व में हजारों किसानों के द्वारा आम सभा आयोजित करने के बाद पंडरिया स्डरूकार्यालय का घेराव कर गन्ने की भुगतान सहित राजस्व के मामलों में सुधार की मांग को लेकर 9 सूत्रीय ज्ञापन

मुख्यमंत्री के नाम से दिया गया है

किसान कांग्रेस के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में किसान शामिल हुए जहाँ किसानों के प्रतिनिधि के रूप में छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिसेक मिश्रा,संगठन महामंत्री अकील हुसैन, कांग्रेस जिला अध्यक्ष होरी साहू सहित प्रदेश व जिला स्तर के सभी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि को आड़े हाथ लिया।

किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज पंडरिया क्षेत्र के गन्ना किसानों की स्थिति देखकर मन मे बहुत ही पीड़ा हो रहा है कि कैसे यहाँ के किसान अपने ही उत्पादन का मूल्य पाने के लिए पिछले 10 महीनों से भटक रहे है, किसानों की स्थिति भाजपा की विष्णु देव साय सरकार में बहुत ही दयनीय हो चुकी है,प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी 10 दिनों में यदि गन्ने का पूर्ण भुगतान नहीं हुआ तो रायपुर में मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर अपना अधिकार लेंगे।

जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष किसान नेता रवि चंद्रवंशी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं एक किसान का बेटा हु किसानों का दुःख मेरा दुःख, आज जिस तरह से हम किसानों को गन्ने के भुगतान के लिए भटकाया जा रहा है, राजस्व कार्यालयो में छोटे से संसोधन के नाम पर पेशी के ऊपर पेशी दिया जा रहा है, बिजली बिल कई गुना बढ़कर आ रहा है यह सब वर्तमान भाजपा सरकार की विफलता है,

रवि चंद्रवंशी ने कारखाना प्रबंधन और सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ये लोग किसानों के सब्र का इम्तिहान न ले जिस दिन किसान अपने अधिकारों के लिए सड़क पर आ गए उस दिन इन सब को अपना कुर्सी छोड़ना पड़ जाएगा।

आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, अकील हुसैन, दीपक पांडे, झम्मन बघेल, जोगेंद्र पांडे, नीलकंठ चन्द्रवंशी,ज़िला व ब्लॉक पदाधिकारी सहित वरिष्ठ कांग्रेसी, ब्लॉक, मंडल, सेक्टर ,बूथ कमेटी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

न्यूज गैलरी

शास.आईटीआई में 15 को लगेगा प्लेसमेंट कैंप

कवर्धा / नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के आईटीआई के छात्रों जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है उन्हे अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शासकीय आईटीआई कवर्धा मे 15 अक्टूबर 2025 को 10 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे जीनस पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा पद टेकनिशियन सुपरवाइजर के 100 से अधिक पद (योग्यता- आईटीआई, ट्रेड, इलेक्ट्रिशियन, वायरमेन, सैलरी 15000 सीटीसी प्लस ट्रेवल अलाउंस, आवश्यक- बाइकलाइसेन्स) पर प्लेसमेंट किया जाएगा।

वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध वन विकास निगम ने की कानूनी कार्रवाई

कवर्धा / नवप्रदेश। वन विकास निगम कवर्धा परियोजना मण्डल के मण्डल प्रबंधक श्री पिताम्बर साहू के निर्देशन एवं उप मण्डल प्रबंधक श्रीमती दीपिका सोनवानी के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र पण्डरिया अंतर्गत बदौरा बीट के कक्ष क्रमांक पीएफ/1428 में वर्ष 2025 के सागौन वृक्षारोपण क्षेत्र में अवैध रूप से पौधों को उखाड़ने एवं वन भूमि पर अनाधिकृत अतिक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित एवं संगठित कार्रवाई की गई।प्राप्त सूचना के आधार पर परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार मेहरा एवं उनकी टीम जिसमें सहायक परियोजना क्षेत्रपाल देवसिंह भारद्वाज, क्षेत्ररक्षक श्री दिनेश वर्मा, जसपाल सिंह मरकाम तथा श्री विनायक मानव मरावी सम्मिलित थे कृ द्वारा स्थल निरीक्षण कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। जांच के उपरांत 01 अक्टूबर 2025 को ग्राम बदौरा के व्यक्तियों द्वारा कुल 9.000 हेक्टेयर संरक्षित वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण किये जाने के प्रकरण में राजू (35 वर्ष), लालु (37 वर्ष), जगदीश एवं भगवती (सभी निवासी ग्राम बदौरा) के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 33(1) क, ख, ग, घ, ज, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 03 एवं 04, तथा संरक्षित वन अधिनियम, 1960 की धारा 3(ए) के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर विधिवत् न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा सभी आरोपियों को 24 अक्टूबर 2025 तक न्यायिक अभिरक्षा में रखने का आदेश पारित किया गया है। वन विकास निगम द्वारा वन क्षेत्र के संरक्षण, सागौन वृक्षारोपण की सुरक्षा एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए निरंतर सतर्कता बरती जा रही है। निगम द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की किसी भी अवैध गतिविधि के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन राजनांदगांव में कैलाश खरे के भव्य कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव, /नव प्रदेश। - छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का 15 अक्टूबर को जन्मदिन है, जिसे मनाने के लिए राजनांदगांव में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन युवा वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में एवं भावेश बैद के नेतृत्व में होने जा रहा है।कार्यक्रम की रूपरेखा-युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद ने बताया कि डॉ. रमन सिंह 15 अक्टूबर को सर्वप्रथम राजनांदगांव पहुंचेंगे, जहां उनका भव्य स्वागत किया जाएगा।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ली उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक

■ जिले में उद्यानिकी विकास को मिलेगी नई दिशा, पॉलीहाउस और बैगा कृषकों के लिए विशेष योजना का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

कवर्धा / नवप्रदेश।कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में राज्य पोषित एवं केंद्र पोषित योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति पर चर्चा की गई तथा आगामी कार्ययोजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के दौरान राज्य पोषित योजनाओं के अंतर्गत समेकित उद्यानिकी विकास योजना, मसाला क्षेत्र विस्तार, नर्सरियों में बीज उत्पादन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की

गई। इसी प्रकार केंद्र पोषित योजनाओं के अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, आयल पाम मिशन, एग्रो फॉरेस्ट्री एवं राष्ट्रीय बागवानी मिशन की स्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई।

कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारियों द्वारा एक सप्ताह के भीतर प्रदाय आबंटन का शत-प्रतिशत व्यय सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी क्षेत्र में तेजी से प्रगति के लिए कार्यों में पारदर्शिता और गति आवश्यक है। उन्होंने जिले में पॉली हाउस निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया, जिससे स्थानीय किसानों को नियंत्रित वातावरण में सब्जी एवं फूल उत्पादन के नए अवसर मिल सकें। साथ ही, आदिवासी बहुल विकासखंड बोड़ला और पंडरिया में बैगा कृषकों के लिए विशेष उद्यानिकी विकास योजना का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि उद्यानिकी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए फेंसिंग और बोर सुविधा वाले कृषकों को ध्यान में रखा जाए, ताकि चयनित लाभार्थियों को योजना के प्रावधानों के अनुरूप सहायता मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने और किसानों से नियमित संपर्क बनाकर उनकी आवश्यकताओं के अनुसार मार्गदर्शन देने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि उद्यानिकी क्षेत्र जिले की आर्थिक प्रगति का एक सशक्त माध्यम है, और यदि योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया गया तो किसानों की आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा जताते हुए कहा कि जिले के हर कृषक तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जाए और उन्हें अधिकतम लाभ प्रदान किया जाए।

छत्तीसगढ़ में बिजली दरों की मार : राजनांदगांव में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

राजनांदगांव / नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ में बिजली दरों में बढ़ोतरी को लेकर आज राजनांदगांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस कुलबीर छाबड़ा जी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने स्थानीय बिजली ऑफिस का घेराव किया और कार्यालय के मुख्य गेट में तालाबंदी कर दी। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस का आरोप है कि छत्तीसगढ़ में बिजली का उत्पादन होने के बावजूद आम उपभोक्ताओं को महंगे दामों पर बिजली बिल चुकाना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि राज्य में बिजली की कीमतें कम होनी चाहिए, लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा बिजली दरों में बढ़ोतरी की गई है, जिससे मध्यमवर्गीय और गरीब उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय 400 यूनिट तक बिजली फ्री थी, जिससे लोगों को राहत मिली थी। लेकिन वर्तमान सरकार ने न केवल ÷बिजली हाफ योजना÷ को बंद कर दिया है, बल्कि बिजली के टैरिफमें भी वृद्धि की है। इसके परिणामस्वरूप लोगों के घरों में दो हजार से लेकर चार हजार रुपये तक के बिजली बिल आ रहे हैं, जो आम आदमी के लिए असहनीय हैं।

राजस्व विभाग की बड़ी कार्रवाई - 11.77 एकड़ अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर

■ लगातार तीसरे दिन प्रशासन ने अतिक्रमण पर की सख्त कार्रवाई

राजनांदगांव, /नव प्रदेश। रायपुर जिले में अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। राजस्व विभाग द्वारा ग्राम कांदूल और ग्राम काठाडीह में बड़ी कार्रवाई की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कांदूल में दो अलग-अलग स्थानों पर लगभग 5ङ्क5 एकड़, कुल 10 एकड़ भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग को राजस्व टीम ने ध्वस्त किया। यहां मुरूम रोड काटी गई और पिलर तोड़कर अवैध निर्माण को हटाया गया।

इसी तरह ग्राम काठाडीह में 1.77 एकड़ भूमि पर की गई अवैध प्लॉटिंग पर भी कार्रवाई की गई।

पूरी कार्रवाई कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार एसडीएम श्री नंद कुमार चौबे के नेतृत्व में अतिरिक्त तहसीलदार श्री राकेश देवांगन एवं उनके राजस्व की टीम ने की।

गौरतलब है कि बीते एक सप्ताह में राजस्व विभाग ने रायपुर जिले के कई क्षेत्रों में अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध कार्रवाई की है।

25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का हुआ उत्साहपूर्ण समापन

दुर्ग संभाग बनी ओवरऑल चैम्पियनशिप

कवर्धा / नवप्रदेश।स्वामी करपात्री जी स्टेडियम, कवर्धा में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का समापन समारोह उत्साह और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। चार दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, जिला पंचायत सभापति श्री रामकुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशमा गनपत बघेल तथा श्रीमती सतविंदर पाहूजा उपस्थित रहीं।

मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं केवल खेलकूद तक

सीमित नहीं रहतीं, बल्कि ये हमारे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनती हैं। खेलों से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, परिश्रम और टीम भावना का समावेश होता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का आधार है। उन्होंने कहा कि मैदान में हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण है भागीदारी की भावना और खेलभावना के साथ आगे बढ़ना। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता और सहयोग की भावना को विकसित करते हैं। यही गुण आगे चलकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान देते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे खेल के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें।

जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा खेल प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाओं को भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्राप्त हो रहा है। उन्होंने जिले में खेल अधोसंरचना के विकास की सराहना करते हुए कहा कि कवर्धा जैसे जिलों से अब राज्य स्तरीय नहीं बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे। पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी का उत्साह, अनुशासन और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। हार-जीत से ऊपर उठकर यदि आप खेल की भावना से आगे बढ़ेंगे, तो सफलता स्वयं आपके कदम चूमेगी।

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए आवास, परिवहन, चिकित्सा, सुरक्षा एवं पेयजल जैसी सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित किया गया। प्रतिभागी बालकों के लिए आवास व्यवस्था स्वामी करपात्री जी शास.उ.मा.विद्यालय, स्वामी विवेकानंद हाईस्कूल, शास.हाईस्कूल सत्तीवार्ड, शास.हाईस्कूल कैलाश नगर एवं शास.प्राथमिक विद्यालय कवर्धा में की गई। बालिकाओं के लिए आवास व्यवस्था स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रानीदुर्गावती चौक, होलीक्रॉस हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर में की गई। अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए जिला ग्रंथालय कवर्धा में आवास की सुविधा दी गई।

पेज 1 का शेष

बंदूक से बंधन तक : पखांजुर में ...

बने। इसी दौरान दोनों की पहचान हुई और शादी का फैसला लिया गया। थाना परिसर में फेरे, पूजा और आशीर्वाद की रस्मों में पुलिस अधिकारी और ग्रामीण भी शामिल हुए। इस पहल में पखांजुर थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट और गोण्डाहुर थाना प्रभारी रामचंद्र साहू की अहम भूमिका रही। ये शादी सिर्फदो लोगों की नहीं, बल्कि एक नई सोच, नई शुरुआत और शांति की दिशा में बढ़ाया गया मजबूत कदम है। यह कहानी बताती है कि बदलाव संभव है। बस एक मौका और समाज का साथ चाहिए।

आठ सक्रिय नक्सली गिरफ्तार...

इस पर 2 लाख का इनाम घोषित था। जय सिंह माड़वी कमलापुर आरपीसी का सीएनएम सदस्य, निवासी कमलापुर, 50 हजार का इनामी। मड़कम अदा कमलापुर आरपीसी का सीएनएम सदस्य निवासी कमलापुर, 50 हजार का इनामी। सोड़ी हिड़मा मिलिशिया सदस्य, निवासी कमलापुर। मुचाकी बुधरा उर्फ भद्रा भूमकाल मिलिशिया सदस्य, निवासी कमलापुर। माड़वी राजू मिलिशिया सदस्य, निवासी कमलापुर। माड़वी हिड़मा मिलिशिया सदस्य, निवासी कमलापुर। देवा माड़वी कमलापुर आरपीसी का आर्थिक शाखा सदस्य, निवासी सभी जोन्नागुड़ापारा कमलापुर थाना बासागुड़ा के निवासी है। सभी गिरफ्तार नक्सलियों के विरुद्ध थाना बासागुड़ा में वैधानिक कार्यवाही कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

आईआरसीटीसी मामले में ...

के आरोप लगाए गए हैं। उनकी पत्नी राबड़ी देवी और पुत्र तेजस्वी यादव पर भी षड्यंत्र और धोखाधड़ी सहित कई आरोप तय हुये हैं। सभी आरोपियों ने अदालत से कहा कि वे इस मामले में निर्दोष हैं। इसके बाद से मामले का अदालत में चलने का रास्ता खुल गया । केंद्रीय जांच ब्यूरो का आरोप है कि 2004 से 2009 तक रेल मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में श्री यादव और उनके परिजनों ने एक निजी फर्म को अनुचित लाभ पहुंचाया। आरोपियों में आईआरसीटीसी के पूर्व अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं।

10 आरोपियों के खिलाफ 7600 पन्नों ...

चालान पेश किया है। इन सभी को 43 करोड़ के जमीन अधिग्रहण घोटाले का आरोपी बनाया है। ईओडब्ल्यू ने बताया कि आरोपियों ने जमीन के अलग-अलग हिस्सेन करके एनएचएआई को 78 करोड़ का भुगतान दिखाया गया था। एसडीएम, पटवारी और भू-माफिया के गठजोड़ ने पुराने दस्तावेजों की तारीख बदलकर इस गड़बड़ी को अंजाम दिया।ईओडब्ल्यू की जांच में यह भी पाया गया कि निर्भय कुमार साहू समेत पांच अधिकारी-कर्मचारियों पर 43 करोड़ 18 लाख रुपये से अधिक की वित्तीय गड़बड़ी का आरोप है। पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया के दौरान सरकारी धन का दुरुपयोग कर करोड़ों रुपये हड़प लिए गए।

नशे के कारोबार पर लगाम...

बांस वन क्षेत्र हैं। बाजार में ज्यादा कीमत पर विक्रय होने वाली बांस की प्रजातियों को बढ़ावा दिया जाये। विशेष पिछड़ी जनजातियों की आय का मुख्य साधन बांस और उस से बने उत्पाद हैं इसलिए राज्य में 28 बांस प्रसंस्करण केंद्रों को सक्रिय करना है। साथ ही बांस शिल्पकारों को मार्केट से संपर्क स्थापित करने में सहयोग करना है। जनजातीय परिवारों को बाजार की मांग के अनुसार प्रशिक्षण दे।

हमास ने छोड़े 21 इजरायली बंधक...

राष्ट्रपति मिस्र में आयोजित इस बैठक में शामिल होने से पहले इजरायल के दौरे पर पहुंचे हैं। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति का स्वागत किया। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति का ये दौरा 4 घंटे का है। दूसरी तरफ बंधकों की रिहाई मामले में ताजा अपडेट यह है कि पहले फेज में 7 इजरायली बंधकों को हमास ने रेड क्रॉस पर इजरायल के अधिकारियों को सौंपा था। वहीं इजरायल वॉर रूम के एक्स अकाउंट पर जानकारी दी गई है कि बाकी के 13 जीवित बंधकों को भी हमास ने रेड क्रॉस पर इजरायली अधिकारियों को सौंप दिया है। ट्रंप के सीजफायर प्लान के तहत फिलिस्तीन के लगभग 2000 कैदियों को इजरायल की ओर से रिहा किया जाना है। इजरायली वॉर रूम ने जानकारी दी है कि रिहा हुए बंधकों में से एक मतान के परिवार ने कहा, हम फिर से सांस ले सकते हैं। हमारा मतान घर आ गया है! हमारा प्यारा बेटा दो साल बाद हमारे पास लौट आया है और हमें उस पर बहुत गर्व है। हम उसकी हिम्मत की कद्र करते हैं। हम उसे गले लगाए बिना नहीं रह सकते और हम उसके साथ उसकी वापसी की योजना बना रहे हैं।

ईपीएफ एकाउंट से अब पूरा...

मामलों और भारी जुर्मानों को घटाने के लिए पेंशन निकाय ने 'विश्वास योजना' शुरू की है। वर्तमान में ?2,406 करोड़ की जुर्माना राशि और 6,000 से अधिक मुकदमे लंबित हैं। अब पीएफ जमा में देरी पर जुर्माना घटाकर 1त्न प्रति माह किया गया है।

एक समृद्ध भारत की कल्पना....

के रूप में भी यह किसी क्षेत्र की संपूर्ण योजना है, ताकि उस क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक, प्रत्येक व्यवसाय, प्रत्येक उद्योग को जीवन के सभी पहलुओं का लाभ मिले, चाहे वह स्वास्थ्य सेवा हो, शिक्षा हो, व्यवसायों के लिए कुशल लॉजिस्टिक्स हो, क्षेत्र का औद्योगिक विकास हो, पर्यावरणीय नियोजन हो, सुरक्षा हो, खनिजों या खनिज संपदा की क्षमता का दोहन हो या रिन्यूएबल एनर्जी से बिजली उत्पादन की क्षमता का दोहन हो। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि पीएम गतिशक्ति को अगले स्तर पर जाए। उन्होंने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा, अब रिसोर्स मैपिंग या एक्सप्लोरेशन, पवन ऊर्जा की योजना बनाने के लिए, ऑफशोर केबल या भूमिगत केबल की योजना बनाने के लिए, टेलीकॉम और डेटा के लिए ऑप्टिक केबल, भविष्य में इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन के लिए समुद्र के नीचे केबल के साथ पीएम गतिशक्ति का दायरा, पैमाना और आकार एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने आश्वासन जताते हुए कहा कि पीएम गति शक्ति के साथ हम सरकार के रूप में कार्य करते हुए, पीएम मोदी के इस सपने को विकास के अलगे स्तर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, चार वर्ष पहले शुरू हुए पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान ने अब तक एक लंबा सफर तय किया है। आज, इसने भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर की योजना और विकास के तरीके को बदल दिया है और अधिक स्मार्ट, तेज और सस्टेनेबल विकास की ठोस नींव रखी है। इस उपलब्धि को चिह्नित करने वाले कार्यक्रम में कई प्रमुख पहलों का शुभारंभ किया गया, जिनमें यूनिफाइड जियोस्पेशियल इंटरफेस के जरिए पीएम गतिशक्ति फॉर पब्लिक, पीएम गतिशक्ति-ऑफशोर, डिस्ट्रिक्ट मास्टर प्लान फॉर 112 एसपिरेशनल डिस्ट्रिक्टस और एलईएपीएस 2025 अवॉर्ड आदि शामिल हैं।

न्यूज गैलरी

दूधिया रौशनी से जगमगाएगा दुर्ग शहर, 39 लाख मंजूर

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग शहर विधानसभा के कुल 6 कार्यों के लिए 39 लाख 95 हजार 422 रुपए स्वीकृत किये हैं। प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित 2 कार्य और स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित 4 कार्यों का क्रियान्वयन दुर्ग नगर निगम द्वारा किया जाएगा। प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर वार्ड 1 से 30 तक और वार्ड 31 से 60 तक प्रकाश व्यवस्था के लिये स्ट्रीट लाइट लगाने कुल 19 लाख 97 हजार 374 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। शिक्षा मंत्री व स्थानीय विधायक गजेन्द्र यादव की अनुशंसा पर वार्ड 1 से 15 तक, 16 से 30 तक, 31 से 45 तक और वार्ड 46 से 60 तक प्रकाश व्यवस्था के लिये 19 लाख 98 हजार 48 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

श्री शंकराचार्य कॉलेज में मनाया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

भिलाई। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, भिलाई के वाणिज्य विभाग द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र गतिविधियों पर आधारित कार्यक्रम में बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्रा कु. श्रुति चतुर्वेदी ने सीजोफ्रेनिया नामक मानसिक बीमारी पर प्रस्तुति दी। अन्य छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार रखे। सारांश यह था कि हमें अपनी सोच को सदा सकारात्मक रखना है। किसी को मानसिक रोग के लक्षण नजर आएं तो सहानुभूति के साथ उन्हें उपचार करने की दिशा में प्रेरित करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना झा व डीन अकादमिक डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने विद्यार्थियों को साधुवाद देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की एक सफल और यादगार प्रस्तुतिकरण था। कार्यक्रम में विभाग के सभी प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

महापौर ने किया भवन संधारण और सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन

रिसाली। महापौर शशि सिन्हा ने दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर और एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा में निर्माण कार्य के लिए 8 लाख स्वीकृत किये हैं। उन्होंने वार्ड 10 और वार्ड 18 में दोनों कार्यों को प्रारंभ करने भूमिपूजन भी किया। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में धीरे-धीरे विकास कार्य को पूर्ण कराते हुए सभी नागरिकों की मांगों को पूरा किया जाएगा। महापौर सिन्हा ने वार्ड 10 में एमआईसी सदस्य जमुना ठाकुर के अनुरोध पर 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की। इस राशि से ब्लाक 249 से 252 तक सीमेंटीकरण का कार्य पूर्ण किया जाएगा। पार्षद रेखा देवी की मांग पर महापौर ने 3 लाख की राशि स्वीकृत की। इस राशि से वार्ड में गौरा चौरा का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। महापौर ने उपस्थित महिलाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

पटाखों की बिक्री और उपयोग के लिए एडवाइजरी जारी

■ **नियमों का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई**

दुर्ग/नवप्रदेश। दिवाली पर स्थायी व अस्थायी पटाखा दुकानों को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है। एडवाइजरी में साफ कहा गया है कि कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि की दुकाने न बनाई जाए। अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड पर ही दुकानें संचालित होनी चाहिये। दुकानें एक-दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी पर होनी चाहिये। एक-दूसरे के सामने भी दुकानें नहीं बनाई जाए।

दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में बरती जाने वाली सावधानियों से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए नगर सेना दुर्ग के जिला सेनानी व जिला अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था के लिये किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैम्प और खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबन्धित है। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी का प्रदर्शन भी प्रतिबन्धित रहेगा।

इसी तरह विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए। प्रत्येक मास्टर मास्ट स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए। ताकि, शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बन्द हो जाए। दुकानें ट्रांसफार्मर के पास न हों। दुकानों के ऊपर से हाई टेंशन पावर लाइन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 किग्रा क्षमता का डीसीपी अग्नि शामक यन्त्र रखना जरूरी है। इसकी मारक क्षमता 6 फीट की होती है। दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए। पटाखा दुकानों के सामने बाइक, कार की पार्किंग भी प्रतिबंधित की गई है। अग्निशमन विभाग और एम्बुलेंस का फोन नंबर, दुकान परिसर के कुछ स्थानों पर लगाया जाना चाहिए। अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए। जांच के दौरान नियमों का पालन नहीं करने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

पटाखे जलाने से पहले ध्यान रखें

इमारतों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थों से दूर पार्क या बड़े मैदान जैसे खुले स्थानों पर पटाखे जलाना चाहिए। पटाखे जलाते समय संभावित आपातकालीन स्थिति के लिए पानी की बाल्टी पास में रखना चाहिये। आग से संबंधित चोटों के जोखिम को कम करने के लिए सूती वस्त्र पहनने को प्राथमिकता देना जरूरी है। सिंथेटिक कपड़े आसानी से आग पकड़ सकते हैं। पटाखे जलाते समय बच्चों की निगरानी के लिए हमेशा एक व्यस्क को साथ रखें ताकि सुरक्षा उपायों का पालन हो सके। पटाखे फोड़ने के बाद इस्तेमाल किए गए पटाखों का निपटान पानी की बाल्टी में सुरक्षित तरीके से करें, ताकि किसी बची हुई चिंगारी से अग्नि दुर्घटना ना हो। एक बार में एक ही पटाखा जलाएं। आग लगने की आशंका को देखते हुए एक साथ कई पटाखे जलाने से बचें। पटाखे में आग लगाने के बाद उससे सुरक्षित दूरी रखें। पटाखे जलाते समय हमेशा हवा की दिशा को ध्यान में रखें, जिससे कि उसकी चिंगारी घरों या व्यक्तियों की ओर न उड़े।

सावधानी बरतें

घर के अन्दर खिड़कियों के पास या अन्य बंद स्थानों पर कभी पटाखे ना जलाएं। पटाखे जलाते समय ढीले या लटकने वाले वस्त्र पहनने से बचें क्योंकि इससे आसानी से आग लग सकती है। ज्वलनशील पदार्थों के पास पटाखों का उपयोग ना करें। पटाखों को सूखी पत्तियों, गैस सिलेण्डर या वाहनों जैसी वस्तुओं से दूर रखें। पटाखा न जले तो दोबारा जलाने का प्रयास ना करें, कुछ देर प्रतीक्षा करने के बाद उसका सुरक्षित रूप से निपटान करें। पटाखे ऐसे स्थानों में न जलाएं, जो आग लगने की स्थिति में आपातकालीन निकास मार्ग को अवरूद्ध कर सकते हैं। तेल के दियों या मोमबत्तियों को जलते हुए उपेक्षित ना छोड़ें। विशेष रूप से पर्दा या ज्वलनशील पदार्थों के पास। किसी भी तरह की चोट लगने या जलने पर तुरन्त चिकित्सक की सलाह लें।

गतका चैंपियनशिप के विजेताओं को मंत्री गजेन्द्र ने किया पुरस्कृत

भिलाई में सम्पन्न हुई 13 वीं राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप 2025

भिलाई/नवप्रदेश। सेक्टर-06 गुरुनानक स्कूल में 13 वीं राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप-2025 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने खिलाडियों में खेल भावना और अनुशासन को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश भी दिया। स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधी एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि शौर्य, अनुशासन और वीरता के प्रतीक गतका खेल के राष्ट्रीय चैंपियनशिप-2025 के भव्य आयोजन से जिले के खिलाडियों में खेल भावना को नई ऊँचाइयां मिली है। नगर का गौरव भी बढ़ा है।

गजेंद्र ने कहा कि भारत सरकार के खेलो इंडिया अभियान के अंतर्गत खिलाडियों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। इन योजनाओं के परिणामस्वरूप आज छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सौजन्य से भिलाई में आयोजित नेशनल गतका चैम्पियनशिप में 16 राज्यों के 500 गतका खिलाडियों ने सहभागिता दी। 3 दिवसीय चैम्पियनशिप के भव्य समापन समारोह में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर सहित 3 वर्ग में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में गतका एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, महासचिव जसवंत सिंह खालसा, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनीष पाण्डेय, जसबीर सिंह, कल्पना स्वामी, जोगा राव, साजन जोसफ सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

जनदर्शन में धान पंजीयन न होने की शिकायत लेकर पहुंचा किसान

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एडीएम अभिषेक अग्रवाल ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद समुचित समाधान और निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। दुर्ग के वार्ड 16 जयंती नगर के निवासियों ने बताया कि सिकोला बरती के जयंती नगर में पब्लिक स्कूल के पास स्थित वर्षों पुराने रास्ते को अज्ञात लोगों ने मार्किंग कर बंद किया जा रहा है। यह मार्ग सार्वजनिक शौचालय के बाजू से होकर गुजरता है और मोहल्लेवासियों के लिए मुख्य आवाजाही का जरिया है। इस रास्ते को बंद करने पर लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। जमीन की सही नापजोख कराकर रास्ते की स्थिति स्पष्ट करने और आम जनता को राहत दिलाने की मांग की गई। एडीएम ने तहसीलदार दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने कहा। ग्राम गनियारी के कृषक ने कृषि धान का पंजीयन न होने की शिकायत की। एडीएम ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को परीक्षण कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने कहा। जिले के बटाई व रेघ अनुबंध पर खेती करने वाले किसानों ने भी एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन की अनुमति देने की मांग की है। दुर्ग शहर के गया नगर निवासी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सहायता की मांग की।

दिवाली से पहले गौरा-गौरी चौराहे की मरम्मत करें अफसर

■ **प्रकाश व्यवस्था बेहतर करें, छठ पूजा से पहले करें तालाबों की सफाई: चंद्राकर**

भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने आवास पर रिसाली नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों की बैठक लेकर दीपावली त्यौहार से पहले प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में दीपावली और छठ पूजा के पहले सुचारू व्यवस्था होनी चाहिये। रिसाली नगर निगम क्षेत्र के सभी चौक-चौराहों पर लाइटिंग की समुचित व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए।

चंद्राकर ने सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने और गौरा-गौरी चौराहे की मरम्मत के साथ लाइटिंग व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने कहा है। उन्होंने छठ पूजा पर्व पर तालाबों की सफाई व्यवस्था के लिए भी जरूरी दिशा निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि सभी कार्य समय से पहले पूरे कर लिए जाएं, ताकि आम जनता को त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने कार्यों के प्रति सजग रहें और व्यवस्था बनाए रखने में कोई कमी न रखें। बैठक में नगर निगम आयुक्त मोनिका वर्मा, गोपाल सिन्हा, अखिलेश गुप्ता, अमित चंद्राकर, सुनील दुबे, नेता प्रति पक्ष शैलेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष एकनाथ अनुपम साहू, राजू राकेश जंघेल, कर्मचारी मुकेश देशमुख, जिला भाजपा मंत्री शैलेंद्र शेंडे उपस्थित रहे।

खुर्सीपार में शराब दुकान खोलने का विरोध, पार्षद के नेतृत्व में खिलाड़ियों और महिलाओं ने खोला मोर्चा

भिलाई/नवप्रदेश। खुर्सीपार क्षेत्र में शराब दुकान खोले जाने के विरोध में नागरिकों का विरोध लगातार जारी है। इससे पहले दो स्थानों पर शराब दुकानें खोलने का प्रस्ताव किया गया, लेकिन स्थानीय नागरिकों के विरोध के कारण शराब दुकान नहीं खुल सकी। अब तीसरी जगह पर भी विरोध शुरू हो गया है। हत्या की वारदात के बाद राजेंद्र प्रसाद नगर वार्ड 51 में संचालित शराब दुकान को हटाया गया था। इसके बाद शिवाजी नगर में शराब दुकान को शिफ्ट करने की कोशिश की गई। यहां काफी विरोध के बाद अब स्टेडियम परिसर में दुकान खोलने से पार्षदों के साथ स्थानीय लोगों ने रविवार से खेल परिसर के सामने धरना शुरू कर दिया है। नागरिकों का कहना है कि खेल परिसर में शराब दुकान खोलने का कड़ा विरोध किया जा रहा है। यहां खेलों की प्रैक्टिस करने बालक-बालिकाएं आते हैं। शराब दुकान खोलने से खिलाड़ियों और स्थानीय महिलाओं की परेशानी बढ़ जाएगी। स्थानीय लोगों ने पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि खेल परिसर में किसी भी हालत में शराब दुकान नहीं खोलने देंगे।

वार्ड-47 के पार्षद और जोन अध्यक्ष भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में नागरिकों ने स्टेडियम के सामने धरना शुरू कर दिया। पार्षद यादव ने कहा कि स्टेडियम बच्चों और युवाओं के लिए खेल प्रशिक्षण का केंद्र है। यहां एकेडमी का संचालन होता है और सीएसीएस द्वारा आयोजित स्पर्धा से कई बच्चों का चयन राज्य स्तर परहुआ है। कुम्हारी से दुर्ग तक के बच्चे यहां खेलते हैं। अपने बच्चों को मैदान में छोडने महिलाएं आती हैं। शराब दुकान खुलने से महिलाओं और बालिका सुरक्षा के लिए बेहद खतरनाक होगा। विरोध प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि खेल परिसर के आसपास शराब दुकान नहीं खुलने देंगी। बच्चों के भविष्य और सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाएगा। इससे पहले राजेंद्र प्रसाद नगर में खुर्सीपार गेट के आगे फोरलेन के किनारे शराब दुकान थी।

बघेरा विद्युत उपकेन्द्र की क्षमता बढ़ी, 6500 से अधिक को मिलेगी निर्बाध बिजली

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र ने उपभोक्ताओं को बेहतर और उच्च गुणवत्ता की बिजली उपलब्ध कराने की दिषा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी कड़ी में दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र बघेरा में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि की गई है।विद्युत उपकेन्द्र बघेरा में अब 3.15 एम.व्ही.ए. के पुराने पॉवर ट्रांसफार्मर को हटाकर उसके स्थान पर 5 एमव्हीए क्षमता का नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। उपकेंद्र में पूर्व से स्थापित 05 एम.व्ही.ए. के दो अन्य ट्रांसफार्मरों को मिलाकर उपकेंद्र की कुल क्षमता बढ़कर अब 15 एम.व्ही.ए. हो गई है। विद्युत उपकेंद्र में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत संपन्न किया गया है। पॉवर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि से विद्युत उपकेंद्र बघेरा के लगभग 6556 उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज एवं ओवर लोडिंग की समस्या से राहत मिलेगी। सभी घरों तक उच्च गुणवत्ता की बिजली पहुंचेगी। गया नगर, गिरधारी नगर, शंकर नगर व आसपास के अन्य उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने इस कार्य की सफलता के लिये पॉवर कंपनी की पूरी टीम को बधाई दी है।

ट्रांसपोर्ट नगर में राम रसोई का शुभारंभ आज

भिलाई/नवबप्रदेश। छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज के मार्ग दर्शन में 14 अक्टूबर से ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज में भी राम रसोई का संचालन किया जाएगा। राम रसोई में 20 रुपए में शुद्ध भोजन कराया जाएगा यह पुनीत कार्य दुर्ग जिले में चल रही व्यवस्था के आधार पर अब ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में दोपहर 12:30 बजे से 3 बजे तक राम रसोई का संचालन किया जाएगा।

राम रसोई का शुभारंभ 14 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे अहिवारा विधानसभा के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य और ट्रांसपोर्ट यूनियन के संरक्षक इंद्रजीत सिंग छोटू, राम रसोई के संस्थापक चतुर्भुज राठी, चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव अजय भसीन, चैंबर भिलाई अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा के विशेष आतिथ्य और छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा, कार्यकारी अध्यक्ष जसवंत सिंह सैनी, चैंबर भिलाई ट्रांसपोर्ट विंग के अध्यक्ष पंकज सेठी, महासचिव हरेंद्र यादव, संरक्षक सुखचैन सिंह सुखा, दुर्गा पटेल, गोपी अरोरा, रणजीत सिंह वालिया, श्रवण कुमार विश्नोई, उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह सैनी, सीता सिंह, कोषाध्यक्ष बलजिंदर सिंह, उपकोषाध्यक्ष सतीश अग्रवाल, मुख्य कार्यकारिणी सदस्य अजीत जैन, जगत राम बावन कुर्रे, पंकज सिंह, गणेश शंकर मिश्रा, इंद्रजीत सिंह सैनी, शंभू नाथ बैठा, धनंजय पांडे, संजय शर्मा, विनोद सिंह, परमजीत सिंह लाडी, हरनेक सिंह सैनी, अरुण कुमार बैठा, गुरप्रीत सिंह ढींगरा, रविन्द्र भारती, निरंजन हजारी, अर्जुन सिंह, नंदलाल शर्मा, कामाख्या सिंह, सन सिंह, अरविंद सिंह के मार्ग दर्शन में प्रारंभ होगा।

बीएसपी में सेफ्टी सर्कल पहल में विजेता टीमें पुरस्कृत

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी में कार्यस्थल सुरक्षा, कर्मचारी सहभागिता और सतत सुधार को सशक्त करने के लिये सेफ्टी सर्कल पहल को मजबूती देते हुए इस साल 81 टीमें शामिल होंगी। पिछले वर्ष प्रारंभ की गई इस पहल के अंतर्गत 39 टीमों ने भाग लिया था, जबकि इस साल संख्या उल्लेखनीय रूप से बढ़कर 81 टीमों तक पहुँच गई है। भिलाई इस्पात संयंत्र की इस उत्कृष्ट सहभागिता और प्रभावी प्रदर्शन के लिए उसे क्यूसीएफआई भिलाई चैप्टर कन्वेंशन 2025 में सेफ्टी सर्कल में सर्वाधिक सहभागिता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सुरक्षा 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत 83 पंजीकृत टीमों में से 81 टीमों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए नवीन सुरक्षा समाधान प्रस्तुत किए। इसमें 400 से अधिक कर्मचारियों और ठेका कार्मिकों जिनमें 81 अधिकारी भी शामिल थे, ने उत्साह से सहभागिता की। उच्च जोखिम वाले विभागों जैसे कि एसएमएस2, एएसएमएस-3 और पीबीएस में टीमों ने विशेष जोश दिखाया।

17 से 19 जून तक एचआरडीसी में संपन्न प्रतियोगिता में आठ विशेषज्ञों की मूल्यांकन समिति ने दो चरणों में प्रतियोगिता का आकलन किया। टीमों का मूल्यांकन 100 अंकों के पैमाने पर किया गया। 70 अंक केस स्टडी और 30 अंक प्रस्तुतीकरण के लिए निर्धारित थे। इनमें से शीर्ष 20 टीमों को फाइनल चरण में प्रवेश मिला।

स्ट्रक्चर्ड मेंटरिंग के माध्यम से टीमों ने जोखिम कारकों की पहचान की। 150 से अधिक सुरक्षा सुधार प्रस्तावित किए गए और उनमें से 120 को सफलतापूर्वक लागू भी किया गया। इससे संयंत्र में जोखिमों में उल्लेखनीय कमी आई और समग्र सुरक्षा प्रदर्शन में दृश्यमान सुधार दर्ज किया गया। सुरक्षा गतिविधियों में कर्मचारियों की सहभागिता पिछले वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ी। सभी प्रतिभागी टीमों को सम्मानित किया गया। विजेता टीमों को क्रमशः 25000, 15000 और 10000 रुपए के पुरस्कार प्रदान किए गए।

आयोजन... ग्राम नगपुरा में जय माँ कर्मा मांगलिक सामुदायिक परिक्षेत्रीय भवन का लोकार्पण सम्पन्न

संख्या बल से नहीं, बल्कि विचार से बनें महान: ताम्रध्वज

भिलाई/नवप्रदेश। ग्राम नगपुरा में जय माँ कर्मा मांगलिक सामुदायिक परिक्षेत्रीय भवन का लोकार्पण सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री छग शासन व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ ताम्रध्वज साहू उपस्थित रहे। अध्यक्षता पुसऊ राम साहू अध्यक्ष तहसील साहु संघ ने की। अतिविशिष्ट अतिथि एमपी के पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू साहू, दीपक ताराचंद साहू, सभापति जिला पंचायत, दुर्ग प्रिया साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत कुलेश्वरी देवांगन, जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू, पूर्व सभापति लक्ष्मी साहू, सरपंच सरोज भूपेन्द्र रिगरी, अध्यक्ष केश शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन, पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, सलाहकार डॉ. टीकम साहू, प्यारे लाल साहू, दिव्या साहू, टीआर साहू, संरक्षक सुबर व लाल साहू उपस्थित थे।

कार्यक्रम में ताम्रध्वज साहू ने कहा कि हम सभी को समाज हित में कार्य करना चाहिए। उनके कार्यकाल में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में साहू समाज के सभी परिक्षेत्र में भवन निर्माण स्वीकृत हुआ था, जिसका आज लोकार्पण हुआ। समाज में हर व्यक्ति को संगठित होना चाहिए, जिससे समाज की एकजुटता बढ़ेगी और समाज को एक नई ऊर्जा मिलेगी। साहू समाज एक संगठित व मजबूत समाज है और सामाजिक कार्यों में समाज की भूमिका सदैव प्रशंसनीय व अनुकरणीय रही है।

ताम्रध्वज ने सामाजिक कुरीतियों और शादी ब्याह में की जाने वाली फिजूलखर्ची का विरोध करते हुए कहा कि इस पर रोक लगाई जानी चाहिये। साहू ने कहा कि विचार बड़ा होना चाहिए। संख्या बल ज्यादा होने से कोई महान नहीं होता। सामाजिक समरसता हमारा मूल मंत्र होना चाहिए, दूसरे समाज से हमारे रिश्ते कैसे हैं, यह बड़ी बात है। समाज में अनुशासन बहुत जरूरी है। अनुशासन भंग होने पर विकृति पैदा होती है। सभी को अनुशासन का पालन करना चाहिए।

अन्य वक्ताओं ने भी समाजिक बुराई को समाप्त करने पर जोर दिया। समाज के रूढ़िवादी परम्परा और कुरीतियों को त्याग कर आगे बढने का आव्हान किया गया। इस अवसर परिक्षेत्रीय अध्यक्ष भेखाराम साहू, रामकली साहू, संतोष कुमार साहू, डॉ. श्रवण कुमार साहू, दुकालूराम साहू, खिलेन्द्र साहू, डॉ. लोमस पुरुषोत्तम साहू, ताम्रध्वज साहू, भूषण साहू, त्रिलोक लाल साहू, यमुना साहू, शशि साहू, पंचराम साहू, खिलेन्द्र साहू, डॉ. मधुर साहू, जगदेव साहू, देवेन्द्र कुमार साहू, बोहर साहू, भानु प्रकाश साहू, राकेश कुमार भगवानी साहू, चन्दन साहू, होरीलाल साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष बने ज्ञानचंद जैन

भिलाई/नवप्रदेश। कॉफेडरेशन ऑफआल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ टीम में भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन को प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

कॉन्फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतीया, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर परवानी, सांसद व राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ कैट के अध्यक्ष परमानंद जैन और प्रदेश महासचिव सुरेंदर सिंह द्वारा ज्ञानचंद जैन की नियुक्ति की गई है। ज्ञानचंद जैन वर्तमान में स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई के अध्यक्ष पद पर जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। इससे पहले भी जैन ने कैट के प्रदेश सचिव व भिलाई अध्यक्ष की जिम्मेदारी का निर्वहन किया था।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन के बाद ज्ञानचंद ने कहा है कि न केवल भिलाई, बल्कि प्रदेश स्तर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कैट के माध्यम से समस्याओं के निराकरण में अपनी भूमिका का निर्वाह करेंगे।

जैन के मनोनयन पर सांसद विजय बघेल, प्रेम प्रकाश पांडे, भिलाई के प्रतिष्ठित व्यवसायी रामकिशन मुंद्रडा, मदन जैन, श्रीनिवास खेडिया, रामकुमार गुप्ता, ज्ञानचंद बाकलीवाल, दिनेश सिंघल, सुरेश रतनानी, वृंदावन पंडा राधे गोविंद बाजपेयी, पीएल पाठे, डीएच सिंह, अजय कनोजिया, गुरनाम सिंह, करमजीत सिंह, शेखर संगेवार, अजय दीक्षित, भिलाई चैंबर महिला विंग के अध्यक्ष सुमन कनोजे, कंचन सिंह, कैट महिला विंग दुर्ग अध्यक्ष पायल जैन, पवन बडज़ातिया सहित अनेक व्यापारिक संगठनों के अध्यक्षों ने बधाई दी है।

न्यूज गैलरी

शराब की अवैध बिक्री पर पुलिस की कार्रवाई

महासमुंद/ नवप्रदेश। शराब की अवैध बिक्री के तीन मामलों में सिटी कोतवाली और बसना पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार महासमुंद कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तुमाडबरी नहर पार के पास से बेमचा वार्ड नंबर 6 निवासी ओमकार विश्वकर्मा (26) के कब्जे 20 पौवा मसाला देशी शराब, 10 पौवा प्लेन जब्त किया है। इसी तरह वार्ड 27 पुराना सिविल लाईन निवासी नोहर साहू (55) महासमुंद के कब्जे से 49 पौवा देशी प्लेन शराब (कीमत 3920 रुपए) व नकद बिक्री की रकम 230 रुपए जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर विवेचना में लिया गया है। इसी तरह बसना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी गिधली, थाना बसना निवासी सुभाष बरिहा (42) से 10 लीटर देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

पुरानी दुश्मनी पर मारपीट

महासमुंद/ नवप्रदेश। पुरानी दुश्मनी को लेकर कुछ लोगों ने मारपीट करते हुए घर की खिड़की का शीशा तोड़ दिया। मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस को वार्ड नंबर 23 पिटियाझर निवासी विक्की विश्वकर्मा ने बताया कि गणेश विसर्जन के समय प्रेमलाल यादव के साथ उसका वाद-विवाद हुआ था, उसी बात को लेकर 10 अक्टूबर की रात प्रेमलाल यादव, प्रेमलाल साहू और खेमू ध्रुव उसके घर के पास आए और पत्थर उठाकर घर में मारने लगे, जिससे उसके घर की खिड़की का शीशा टूट गया। जब उन्होंने मना किया तब सभी ने एक राय होकर मारपीट की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 324(4), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

शैक्षणिक मार्गदर्शन और कैरियर परामर्श पर हुआ ऑनलाइन वेबिनार

महासमुंद/ नवप्रदेश। शांत्रीबाई कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ''वित्तीय साक्षरता, प्रेरणा एवं शैक्षणिक मार्गदर्शन पर कॅरियर परामर्श'' विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया।सेबी स्मार्ट ट्रेनर द्वारा बताया गया कि वित्तीय प्रबंधन के लक्ष्य कैसे निर्धारित करें। देन दारियों को परिसंपत्तियों में कैसे परिवर्तित करें। वे साइबर अपराधों से स्वयं को कैसे बचा सकते हैं। उन्हें बताया कि छोटी-छोटी बचत से वे अपने लक्ष्य तक कैसे पहुंच सकते हैं। कॅरियर निर्माण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देना एवं उन्हें आत्मप्रेरित कर भविष्य के लिए तैयार करना था। ऑनलाइन वेबिनार में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक व 75 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर वित्तीय अनुशासन, निवेश के मूल सिद्धांतों, समय प्रबंधन एवं आत्मविश्वास के महत्व पर जानकारी प्राप्त की। ऑनलाइन प्रशिक्षण में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया व प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय रूप से अपनी जिज्ञासाएं प्रस्तुत कीं।

5 लीटर महुआ शराब जब्त

महासमुंद/ नवप्रदेश। बसना पुलिस ने ग्राम अखराभांठा टुकड़ा में दो अलग- अलग मामलों में कुल 5 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, प्रधान आरक्षक चैतराम ध्रुव पुलिस स्टाफ के साथ अपराध पतासाजी एवं अवैध शराब की रोकथाम हेतु क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम अखराभांठा टुकड़ा में कुछ लोग हाथ भट्ठी शराब तैयार कर बेच रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने केवल रात्रे (22) के घर-बाड़ी में दबिश दी, जहां से जरीकेन में लगभग 3 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब (कीमत 600) बरामद की गई। इसी तरह दूसरे मामले में उसी गांव के माधो खुंटे (45) के घर बाड़ी से लगभग 2 लीटर महुआ शराब (कीमत 400) जब्त की गई। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध धारा 34 (1) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है।

इसी जमीन पर पूर्व राज्यमंत्री के दामाद की भी थी नज़र, नहीं मिला तो कर दी शिकायत

भाजपा कार्यकर्ता ने हड़पी सरकारी जमीन, खड़ा किया पक्का निर्माण

- स्टे के बाद भी टीन की चादर से ढक कर अंदर करता रहा निर्माण
- सब कुछ होता रहा प्रशासन के नाक के नीचे

महासमुंद/ नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के भलेसर रोड के वार्ड नंबर 29 में अफसरों के संरक्षण में भाजपा के कार्यकर्ता ही शासकीय भूमि पर बे रोक टोक अवैध निर्माण करा रहे हैं। राजस्व विभाग ने निर्माण कार्य पर पहले ही रोक लगाया हुआ है। लेकिन इसके बाद भी प्रशासन के नाक के नीचे राजनीतिक प्रभाव के बल पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। वही राजस्व विभाग के अफसर भी राजनीतिक दबाव के चलते चुप्पी साधे बैठे हैं।

महासमुंद शास्त्री चौक से भलेसर जाने वाले रास्ते पर मुख्य सड़क से लगकर शासकीय भूमि खसरा नंबर 1950/1, रकबा 1.985 हेक्टेयर जो कि घांस तथा कैफियत में विकासखण्ड कार्यालय दर्ज है। इस जमीन पर 1440 वर्ग फुट पर अनिता साहू पति बृजभूषण साहू जो भाजपा कार्यकर्ता कुशाल साहू की मां द्वारा कब्जा कर पुराना कच्चे

मकान को तोड़कर पक्का निर्माण किया जा रहा है। मौहल्ला वासियों ने इसकी शिकायत राजस्व मंत्री और मुख्य नगर पालिका अधिकारी से की। बाद तत्कालीन तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू ने पिछले साल 24 जून 2024 को स्थगन आदेश जारी किया था। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता ने अवैध निर्माण कार्य का लोगों पता न चले इसके लिए सामने टीना से ढक दिया। और अंदर ही अंदर निर्माण कराता रहा। इन एक साल में राजस्व अधिकारियों ने उक्त शासकीय जमीन में झांकने तक नही गए। और आज की स्थिति में लेंटर तक ढलाई हो चुकी है। यह सब भाजपा के राज में राजनीतिक रसूख रखने वाले भाजपा के लोग ही अफसरों से मिलीभगत कर के सरकारी जमीन हड़पने का काम कर रहे हैं। सूत्र के मुताबिक एक सत्तासीन नेता के कहने पर ही राजस्व विभाग के अफसरों को निर्माण कार्य में ध्यान नहीं देने की हिदायत दी गई है। इस लिए अफसर भी मौन धारण किया हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक तीन साल पहले यानी 2023 में इस सरकारी जमीन पर पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर के दामाद भाजपा कार्यकर्ता और जिला एथेलेटिक्स संघ महासमुंद के अध्यक्ष पंकज चंद्राकर की नज़र पड़ी। उन्होंने अपनी पत्नी समीक्षा चंद्राकर के नाम पर बुजुर्ग महिला जो कब्जा कर वहां रहती थी उनसे 20 लाख में सौदा किया और एग्रीमेंट करा कर 12 लाख बुजुर्ग महिला को दिया। इन दो साल के दौरान मामला शांत रहा। इसी वार्ड में रहने वाला एक कांग्रेस नेता ने उसी जमीन को भाजपा कार्यकर्ता कुशाल साहू की मां के नाम पर 25 लाख में बेचवा दिया। पूर्व राज्यमंत्री के दामाद पंकज को इसकी भनक लग गई। इस बात से खफ़ा पूर्व राज्यमंत्री के दामाद ने भाजपा कार्यकर्ता कुशाल द्वारा खरीदी कर निर्माण किए जाने की शिकायत राजस्व मंत्री से लेकर कलेक्टर और राजस्व अधिकारियों तक कर दिया। इसी बीच महिला ने पंकज को 12 लाख रुपए लौटा दिया। जिस पर अब भी स्टे लगा हुआ है। लेकिन राजनीतिक पॉवर और पैसों के बल पर भाजपा के लोग ही सरकारी जमीन पर पक्का निर्माण खड़ा किया जा रहा है। जबकि इस पूरे मामले की जानकारी राजस्व विभाग को भी है फिर भी सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण किया गया है। एक तरफजिला प्रशासन सरकारी जमीन को लेकर आम लोगों पर सख्ती करने का दावा करते हैं तो दूसरी ओर राजस्व न्यायालय में स्टे लगे होने के बावजूद अफसर सब जानकर भी चुप्पी साधे बैठे हैं। पूर्व राज्यमंत्री के दामाद पंकज चंद्राकर का कहना है 20 लाख में सौदा हुआ था और मैंने 12 लाख रुपए महिला को दिया था। उसी वार्ड में रहने वाला एक कांग्रेस नेता ने उसी जमीन को बृजभूषण साहू को 25 लाख में बेचवा दिया। कब्जे वाला जमीन है उसमें गोडाउन बनाकर पड़ा रहता। इस लिए स्टांप में पत्नी के नाम पर एग्रीमेंट कराया था। मैंने शिकायत किया था लेकिन उनकी राजनीतिक पहुंच मुझसे ज्यादा थी इस लिए कोई कार्रवाई नहीं हुई। उपर से लेकर नीचे तक सब की मिलीभगत है और इसमें कुछ भी नहीं होने वाला है।

कानूनी कार्रवाई से कोई भी बच नहीं सकता

कानूनी कार्रवाई से कोई भी बच नहीं सकता। चाहे पार्टी के कार्यकर्ता ही क्यों न हो। मामले की जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी होगा सख्त कार्रवाई होगी। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय का सुशासन चल रहा है, और हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस पर काम करती है।

टंकराम वर्मा,
मंत्री राजस्व, छग शासन

बेहतर स्वास्थ्य के लिए खेल आवश्यक कबड्डी का आयोजन सराहनीय : निखिल

- बनपचरी में आयोजित कबड्डी स्पर्धा के समापन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए नपाध्यक्ष

महासमुंद/ नवप्रदेश। पटेवा क्षेत्र के ग्राम बनपचरी में जय मौली माता कबड्डी समिति के तत्वावधान में कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसके समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिल मनोजकांत साहू शामिल हुए। विशेष अतिथि के रूप में युकां विस क्षेत्र अध्यक्ष सौरभ लोधी, सरपंच श्रीमती उषा अर्जुन सोनी, जिपं सदस्य देवकी प्रकाश धरम पटेल, रत्नेश साहू थे। इस दौरान नपाध्यक्ष श्री साहू व अतिथियों ने पूजा-अर्चना तथा खलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर समापन मैच का शुभारंभ किया। इससे पूर्व आयोजन समिति के सदस्यों व ग्रामीणों द्वारा नपाध्यक्ष का फूल माला से स्वागत किया गया।

सर्वप्रथम अपने स्वागत से अभिभूत नपाध्यक्ष श्री साहू ने समस्त ग्रामीणों व आयोजन समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों का आभार व्यक्त किया। पश्चात उन्होंने कहा कि पूर्वजों के जमाने से गांवों में कबड्डी खेल का प्रचलन है। आज के बच्चे खेल से ज्यादा टीवी और इंटरनेट से चिपके रहते हैं जो शारीरिक और मानसिक विकास के लिए हानिकारक है। ग्रामीणों द्वारा कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया जाना एक सराहनीय कदम है। खेल हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। यहां के युवा टीम का उत्साह देखकर लग रहा है कि इस गाँव में प्रत्येक आयोजन में सभी की बराबर भागीदारी होती होगी। उन्होंने सभी से एकजुट होकर इसी प्रकार गाँव में आयोजनों का संचालन उत्साह से करने अपील की। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राजेश्वर नेताम, तेजराम ध्रुव, लोचन पटेल, देवकुमार ध्रुव, सनत मंडावी, आदि कुंभकार आदि ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में नपाध्यक्ष हुए शामिल

ग्राम कौंसरा(तेंदुकोना) में आयोजित छत्तीसगढ़ी लोक मंच मोर मयारू किसान कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत मनोजकांत साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन पर कहा कि छत्तीसगढ़ की परंपरा, संस्कृति को सहेजना हम सब का दायित्व है। ऐसे आयोजनों से छत्तीसगढ़ की संस्कृति को मजबूती मिलती है। बच्चे भी हमारे परंपरा से अवगत होते हैं। आज मोबाइल, इंटरनेट के कारण गाँव तथा शहरों में पारंपरिक कार्यक्रमों का आयोजन कम हो रहा है। ऐसे में यह आयोजन इसे जीवंत बनाए रखने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में सरपंच धर्मेंद्र साहू, जनपद सदस्य थनेश्वरी प्रहलाद साहू, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष थानसिंह दीवान, पूर्व सरपंच अश्वनी वेदकुमार दीवान, साहू समाज अध्यक्ष चंदूलाल साहू, वेदकुमार दीवान, कोमल कुमार महानंद, रत्नेश साहू, प्रेमप्रकाश साहू, नूमेंद्र साहू, कोमल महानंद, डिगेश्वर साहू, खिलेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

नशीली दवा और गांजे के साथ चार को पुलिस ने किया गिरफ्तार

महासमुंद/ नवप्रदेश। बागबाहरा पुलिस ने नशीली दवा, के साथ चार लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वार्ड नंबर 11, डबरापारा, बागबाहरा निवासी शिव कुमार बघेल (26), वार्ड नंबर 12 तेंदूलोथा, बागबाहरा निवासी सुनील पटेल (27), वार्ड नंबर 11 डबरापारा, बागबाहरा निवासी नितेश कुमार वेगड(36) तथा वार्ड नंबर 11, बाजारपारा, बागबाहरा निवासी राहुल यादव (19) को पकड़ा। आरोपी शिव कुमार बघेल के कब्जे से पेंटाजोसाइन लेक्टेट इंजेक्शन 48 एम्पुल तथा नाइट्रोसुन 10/नाइट्राजेपाम टेबलेट्स अलग-अलग 10 नग टैबलेट, 16 नग सीरिंज, गांजा की 50 नग पुड़िया (कुल 93.56 ग्राम), 3 मोबाइल, 01 पॉवर बैंक, एक टीवीएस ज्यूपिटर वाहन और नकदी 2800 रुपए जब्त किया। अन्य आरोपियों से भी मोबाइल, मोटर साइकिल, नकद रकम जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 21(ख), 20(ख)(क), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जांच में जुटी है।

मोर्चा के युवाओं ने किया प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत

महासमुंद / नवप्रदेश। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के प्रथम नगर आगमन पर जिले के युवा मोर्चा पदाधिकारियों ने भाजपा कार्यालय परिसर के बाहर आतिशबाजी गाजे बाजे और नारेबाजी के साथ उनका जोरदार जोशीला स्वागत किया।इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जसराज बाला चंद्राकर,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास चंद्राकर, युवा मोर्चा पूर्व कार्यसमिति सदस्य मिलिंद चंद्राकर,भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री अमन वर्मा, सांसद प्रतिनिधि दिनेश रूपरेला, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री, पूनम निषाद,राकेश सचदेव,पार्षद निश्चय चंद्राकर,पार्षद,पीयूष साहू,मंडल महामंत्री जतिन रूपरेला,खुशाल ठाकुर,अमित साहू, आकाश पांडे, आयुष दुबे, अंकुश सिंह गौर, रोशन बग्गा, कोमल निषाद, रवि सोनकर, संदीप साहू, शुभम बाघ, नरेश नायक, माणिक, कौशल साहू समेत अन्य भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से लखन लाल को मिला दोहरा लाभ

घर और व्यवसायिक प्रतिष्ठान दोनों में उजाला और बचत का संगम

बलौदाबाजार-भाटापारा/ नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना ÷पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना÷ आम नागरिकों के जीवन में ऊर्जा, बचत और आत्मनिर्भरता की नई रोशनी लेकर आई है। इस योजना का लाभ उठाकर सिमगा के व्यवसायी लखन लाल देवांगन ने न केवल अपने बिजली खर्च को कम किया है बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

सिमगा निवासी लखन लाल देवांगन शक्ति हार्डवेयर नामक दुकान संचालित करते हैं। उन्होंने बताया कि मोबाइल के माध्यम से जब उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी प्राप्त की तो यह योजना उन्हें अत्यंत उपयोगी और लाभदायक लगी। एक व्यवसायी होने के नाते उन्होंने सबसे पहले अपनी हार्डवेयर की दुकान में 5 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया। कुछ ही समय में उन्हें इसका सीधा लाभ दिखाई देने लगा और बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई जिससे उनका मासिक खर्च लगभग शून्य के बराबर हो गया। लखन लाल देवांगन ने आगे बताया कि दुकान में सकारात्मक परिणाम देखने के बाद उन्होंने अपने घर पर भी 4 किलोवाट का सोलर पैनल इंस्टॉल करवाया। अब उनके घर और दुकान दोनों स्थानों का बिजली बिल लगभग नगण्य हो गया है। इस योजना के तहत उन्हें शासन से सब्सिडी भी प्राप्त हुई जिससे स्थापना की लागत में कमी आई और सौर ऊर्जा को अपनाना और भी आसान बन गया। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में एक दूरदर्शी और जनहितकारी पहल है जिसने आम जनजीवन को सशक्त बनाया है।उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने न केवल आमजन को आर्थिक रूप से राहत दी है बल्कि स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण को भी नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि वे इस पहल का हिस्सा हैं और वे सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वे भी आगे बढ़कर इस योजना का लाभ लें ताकि हर घर आत्मनिर्भर बने और हर छत से स्वच्छ ऊर्जा का प्रसार हो सके। यह योजना छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। लोग इसे अपनाकर न केवल बिजली बिल में बचत कर रहे हैं बल्कि हरित ऊर्जा के प्रसार में भी योगदान दे रहे हैं। वास्तव में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आज आमजन के जीवन में उजाला ही नहीं बल्कि राहत और गर्व की नई किरण बन चुकी है। न केवल बिजली बिल में बचत कर रहे हैं बल्कि हरित ऊर्जा के प्रसार में भी योगदान दे रहे हैं। वास्तव में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आज आमजन के जीवन में उजाला ही नहीं बल्कि राहत और गर्व की नई किरण बन चुकी है।

ग्राम अछोटा में पोषण माह पर विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

75 महिलाओं का एच.बी. परीक्षण किया गया

धमतरी / नवप्रदेश। केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय कांकेर द्वारा धमतरी विकासखंड के ग्राम अछोटा में आज पोषण माह के अंतर्गत विशेष लोकसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति, महिला एवं बाल विकास स्थायी समिति श्री कैलाश देवांगन थे। इस अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती सावित्रीबाई ढीमर, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर श्रीमती टिंकी साहू, स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर श्री द्वारिका प्रसाद साहू तथा आरएमए डॉक्टर श्रीमती डिंपी साहू उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि से की गई। इसके अंतर्गत महिलाओं के बीच कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता एवं पोषण आहार विषय पर प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार तथा गर्भवती माताओं का गोद भराई समारोह भी संपन्न हुआ। इसी अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में लगभग 75 महिलाओं का एच.बी. (हीमोग्लोबिन) परीक्षण सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। स्थल पर लगाए गए पोषण स्टॉल के माध्यम से संतुलित आहार, एनीमिया की रोकथाम, स्वच्छता एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन, जनपद सदस्य श्री कैलाश देवांगन एवं सरपंच श्रीमती सावित्रीबाई ढीमर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पोषण आहार की महत्ता पर प्रकाश डाला। सुपरवाइजर श्रीमती टिंकी साहू ने पोषण से संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक दी, वहीं डॉक्टर श्रीमती डिंपी साहू ने कुपोषण से उत्पन्न बीमारियों एवं उनके बचाव के उपाय बताए।

श्यामनगर में संघ का शताब्दी वर्ष विजयादशमी उत्सव, पथ संचलन के साथ संपन्न

राजिम/ नवप्रदेश।। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फिंगेश्वर खंड के मंडल श्यामनगर द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष विजयादशमी उत्सव के अवसर पर ग्राम में पथ संचलन का आयोजन किया गया। संचलन शीतला मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर बिसेलाल पारा, आवास पारा, बस्ती पारा, स्कूल पारा, डिपरा पारा एवं सड़क पारा से होते हुए पुनः शीतला मंदिर परिसर में एकत्रित हुआ। तत्पश्चात सभा का आयोजन किया गया।सभा में मुख्य वक्ता जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, मुख्य अतिथि वरिष्ठ नागरिक कृषलाल साहू एवं सह वक्ता राघवेंद्र यदु ने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जिला संघचालक प्रेमलाल साहू ने किया।मुख्य वक्ता गौरीशंकर कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। स्वयंसेवक समाज में सेवा, अनुशासन और एकता का संदेश लेकर चलते हैं। शताब्दी वर्ष हमारे लिए गर्व और संकल्प का अवसर है, जब हमें आत्मनिर्भर और संस्कारित भारत के निर्माण का प्रण लेना चाहिए।मुख्य अतिथि कृषलाल साहू ने कहा कि संघ ने समाज में संगठन, समर्पण और सेवा की संस्कृति स्थापित की है।

कौशल प्रशिक्षण के लिए शिविर 15 अक्टूबर को भखारा-भठेली में

'धमतरी/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में विभिन्न कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि कौशल प्रशिक्षण शिविर के लिए नगरपंचायत भखारा-भठेली में 15 अक्टूबर, बुधवार को सुबह 10 से शाम चार बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा, ताकि क्षेत्र के युवाओं को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जा सके।

10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

मामला थाना गरियाबंद

गरियाबंद /नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस का नशे के विरूद्ध एक विशेष अभियान नया सवेरा के अंतर्गत अवैध शराब बेचने, पिलाने व अन्य नशीली पदार्थों पर कार्यवाही हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया था। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत मुखबीर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय किया गया है। आज दिनांक 13.10.2025 को मुखबिर द्वारा सूचना मिला की ग्राम नागाबुड़ा में पंचराम नेताम अपने घर के पीछे बाड़ी नागाबुड़ा में अवैध बिक्रि करने हेतु कच्ची महुआ शराब रखा है, थाना प्रभारी गरियाबंद द्वारा टीम तैयार कर मुखबीर द्वारा बताये स्थान पर पहुंच कर घेरा-बंदी कर आरोपी को धर-दबोचा। आरोपी के घर व बाड़ी की तलाशी लेने पर आरोपी के बाड़ी से सफेद रंग की जरकीन में 10 लीटर कच्ची महुआ शराब रखा हुआ मिला। जिसकी जूमला कीमती 1000/- रूपये है। उक्त मादक द्रव्य कच्ची महुआ शराब को आरोपी पंचराम नेताम पिता धरमुराम नेताम उम्र 21 वर्ष साकिन नागाबुड़ा थाना व जिला गरियाबंद (छ.ग.) के कब्जे से जप्त कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए धारा 34(2) छ.ग. आबकारी अधिनियम का अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार आरोपी:- पंचराम नेताम पिता धरमुराम नेताम उम्र 21 वर्ष साकिन नागाबुड़ा थाना व जिला गरियाबंद (छ.ग.)

जप्त सामग्री:- सफेद रंग की जरकीन में रखे 10 लीटर कच्ची महुआ शराब।

दीपावली पर स्थानीय उत्पाद खरीदें-प्रकाश रोहरा

व्यापार और अर्थव्यवस्था दोनों को दें मजबूती - प्रकाश रोहरा

गरियाबंद/नवप्रदेश। दीपावली की रौनक के साथ छत्तीसगढ़ के बाजारों में खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी है। इस अवसर पर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस दीपावली पर स्थानीय व्यापारियों से ही खरीदारी करें और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें। रोहरा ने कहा, जब हम अपने देश, शहर या गांव में बने सामान को खरीदते हैं, तो हम केवल वस्तु नहीं खरीदते, बल्कि किसी माँ के चेहरे की मुस्कान, किसी कारीगर की मेहनत और स्थानीय व्यापारी की उम्मीद भी खरीदते हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी के दरों में सुधार के बाद से इस वर्ष त्योहारी सीजन में व्यापार में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी उत्पाद अपनाने के आह्वान ने व्यापारियों में उत्साह और नई ऊर्जा भर दी है। खाद्य सामग्री, वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक सामान, गिफ्ट आइटम, फर्नीचर और घरेलू उत्पादों की बिक्री में तेजी है। साथ ही होटल, कैटरिंग और इवेंट मैनेजमेंट जैसी सेवाओं को भी लाभ मिल रहा है। रोहरा ने व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों से आग्रह किया कि वे गुणवत्तापूर्ण और प्रामाणिक उत्पादों का चयन करें। उन्होंने कहा, इस दीपावली आत्मनिर्भर भारत की भावना अपनाएं, स्थानीय व्यापारियों का सहयोग करें और अपने ही लोगों की मेहनत का सम्मान करें। विदेशी उत्पादों के बजाय स्वदेशी वस्तुएं खरीदकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएं। इधर, त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं की पसंद में बदलाव दिख रहा है। लोग विदेशी वस्तुओं की बजाय भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे स्थानीय उद्योगों को बाल मिलता है। इससे लाखों छोटे व्यापारियों, कारीगरों और मजदूरों को सीधा लाभ होता है।

देवरी में साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में भाटापारा शहर पुलिस की टीम द्वारा कमलाकांत शुक्ला इंस्टिट्यूट देवरी रोड भाटापारा में साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं को साइबर अपराधों से सावधान रहने एवं उनसे बचाव के तरीकों को विस्तृत रूप में बताया गया।

कार्यक्रम में निरीक्षक प्रवीण मिंज थाना प्रभारी भाटापारा शहर द्वारा साइबर अपराध के संबंध में समझाइस देते हुए बतलाया गया कि, किसी भी प्रकार के लोक लुभावने स्कीम के लालच में नहीं आने, किसी भी अजनबी काल को अटेंड नहीं करने, किसी अनाधिकृत लिंक को टच न करने, अपनी बैंक डिटेल की जानकारी किसी भी अजनबी व्यक्ति को नहीं देने आदि के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया।इसके अतिरिक्त सायबर अपराध, सतर्कता एवं बचाव के तहत बच्चो को इंस्टाग्राम, फेसबुक, टेलग्राम पर खरीदी से सावधानी बरतने, संदिग्ध कॉल्स और मैसेज से सतर्क रहने अनाधिकृत वेब साइट्स और एप्स से सावधान रहने, सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने, अपने फोन व्हाट्सएप फेसबुक इंस्टाग्राम के पासवर्ड को सुरक्षित रखने और उन्हें दूसरों के साथ साझा न करने के संबंध में सतर्क एवं सुरक्षित रहने समझाइश दिया गया है।

नंदी महाराज की प्रतिमा को सम्मानपूर्वक अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया

नंदी महाराज का स्थानांतरण: अतिक्रमण और उपेक्षा से व्यथित ग्रामीणों ने जताई नाराज़गी

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी के ग्राम सांकरा में स्थित ऐतिहासिक नंदी चौक — जो वर्षों से ग्राम की आस्था और पहचान का प्रतीक रहा है अब अतिक्रमण की चपेट में आ गया है। इसी कारण ग्राम के समाजसेवी दिवंगत महेश सिन्हा द्वारा स्थापित नंदी महाराज की प्रतिमा को सम्मानपूर्वक अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया गया।

ग्रामीणों के अनुसार, चौक के आसपास पिछले कुछ वर्षों में धीरे-धीरे अतिक्रमण बढ़ता गया, जिससे नंदी प्रतिमा का अस्तित्व और सौंदर्य दोनों प्रभावित होने लगे। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ व्यापारियों द्वारा चौक के किनारों पर दुकानें और स्थायी निर्माण कर लिए गए हैं, जिससे चौक की पवित्रता और सार्वजनिक स्वरूप समाप्त होता जा रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि रात के समय कुछ असामाजिक तत्व

चौक के समीप बैठकर शराब सेवन करते हैं तथा नंदी प्रतिमा के आस-पास गंदगी फैलाते हैं। इससे चौक की धार्मिक गरिमा को ठेस पहुँच रही है। नंदी प्रतिमा के चारों ओर लगाई गई ग्रिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया था, जिसके कारण क्षेत्रवासियों में गहरा रोष है। समाजसेवी स्वर्गीय महेश सिन्हा के पुत्र हितेश सिन्हा ने कहा कि यह स्थल हमारी आस्था का प्रतीक है, लेकिन नंदी महाराज के पास असामाजिक गतिविधियों के कारण वातावरण दूषित हो गया था। भगवान का अपमान हमसे सहन नहीं हुआ, इसलिए प्रतिमा को सम्मानपूर्वक अन्य सुरक्षित स्थल पर स्थानांतरित किया गया। हितेश सिन्हा ने आगे कहा कि चौक कासौंदर्यीकरण, सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की मांग ग्राम पंचायत से कई बार की गई, ताकि यह स्थान ग्राम की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान बना रहे। चौक के पास स्थित शहीद स्मारक और स्वास्थ्य केंद्र के बीच आकर्षक सौंदर्यीकरण से गांव की छवि और निखर सकती है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है और नंदी चौक के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव पंचायत में पारित हो चुका है।

ग्राम व्यवस्था समिति के अध्यक्ष गिरवर भंडारी ने कहा कि पूर्व में सरपंच को भी और अभी वर्तमान सरपंच को भी उस जगह को सुंदरीकरण करने के लिए कहा गया था मगर आज तक नहीं किया गया वहीं वर्तमान सरपंच ने कहा कि पंचायत में प्रस्ताव हो गया हैऔर कि बजट आने के बाद निर्माण कार्य किया हितेश सिन्हा के द्वारा नदी महराज अपमान होने के कारण वहां से नंदी महाराज को दूसरी जगह स्थापित किया गया बताया

ग्रामीणों का कहना है कि नंदी चौक केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि ग्राम की धरोहर और पहचान है। इसलिए प्रशासन और पंचायत दोनों को मिलकर इस स्थल के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए।

5.580 बल्क लीटर देशी शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

राजिम/नवप्रदेश। गरियाबंद - गरियाबंद पुलिस का नशे के विरूद्ध एक विशेष अभियान नया सवेरा के अंतर्गत अवैध शराब बेचने, पिलाने व अन्य नशीली पदार्थों पर कार्यवाही हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया था। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत मुखबीर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय किया गया है। आज दिनांक 13.10.2025 को थाना प्रभारी राजिम को मुखबिर द्वारा सूचना मिला की दो व्यक्ति एक काला रंग के मोटर सायकल क्रमांक छ्त्र 04 चश्व 7166 में भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्रि करने हेतु राजिम से देवारपारा की ओर जाने वाले हैं। कि सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा टीम तैयार कर मूखबीर द्वारा बताये स्थान पर पहुंच घेरा बंदी कर मुक्ति धाम से देवारपारा की ओर जाती हुई संदेही काले रंग की मोटर सायकल पर सवार दो व्यक्ति को रोका। संदेहियों से पूछताछ करने पर अपना नाम 1) जनक ध्रुव पिता रमेश ध्रुव उम्र 30 वर्ष 2) अरूण देवार पिता शंकर उम्र 32 वर्ष साकिन देवारपारा राजिम जिला गरियाबंद का होना बताया। जिसकी जूमला कीमती 3100/-रूपये एवं शराब परिवहन हेतु प्रयुक्त काला रंग की मोटर सायकल पल्सर क्रमांक छ्त्र 04 चश्व 7166 जूमला कीमती 30,000/-रूपये कुल जूमला कीमती 33,100/- रूपये को समक्ष गवाहों के जप्त कर धारा 34(2) छ.ग. आबकारी अधिनियम का अपराध घटित करना पाये जाने से दोनों आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करते हुए विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

जिलाध्यक्ष चयन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह, बंद कमरे में हुई रणनीतिक चर्चा

छुरा / नवप्रदेश। कांग्रेस की संगठन सृजन अभियान के तहत रविवार को गरियाबंद जिले के छुरा विश्रामगृह में एक महत्वपूर्ण और उत्साहजनक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं राजस्थान सरकार की पूर्व राज्यमंत्री रेहाना रियाज चिश्ती ने बतौर पर्यवेक्षक शिरकत की। कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए पुष्पगुच्छ भेंट किया।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रेहाना चिश्ती ने कहा कि अब कांग्रेस में संगठन की बागडोर केवल नेताओं के करीबी चाटुकारों को नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर काम करने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं को सौंपी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार जिलाध्यक्ष का चयन कार्यकर्ताओं की राय से होगा, जिससे संगठन की जड़ें और भी मजबूत होंगी।प्रवेशिका के इस बयान के बाद कार्यकर्ताओं में नए जोश की लहर दौड़ गई। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर भी जमकर हमला बोला। चिश्ती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ दो लोगों के प्रधानमंत्री बनकर रह गए हैं ङ्क अडानी और अंबानी। देश में महंगाई चरम पर

है, जनता त्रस्त है। छत्तीसगढ़ में भी भाजपा की सरकार जनता को भ्रमित करने और लूटने में लगी है। एक ओर महिलाओं को महतारी वंदन योजना में 1000 रुपए देती है, तो दूसरी ओर बिजली बिल बढ़ाकर वही पैसा वापस ले रही है। स्कूल बंद हो रहे हैं, लेकिन शराब दुकानें हर गली-चौराहे पर खुल रही हैं। अपने सार्वजनिक संबोधन के बाद रेहाना चिश्ती ने बंद कमरे में संभावित जिलाध्यक्षों के चयन को लेकर गंभीर मंथन किया। बैठक में कांग्रेस के प्रमुख दावेदार भवानीशंकर शुक्ल, युगल पांडे, नीरज ठाकुर, सुकचंद बेहरा और शैलेश साहू अपने समर्थकों के साथ विश्रामगृह में मौजूद रहे। सभी दावेदारों ने अपने-अपने पक्ष को मजबूती से रखा।गौरतलब है कि इस बार जिलाध्यक्ष पद को लेकर कार्यकर्ताओं में असाधारण उत्साह देखा गया, जो स्पष्ट रूप से इस बात का संकेत है कि कांग्रेस में संगठनात्मक बदलाव की बयार नई दिशा ले रही है। संगठन सृजन अभियान के जरिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को फिर से सक्रिय करने और नेतृत्व को जमीनी स्तर से जोड़ने की कोशिश कर रही है।कुल मिलाकर, गरियाबंद जिले में संगठन सृजन कार्यक्रम कांग्रेस के लिए नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करता नजर आ रहा है।

इस अवसर पर बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव,नथमल शर्मा,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा,यशपेंद्र शाह,जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम,लक्ष्मी अरुण साहू,अब्दुल समद खान, रमेश शर्मा,चमन साहू, नियाज खान, हरीश साहू, नीलकंठ ठाकुर,चेतन ठाकुर,सलीम मेमन, अवधेश प्रधान,सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जी एन ए महाविद्यालय में विश्व बालिका दिवस का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय गजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में रेडक्रॉस सोसायटी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाटापारा के संयुक्त तत्वावधान में विश्व बालिका दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ आनंद कुमार मिंज के मार्गदर्शन में किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाटापारा से डॉ सेवक राम साहू, डॉ शाराराम, कुमारी बिंदु, श्रीमती अंजू साहू ने बालिका स्वास्थ्य के बारे में अपने विचार रखे एवं विद्यार्थियों को इस बारे में जागरूक किया. कार्यक्रम का अंत शपथ ग्रहण के साथ हुआ जिसमें समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. कार्यक्रम का मंच संचालन रेडक्रॉस प्रभारी डॉ दीपिका त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती स्नेहा दुबे ने किया।

डॉ.वंदनागोपाल शर्मा विद्या वाचस्पति सम्मान से सम्मानित

भाटापारा/नवप्रदेश। देवभूमि उत्तराखंड की पवित्र नगरी हरिद्वार के गंगा तट पर 10 अक्टूबर को एक अजीब संयोग हुआ।सर्वभाषाओ की जननी माँ संस्कृत के घर उत्तराखंड संस्कृत अकादमी परिसर में बिहार की धरती से बेटी हिंदी, विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के रूप में न सिर्फ पधारी बल्कि पहले माँ संस्कृत को आत्मसात किया और फिर देशभर से आएं संस्कृत और हिंदी सेवियों का पलक पावड़े बिछाकर अभिनन्दन किया।सन 800 ईसवी में स्थापित इस पुरातन हिंदी विश्वविद्यालय को वर्तमान में विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के रूप में जाना जाता है।उत्तराखंड शासन के संस्कृत शिक्षा निदेशक डॉ आनन्द भारद्वाज की मेजबानी में

विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ भागलपुर ,बिहार का वार्षिक अधिवेशन व सम्मान समारोह का आयोजन उत्तराखंड के संस्कृत

शिक्षा निदेशक डॉ आनन्द भारद्वाज की मेजबानी में उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार के आडिटोरियम में किया गया।संस्था के उपकुलसचिव डॉ प्रेमचंद पांडेय के संचालन में मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी रहे,जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में देहरादून ब्रह्माकुमारीज सब जोन इंचार्ज राजयोगिनी बीके मंजू दीदी ने भागीदारी की।विद्यापीठ के कुलपति डॉ दयानन्द जायसवाल, माउंट आबू ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय से पधारे प्रोफेसर सतेंद्र भाई,दिल्ली से आए डॉ विनोद बब्बर ने संयुक्त रूप से दीप प्रवलित कर अधिवेशन का आगाज़ किया।

रुड़की गीतकार अनिल अमरोही ने सरस्वती वंदना व विद्यापीठ का कुलगीत तथा डॉ वर्षा शर्मा ने ऐतिहासिक गीत में संस्कृत की महिमा का बखान करके वाहवाही बटोरी,वहीं अपने स्वागत उदबोधन में उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के सचिव व संस्कृत शिक्षा निदेशक डॉ आनन्द भारद्वाज ने कहा कि संस्कृत भाषाओं की जननी है तो हिंदी उसकी बेटी और आज हिंदी रूपी बेटी विद्यापीठ के रूप में अपनी माँ संस्कृत से मिलने भागीरथी नगरी हरिद्वार पधारी है। उपकुलसचिव डॉ गोपाल नारसन ने विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

मोना स्कूल सारंगढ़ को राष्ट्रीय स्पर्धा देशराग भिलाई में सर्वश्रेष्ठ संस्थान

भटगांव/नवप्रदेश। सारंगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता देशराग में मोना स्कूल सारंगढ़ ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से नगर और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में मोना स्कूल सारंगढ़ के 50 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की विशाल टीम ने भाग लेकर विभिन्न नृत्य, गायन एवं वादन श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पुरस्कार अपने नाम किए। विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ संस्थान का सम्मान प्रदान किया गया, जो विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है।

कार्यक्रम में डॉ. तोषी गुप्ता के निर्देशन में अभ्युदय नृत्य कला केंद्र के छात्राओं ने शास्त्रीय कथक नृत्य एवं अर्धशास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किए। गायन और वादन का प्रशिक्षण सु मेघना सिंह द्वारा प्रदान किया गया।

विशेष उपलब्धियों में शार्वी

केशरवानी का चयन जयपद्म सम्मान के द्वितीय चरण के लिए हुआ। फेस्टिवल आर्टिस्ट के रूप में शार्वी को कला अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया जबकि शास्त्रीय कथक नृत्य जूनियर वर्ग कि प्रतियोगिता में शार्वी के अभूतपूर्व प्रदर्शन के लिए उन्हें नवोदित प्रतिभा सम्मान से भी अलंकृत किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट निर्देशन और कलात्मक योगदान के लिए डॉ. तोषी गुप्ता एवं सु मेघना सिंह को कला गुरु सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय कला एवं संस्कृति के संवर्धन में उनके अमूल्य योगदान की सराहना स्वरूप प्रदान किया गया। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता देशराग नृत्यधाम कला समिति, भिलाई द्वारा आयोजित की गई थी। समिति की निदेशक डॉ. राखी राय हैं, जिन्होंने भारतीय कला और संस्कृति के संरक्षण एवं प्रसार के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया।

खेलकूद

आखिरी सेट में किया बाज़ी पर कब्ज़ा एसपी राखेचा के नेतृत्व में जवानों ने दिखाया विजयी दमखम

पसीना, जोश और जीत का संगम - गरियाबंद पुलिस बॉलीवॉल फाइनल

गरियाबंद/नवप्रदेश। पुलिस जवानों में खेल भावना और टीम स्पिरिट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित गरियाबंद पुलिस बॉलीवॉल प्रतियोगिता सोमवार को अपने चरम पर पहुंची। रोमांचक फाइनल मुकाबले में म.30 पैंथर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैनपुर डिवीजन को हराकर विजेता का ताज अपने नाम किया।

फाइनल मैच बेस्ट ऑफ5 सेट के आधार पर खेला गयाए जिसमें दोनों टीमों ने एक.दूसरे को कड़ी टक्कर दी। पहले दो सेट में म.30 पैंथर ने बढ़त बनाईए जबकि मैनपुर डिवीजन ने अगले दो सेट जीतकर मुकाबले को रोमांचक

बना दिया। निर्णायक सेट में जबरदस्त संघर्ष के बाद म.30 पैंथर ने 15 अंकों के खेल में 2 अंकों से जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया।

बारिश के कारण दो बार स्थगित हुआ था फाइनल : फाइनल मुकाबला पहले बारिश की वजह से दो बार टल गया थाए जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों में बेसब्री बढ़ गई थी। आखिरकार सोमवार को मुकाबला शुरू होते ही मैदान में जोश और रोमांच का माहौल छा गया। दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों का उत्साह खिलाड़ियों के जोश से कम नहीं था।

टीमों के बीच रोमांचक टक्कर

कप्तान मनोज भगत की अगुवाई में म.30 पैंथर की टीम ने शानदार तालमेल और सटीक रणनीति के दम पर जीत दर्ज कीए जबकि रवि सिन्हा के नेतृत्व में मैनपुर डिवीजन ने भी दमदार खेल दिखाते हुए मुकाबले को अंत तक जीवित रखा। हर रैली पर तालियों की गड़गड़ाहट और नारों से पूरा मैदान गूंजता रहा।

पुरस्कार वितरण समारोह में छाया उत्साह

विजेता म.30 पैंथर को 10ए000 नगद पुरस्कार और सील्ड मैडल प्रदान किया गया। उपविजेता मैनपुर डिवीजन को ?7ए000 नगद व मैडलए जबकि तीसरे स्थान पर रही म.30 फाइटर को ?5,000 नगद पुरस्कार मैडल और सील्ड दिया गया।

प्रतियोगिता में शामिल हुई 9 टीमें

इस प्रतियोगिता में पुलिस विभाग की कुल 9 टीमें कृ वारियरए हंटरए तेजसए फाइटरए एसटीएफए सीएफए मैनपुरए नवागढ़ और म.30 पैंथर शामिल थीं। हर टीम ने अपने खेल और अनुशासन से प्रतियोगिता को यादगार बना दिया।

विशिष्ट अतिथि रहे मौजूद

कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे आरण्आईण् सनत ठाकुरए थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादवए कान्हा क्लब के कोच जीण्डीण् उपासनेए पार्षद छगन यादवए विजय सिन्हाए ललित साहूए इमरान मेमनए प्रहलाद यादव और कार्तिक यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनकी हौसला अफजाई की।

एसपी निखिल राखेचा की पहल बनी प्रेरणा

इस प्रतियोगिता की शुरुआत पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा की पहल पर हुई थी। खेलों के प्रति उनकी रुचि और फिट पुलिस फोर्स की सोच ने पूरे जिले में नई ऊर्जा भर दी है।

प्रीमियम शराब दुकान हटाने नगर साहू समाज का धरना शुरू

भाटापारा/नवप्रदेश। दानवीर भामाशाह चौक पर खुले प्रीमियम शराब दुकान को हटाने के लिए नगर साहू समाज भाटापारा के द्वारा धरना दिया गया । विदित हो कि नगर समाज के द्वारा कलेक्टर सहित समस्त अधिकारियों एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव को भी ज्ञापन सौंपकर इस शराब दुकान को हटाने की मांग की गई थी लेकिन शासन प्रशासन के द्वारा इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे हताश होकर साहू समाज के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। चुंकि प्रीमियम शराब दुकान से 100 मीटर के दायरे में 5 स्कूल संचालित है तथा शीतला माता मंदिर,बजरंगबली मंदिर,खप्पर बाबा का मंदिर एवं अन्य सार्वजनिक स्थल हैं। प्रीमियम शराब दुकान खोलने से यहां का माहौल बिगड़ेगा और आने वाले दिनों में अप्रिय घटनाएं भी होगी। धरना स्थल पर मौजूद लोगों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस शराब दुकान के कारण हमारी बेटियां,माताएं,बहनें एवं स्कूली बच्चे भी सुरक्षित नहीं रहेंगे।

इस धरना को अन्य समाज के लोगों ने भी समर्थन दिया एवं मंच पर आकर अपना आक्रोश भी व्यक्त किया।

न्यूज गैलरी

अंतर्राष्ट्रीय मेयर फोरम में शामिल होने जापान गई महापौर चौबे

रायपुर/नवप्रदेश। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास कार्यालय (यूएनओएसडी), जो संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग (यूएनडीईएसए) के सतत विकास लक्ष्यों (डीएसडीजी) प्रभाग के अंतर्गत है, 2025 अंतर्राष्ट्रीय मेयर फोरम का आयोजन 14-16 अक्टूबर को टोयोटा सिटी, जापान में कर रहा है। यह आयोजन संयुक्त राष्ट्र क्षेत्रीय विकास केंद्र,यूएन हैबिटेट और टोयोटा सिटी, जापान के सहयोग से किया जा रहा है। रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे इसमें शामिल होने के लिए जापान की टोयोटा सिटी पहुंच चुकी हैं। इस फोरम में राष्ट्रीय सरकारों, स्थानीय निकाय प्रमुखों, संघों, के प्रतिनिधि शामिल होंगे। ये आमंत्रित प्रतिनिधि ऐसी सफलता के उदाहरण प्रस्तुत करेंगे, जिनसे 2030 एजेंडा और सतत विकास लक्ष्यों को शेष पाँच वर्षों में स्थानीय स्तर पर लागू करने की गति बढ़ाई जा सके। इस फोरम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय और क्षेत्रीय सरकारों को नीति संवाद और ज्ञान साझा करने के लिए वार्षिक मंच प्रदान करना है, ताकि 2030 एजेंडा और एसडीजी के कार्यान्वयन से जुड़े मुख्य पहलुओं पर चर्चा की जा सके।2025 का यह फोरम स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय सरकारों के लिए एक रणनीतिक अवसर भी होगा, जहाँ वे भविष्य के लिए महत्वपूर्ण वैश्विक एजेंडों को आगे बढ़ाने के तरीकों की खोज करेगा, जिससे 2030 एजेंडा और उसके एसडीजी का कार्यान्वयन तेज़ी से हो सके।

शॉर्ट सर्किट से जल गया था ट्रक, बीमा कंपनी को देने होंगे 29 लाख रुपये

रायपुर/ नवप्रदेश। शॉर्ट सर्किट से ट्रक में लगी आग पर बीमा कंपनी ने पीड़ित को मुआवजा नहीं दिया। पीड़ित ने इस मामले में राज्य उपभोक्ता आयोग में परिवाद पेश किया। मामले में आयोग ने बीमा कंपनी को परिवादी को 29 लाख 5 हजार 500 रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह राशि 45 दिनों के भीतर ब्याज सहित चुकानी होगी। सुरजपुर जिले के निशांक शुक्ला के मुताबिक उनके ट्रक में बीमा अवधि के दौरान बसंतपुर घाट, जिला बलरामपुर में ढाल से उतरते समय शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी। देखते ही देखते ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गया। उन्होंने नुकसान की भरपाई के लिए ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी में दावा प्रस्तुत किया। लेकिन कंपनी ने यह कहते हुए दावा खारिज कर दिया कि वाहन का नेशनल परमिट ऑथराइजेशन समाप्त हो चुका था। कंपनी के इस निर्णय से नाराज होकर निशांक शुक्ला ने जिला उपभोक्ता आयोग अंबिकापुर में शिकायत दर्ज कराई। वहां आयोग ने सर्वेयर की रिपोर्ट के आधार पर आंशिक राहत देते हुए बीमा कंपनी को करीब 15 लाख 81 हजार 275 रुपए का भुगतान करने का आदेश दिया। लेकिन परिवादी इस फैसले से असंतुष्ट रहा और उसने राज्य आयोग में अपील की। राज्य आयोग ने जिला आयोग के आदेश में संशोधन करते हुए बीमा कंपनी को आदेश दिया कि वह परिवादी को वाहन के चीमित मूल्य 29,05,500 में से 1,500 अनिवार्य कटौती घटाकर पूरी राशि दे।

चित्रकारों ने कराया रंगों से छत्तीसगढ दर्शन

रायपुर/ नवप्रदेश। संस्कार भारती छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में 51 चित्रों की एक चित्रमाला निर्माण कार्यशाला 11 -12 अक्टूबर को विप्र भवन समता कॉलोनी रायपुर में आयोजित की गई । कार्यशाला में प्रदेश की राजधानी रायपुर के चित्रकारों के अलावा बिलासपुर , राजनांदगांव , खैरागढ़ , जांजगीर - चांपा , दुर्ग , बालोद, महासमुंद , दंतेवाड़ा ,रायगढ़ धमतरी, बलोदा बाजार ,बस्तर आदि स्थानों से कलाकार पधारे एवं 51 चित्रों की रचना की. इन चित्रों में कला संस्कृति एवं परम्परा, ऐतिहासिक घटना, सामाजिक जनजीवन और तीज त्यौहार आदि विषय आधार रूप में हैं. इन विषयों का चयन साहित्य अकादमी के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा के द्वारा किया गया।

छत्तीसगढ़ को भारत के मानचित्र पर एक नए राज्य के रूप में 25 वर्ष हो गए इसी अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव का प्रारंभ 15 अगस्त 2025 से हुआ जिसमें सभी विभागों के द्वारा फरवरी 2026 तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन शासन और गैर सरकारी संस्थाओं के द्वारा किया जा रहा है. इसी तारतम्य में संस्कार भारती के द्वारा इस कार्यशाला के आयोजन योजना बनी और कार्यशाला सफल रूप से संपन्न हुई। इस चित्रकला कार्यशाला को संस्कार भारती द्वारा प्रशासन को समर्पित कर आग्रह किया जाएगा।

उपाध्याय महेन्द्र सागर होंगे 5वे आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर ने की घोषणा

रायपुर/ नवप्रदेश। तीर्थंकर परमात्मा महावीर स्वामी के पंचम गणधर परंपरा के 82वें वर्तमान पट्टधर आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर महाराज ने बाड़मेर में आयोजित महा मांगलिक कार्यक्रम के दौरान एक ऐतिहासिक घोषणा की। उन्होंने खरतरगच्छ के उपाध्याय पद पर विराजमान अध्यात्म योगी महेंद्रसागर को जैसलमेर में होने वाले चादर महोत्सव के दौरान आचार्य पदवी प्रदान करने की घोषणा की। इस घोषणा के साथ ही पूरे भारत के खरतरगच्छ संघ में हर्ष की लहर दौड़ गई। जैन समुदाय के श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को बधाईयां दीं और पूज्य श्री के प्रति आभार व्यक्त किया। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद और महासचिव महेंद्र कोचर ने कहा कि पूज्य गुरुदेव का यह निर्णय खरतरगच्छ के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगा। जैसे ही यह समाचार रायपुर पहुंचा, विवेकानंद नगर स्थित संघ भवन में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

12 श्रेणियों में मिलेगा राज्य अलंकरण, आए 200 आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य स्थापना दिवस को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही हैं। नवा रायपुर के तूता स्थित राज्योत्सव स्थल पर इस बार पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्थानीय कलाकारों के साथ ही देश के कई कलाकार रंग जमाएंगे। इस दौरान अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कलाकारों को समानित किया जाएगा। इनमें संस्कृति विभाग की ओर से 12 अलग-अलग श्रेणियों में राज्य अलंकरण समान के लिए आवेदन मंगाए गए। इसमें विभाग के पास 200 आवेदन प्राप्त हुए।

इसमें हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का चयन करने के लिए समिति का गठन किया जाएगा। इसमें हर क्षेत्र के समान के लिए अलग-अलग कमेटी बैठक कर इसका चयन करेगी। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस कमेटी में वे ही सदस्य शामिल होंगे, जो कि उस क्षेत्र से जुड़े हो।

25 साल की दिखेगी विकास यात्रा

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष में होने वाले राज्योत्सव कार्यक्रम की थीम इस बार राज्य की 25 साल की विकास यात्रा पर आधारित होगी। राज्य स्तर पर यह आयोजन पांच दिन का और जिलों में तीन दिन का होगा। इस संबंध में जिला मुयालयों में होने वाले आयोजनों को लेकर राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। साथ ही विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का आयोजन होगा।

इसमें विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं और परियोजनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा

समान का नाम	कार्य क्षेत्र
पं सुंदर लाल शर्मा समान	हिंदी साहित्य
दाऊ मंदराजी समान	लोक नाट्य व लोक शिल्प
चक्रधर समान	शास्त्रीय संगीत व नृत्य
देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार	लोक नृत्य
लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार	आंचलिक साहित्य-लोक कविता
हबीब तनवीर समान	समकालीन रंगकर्म (छग-हिंदी-अन्य भाषा नाटक)
देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार	पंथी नृत्य
लक्ष्मण मस्तुरिया समान	छत्तीसगढ़ी लोक गीत
खुमान साव समान	छत्तीसगढ़ी लोक संगीत
किशोर साहू समान	हिंदी-छग़ सिनेमा में रचनात्मक लेखन, निर्देशन-अभिनय
छत्तीसगढ़ अप्रवासी समान	अप्रवासी भारतीय द्वारा सामाजिक कल्याण, कला, साहित्य
किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण	हिंदी-छग सिनेमा में निर्देशन

दीपावली-छठ पर बढ़ेगी भीड़, आरपीएफ ने रिजर्वेशन काउंटर पर की जांच

त्योहारों में रेल सफर अलर्ट मोड पर

रायपुर/नवप्रदेश। दीपावली और फिर छठ पूजन को लेकर रेलगाड़ियों में यात्रियों का भार बढ़ने की संभावना है। आरक्षण न मिलने पर टिकटों की कालाबाजारी होने की आशंका है। वहीं रेलगाड़ियों में शराब व मादक पदार्थ लाए जाने की भी आशंका जताई जा रही है। इन सभी के चलते राजकीय रेलवे पुलिस आरपीएफ सक्रिय हुई है और क्राइम ब्रांच ने रिजर्वेशन कार्यालय में टिकट बुक करवाने आने वालों के जांच के निर्देश दिए है।

आरपीएफ के अनुसार त्योहार की वजह से रेल गाड़ियों में भीड़ होने की संभावना है। ऐसे में कई एजेंटों के सक्रिय होकर टिकटों की कालाबाजारी की जा सकती है। जो अपने आदमियों की मदद से तत्काल में रिजर्वेशन कराते हैं और फिर इन्हें ऊंची कीमतों में बेचकर मोटा मुनाफा कमाते हैं। इन एजेंटों पर नकेल कसने के उद्देश्य से आरपीएफ की क्राइम ब्रांच की टीम लगातार सुबह आरक्षण कार्यालय में टिकट बुक करवाने आए लोगों से पूछताछ कर रही है। इनकी ओर से बुक करवाए टिकटों के बारे में जानकारी ली गई। फिलहाल टिकटों की कालाबाजारी का कोई भी मामला पकड़ में नहीं आया है। आरपीएफके मुताबिक त्योहार की वजह से दलालों के सक्रिय होने की आशंका है। जांच की जा रही है।

ट्रेनों में भी चौकसी बढ़ाई

आरपीएफ की मानें तो त्योहारी सीजन में भीड़-भाड़ के बीच अवैध शराब व मादक पदार्थ की तस्करी भी किए जाने की आशंका है। इन पर अंकुश के लिए आरपीएफ और जीआरपी ने सक्रियता और चौकसी बढ़ाई है।

महाराष्ट्र मंडल ने जरूरतमंदों को वितरित किए कपड़े

रायपुर/ नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की युवा समिति ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली के पूर्व शहर की निचली बस्ती में जाकर जरूरतमंदों को कपड़े वितरित किए। इस दौरान कपड़ा लेने के लिए लोगों की खासी भीड़ देर तक उमड़ती रही। युवा समिति के समन्वयक विनोद राखुंडे ने बताया कि दीपावली के पूर्व आर्थिक रूप से संपन्न लोग अपने लिए नये कपड़े खरीदते हैं, वहीं एक-दो बार पहनने के बाद पुराने कपड़ों को पहनना छोड़ देते हैं। फैशन का दौर इतनी तेजी से बदल रहा है कि आज की पीढ़ी को अपने फैशन के अनुरूप कुछ महीनों में कपड़े बदलने पड़ते हैं। वहीं पुराने कपड़े यूं ही रखे रहते हैं। जिसे हम दीवाली की सफाई के दौरान निकालते हैं। ऐसे ही साफ सुथरे कपड़ों को महाराष्ट्र मंडल में एकत्र तक निचली और झुग्गी बस्तियों में जाकर लोगों को वितरण किया जाता है।

फार्मेसी प्रवेश काउंसलिंग शुरू, आवेदन 18 तक

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के फार्मेसी कॉलेजों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया सोमवार 13 अक्टूबर से शुरू हो गई है। इसमें बी-फार्मेसी, डी- फार्मेसी और एम-फार्मेसी के विद्यार्थी शामिल होंगे। पहले चरण की काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन 18 अक्टूबर तक भरे जाएंगे। पहली मेरिट सूची का प्रकाशन 24 अक्टूबर को जारी की जाएगी। इसके बाद 25 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति के लिए समय दिया जाएगा। प्रथम चरण की सीटों आवंटन 29 अक्टूबर को होगा।

आवंटित सीटों में विद्यार्थियों को 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक एडमिशन लेना होगा। दूसरे चरण की शुरुआत 7 नवंबर से होगी और 10 नवंबर तक आवेदन करने होंगे। दूसरी मेरिट सूची 12 नवंबर को आएगी। विद्यार्थी 13 नवंबर तक दावा-आपत्ति करेंगे। फिर 15 नवंबर को सीटों का आवंटन होगा। आवंटन सूची में शामिल विद्यार्थियों को 16 से 19 नवंबर तक तय कॉलेजों में जाकर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

बी फॉर्मेसी में भी प्रवेश

शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रायपुर में इसी सत्र 2025-26 से बी-फॉर्मेसी (बैचलर ऑफफार्मेसी) पाठ्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। यह पहल छात्राओं को स्वास्थ्य, औषधि विज्ञान एवं फार्मास्यूटिकल उद्योग में उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगी। यह पाठ्यक्रम प्रदेश में पहली बार शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में प्रारंभ किया जा रहा है। अभी तक इस पाठ्यक्रम के अध्ययन के लिए निजी महाविद्यालयों में जाकर प्रवेश लेना होता था। 4 वर्ष (8 सेमेस्टर) पाठ्यक्रम में 60 सीटें निर्धारित की गई हैं। इसमें भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं विज्ञान/गणित विषयों के साथ 12वीं उत्तीर्ण छात्राओं को प्रवेश मिलेगा। इसमें प्रवेश परीक्षा पीपीएचटी एवं डीटीई सीजी काउंसलिंग/मेरिट के आधार पर सीट दी जाएगी।

हत्या का प्रयास, 4 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। ऑपरेशन निश्चय के तहत 11 अक्टूबर को तड़के सुबह पुलिस ने आरोपियों के घर दबिश देकर उन्हें पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में सोहेब अहमद (20), मोहम्मद सैफउर्फ मारूफ (19), मोहम्मद जुनैद (21), और तुफान अली उर्फ दानिश अली (22), सभी बीरगांव, उरला, रायपुर के निवासी हैं। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक लकड़ी का स्टिक और एक लोहे का बटनदार चाकू जब्त किया।

घटना 25 मई 2025 को दोपहर 1:40 बजे नागेश्वर नगर, उर्मिया मार्केट के पास हुई, जब लव साहू पर पुरानी रंजिश के चलते रेहान खान, सोहेब, सैफ, जुनैद, और तुफान अली ने मिलकर चाकू से हमला किया। लव को पेट और पीठ में 4-5 जगह चोटें आईं, और उसे एन.के.डी. अस्पताल में भर्ती कराया गया। उरला थाने में अपराध क्रमांक 102/25, धारा 190, 191(3), 109(1) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया गया।

विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर रेहान खान को 26 मई 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, जबकि अन्य चार आरोपी फरार थे। पुलिस महानिरीक्षक, रायपुर रेंज के निर्देश पर ऑपरेशन निश्चय के तहत विशेष अभियान चलाया गया। 11 अक्टूबर को तड़के सुबह चेकिंग के दौरान फरार आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

होटल-बार कर्मियों के पुलिस वेरिफिकेशन की जानकारी नहीं

10 दिनों के भीतर पुलिस वेरिफिकेशन कराने का दिया था निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। आबकारी विभाग को प्रदेश के होटल व बार में कार्यरत कर्मचारियों के पुलिस वेरिफिक्केशन की जानकारी अब तक नहीं मिली है। यह जानकारी बार-होटल संचालकों को भेजनी है या पुलिस विभाग यह जानकारी भेजेगा, इसे लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

मालूम हो कि आबकारी सचिव आर शंगीता ने गत 1 अक्टूबर को होटल बार संचालकों की बैठक लेकर 10 दिनों के भीतर पुलिस वेरिफिक्केशन कराने का निर्देश दिया था। इस दौरान 21 वर्ष से कम आयु उम्र वाले को बार में प्रवेश नहीं देने का भी निर्देश दिया और रात्रि 12 बजे तक बार-रेस्टोरेंट बंद करने की चेतावनी दी थी। इस निर्देश के बाद आबकारी विभाग का अमला केवल बार-रेस्टोरेंट को रात्रि 12 बजे बंद कराने जुटा हुआ है, जबकि अन्य निर्देशों के बारे में विभाग को अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है। इसी तरह बार-रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि पुलिस वेरिफिक्केशन पुलिस को करना है। संबंधित दस्तावेज क्षेत्र के थानों में दिया जा रहा है। यह नहीं मालूम है कि पुलिस वेरिफिक्केशन करने के बाद पुलिस विभाग यह जानकारी आबकारी विभाग को भेजेगा या बार-रेस्टोरेंट संचालकों को यह जानकारी भेजनी है। कुल मिलाकर भ्रम की स्थिति में 10 दिनों से निर्देश पर पालन होता नजर नहीं आ रहा है। इस मसले पर आबकारी अधिकारियों का कहना है कि बैठक में बहुत सारे निर्देश मिले हैं, अभी केवल बार-रेस्टोरेंट को समय पर खुलने और बंद कराने पर ही ज्यादा जोर है।

प्लेटफार्म नंबर-7 पर शुरू होगा एक और एस्केलेटर

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे स्टेशन रायपुर का मॉडल स्टेशन की तर्ज पर पुनर्निर्माण किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर रेलवे की ओर से कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्लेटफार्म नंबर 7 पर एक और एस्केलेटर इसी हते शुरू किया जाएगी। वहीं, प्लेटफार्म नंबर-1 पर भी फुट ओवरब्रिज के पास नया एस्केलेटर शुरू हो गया है। इसके शुरू होने से लगेज लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों के साथ ही बुजुर्गों और दिव्यांगों को सुविधा होगी। रेलवे अफसरों ने बताया कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे की ओर से रायपुर मंडल के स्टेशनों पर करीब 40 लिट और एस्केलेटर लगाए जाएंगे। इसके लिए रेलवे मंडल के सभी स्टेशन का निरीक्षण किया जा रहा है।

माह में दूर होगी वेटिंग हॉल की समस्या

रायपुर स्टेशन समेत मंडल के अन्य स्टेशनों में वेटिंग हॉल की समस्या है। यात्रियों की संया अधिक होने के कारण रायपुर जंक्शन पर बने वेटिंग हॉल में जगह कम पड़ जाती है। इसके लिए रेलवे की ओर से स्टेशन पर स्थित खाली जगह का चयन कर यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण किया जाएगा। इस समस्या को 3 माह के अंदर दूर किया जाएगा।

सेकंड राउंड : डीएलएड व बीएड में प्रवेश शुरू, 7 हजार से अधिक सीटें हैं खाली

रायपुर/नवप्रदेश। डीएलएड व बीएड में प्रवेश के लिए सेकंड राउंड की काउंसिलिंग शुरू हो गई है। इस राउंड की पहली लिस्ट के अनुसार सोमवार, 13 अक्टूबर से एडमिशन दिए जा रहे है। दोनों कोर्स में करीब 21 हजार सीटें हैं। पहले चरण की काउंसिलिंग के बाद 7 हजार से अधिक सीटें खाली हैं।

इधर, द्वितीय चरण की काउंसिलिंग में भी तीन मेरिट लिस्ट जारी होगी। पहली लिस्ट 9 अक्टूबर को जारी हुई, इस पर दावा-आपत्ति मंगाई गई। 13 को फाइनल लिस्ट जारी हुई। इसके अनुसार 16 अक्टूबर तक प्रवेश दिए जाएंगे। वहीं दूसरी ओर राज्य में डीएलएड की 6660 सीटें हैं, इसमें से दो हजार से अधिक खाली हैं। बीएड की 14400 सीटों में से 5 हजार से अधिक खाली हैं। इसी तरह द्वितीय चरण की दूसरी लिस्ट 23 अक्टूबर को जारी होगी। 24 से 28 अक्टूबर तक प्रवेश दिए जाएंगे।

इस राउंड की तीसरी लिस्ट 30 को जारी होगी, इस पर दावा-आपत्ति मंगाई जाएगी। इसके बाद फिर 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक एडमिशन दिए जाएंगे। सीटें खाली रहने पर तीसरे चरण की काउंसिलिंग भी हो सकती है। हालांकि, इसके लिए अभी शेड्यूल जारी नहीं किया गया है।

रबी सीजन के लिए बीज की नई कीमत तय

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के राज्य स्तरीय बीज विक्रय दर निर्धारण समिति ने आगामी रबी सीजन के लिए बीज की नई कीमत तय कर दी है। इनमें गेहूं, रागी मटर, चना मसूर, मूंग उड़द तिवरा, सरसों अलसी मूंगफली और तोरिया शामिल हैं। यह दरें कृषक समग्र विकास योजना के अनुसार तय की गई है।

क्षेत्रीय समन्वयक के लिए आवेदन 15 तक

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य ग्रामीण आाजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत क्षेत्रीय समन्वयक पद के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। अभ्यर्थी 15 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी को आवेदन डाक के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायपुर के पते पर जमा करना होगा। विकासखंड स्तर पर कुल 5 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इसमें क्षेत्रीय समन्वयक का 1 पद आरक्षित वर्ग अनुसूचित जनजाति के लिए कोई भी पात्र उम्मीदवार नहीं होने के कारण पद के लिए फिर से विज्ञापन जारी किया गया है। अभ्यर्थी को स्नातक होने के साथ ही कम्प्यूटर सर्टिफिक्रेट और एक साल का अनुभव होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी आवेदन करने के लिए विवरण, आवेदन पत्र का प्रारूप और दिशा निर्देश रायपुर की वेबसाइट व जिला पंचायत रायपुर के सूचना पटल से प्राप्त कर सकते हैं।

अमीन के लिए आवेदन 17 तक, परीक्षा 7 दिसंबर को

रायपुर/नवप्रदेश। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत रिक्त अमीन पदों के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है। अभ्यर्थी 17 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। त्रुटि सुधार 18 से 20 अक्टूबर तक कर सकेंगे। परीक्षा 7 दिसंबर को संभावित है। परीक्षा के जरिए 50 पदों में भर्ती की जाएगी। परीक्षा राज्य के 16 जिला मुख्यालयों में आयोजित होगी। आवेदन के लिए 12वीं पास होना चाहिए। साथ ही चयन के बाद 6 माह के प्रशिक्षण में प्राप्त अंकों के आधार पर अभ्यर्थियों को अधिमान्यता दी जाएगी।

शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड में आज पीएम आवास का शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड 37 पार्षद कार्यालय रामकुण्ड में 14 अक्टूबर को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान वार्ड के लोगों से आवेदन लिए जाएंगे।

न्यूज गैलरी

पर्सनल लोन के लिए कर रहे हैं अप्लाई? जान लें ये 5 बातें

नई दिल्ली। त्योहारी सीजन हो या कोई आकस्मिक जरूरत, पर्सनल लोन अक्सर एक आसान समाधान लगता है। लेकिन बिना पूरी जानकारी के लोन के लिए आवेदन करना न केवल आपके आवेदन को खारिज करा सकता है, बल्कि आपके क्रेडिट स्कोर पर भी बुरा असर डाल सकता है। बैंक और वित्तीय संस्थान (फिनटेक कंपनियां) लोन देने से पहले कुछ प्रमुख मानकों पर आपकी प्रोफाइल को परखते हैं। यदि आप इन बातों को पहले से जानते हैं, तो आप न केवल अपनी लोन की मंजूरी की संभावना बढ़ा सकते हैं, बल्कि बेहतर ब्याज दरों का लाभ भी उठा सकते हैं।कोई भी बैंक या कंपनी सबसे पहले यह सुनिश्चित करना चाहती है कि आपके पास लोन चुकाने के लिए एक नियमित और स्थिर आय स्रोत है। आपकी मासिक आय जितनी अधिक और स्थिर होगी, लोन मंजूर होने की संभावना उतनी ही बढ़ जाएगी। अगर आप किसी एक ही कंपनी में 1-2 साल से नौकरी कर रहे हैं, तो इसे एक सकारात्मक संकेत माना जाता है। स्वरोजगार करने वाले लोगों को अपनी आय साबित करने के लिए टैक्स रिटर्न और अन्य वित्तीय दस्तावेज दिखाने पड़ते हैं।पर्सनल लोन की मंजूरी में आपका क्रेडिट स्कोर सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 750 या उससे अधिक का क्रेडिट स्कोर बहुत अच्छा माना जाता है, क्योंकि यह दर्शाता है कि आपने अपने पिछले कर्जों का भुगतान समय पर किया है। यदि आपके रिकॉर्ड में कोई डिफॉल्ट, देर से भुगतान या हाल ही में बहुत ज्यादा लोन आवेदन हैं, तो आपकी एप्लिकेशन खारिज हो सकती है।बैंक यह भी जांचते हैं कि आपकी मासिक आय का कितना हिस्सा पहले से चल रही श्वरूद्ध में जा रहा है। इसे 'डेट-टू-इनकम' (ष्ठञ्जढ्ढ) रेशियो कहते हैं। अगर आपकी आय का 40-50त्न से अधिक हिस्सा पहले से ही किस्तों में जा रहा है, तो नया लोन मिलना मुश्किल हो जाता है। इसलिए, नया लोन लेने से पहले पुराने छोटे कर्जों को चुका देना एक समझदारी भरा कदम है।लोन देने में आपकी उम्र भी एक महत्वपूर्ण कारक है। युवा आवेदकों को कम जोखिम वाला माना जाता है क्योंकि उनके पास कमाई के लिए लंबा कामकाजी जीवन होता है। आमतौर पर, बैंक 21 से 60 वर्ष की आयु के आवेदकों को प्राथमिकता देते हैं। लोन चुकाने की अवधि भी अक्सर आपकी सेवानिवृत्ति की आयु को ध्यान में रखकर तय की जाती है।आप किस कंपनी या संस्थान में काम करते हैं, इसका भी आपकी लोन एप्लिकेशन पर सीधा असर पड़ता है। एक प्रतिष्ठित, स्थिर और बड़ी कंपनी में काम करने वाले कर्मचारियों का लोन आवेदन जल्दी मंजूर होता है। इसके अलावा, डॉक्टर, इंजीनियर या चार्टर्ड अकाउंटेंट (ष्ट) जैसे पेशेवरों को बैंक अधिक भरोसेमंद मानते हैं और उन्हें आसानी से लोन दे देते हैं।

चांदी में भी ऐतिहासिक उछाल, इस साल निवेशकों की हुई चांदी

बाजार खुलते ही सोने-चांदी ने तोड़े रिकॉर्ड, कीमतें आसमान पर

नई दिल्ली। शुक्रवार की मुनाफावसूली के बाद हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय वायदा बाजार (MCX) में सोने और चांदी की कीमतों में आग लग गई। बाजार खुलते ही कीमती धातुओं ने ऐसी रफ्तार पकड़ी कि सारे पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त हो गए। सोने के भाव में जहां ?2300 से ज्यादा का ऐतिहासिक उछाल आया, वहीं चांदी ?5800 से ज्यादा महंगी होकर अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।जानकारों का मानना है कि इस तूफानी तेजी के पीछे अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते टैरिफ वॉर और फिजिकल सप्लाई में आई कमी मुख्य वजह है, जिसके चलते निवेशकों ने एक बार फिर सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने-चांदी का रुख किया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (स्ष्टङ्क) पर आज सोने की कीमतों ने एक नया इतिहास रच दिया। कारोबारी सत्र के दौरान सोने का भाव ?2,316 की तूफानी तेजी के साथ ?1,23,680 प्रति दस ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। सुबह 10¬06 बजे सोना ?1,961 की बढ़त के साथ ?1,23,325 पर कारोबार कर रहा था। आपको बता दें कि शुक्रवार को बाजार बंद होने पर सोने का भाव ?1,21,364 प्रति दस ग्राम था।सोने की राह पर चलते हुए चांदी ने भी आज आसमान छू लिया। वायदा बाजार में चांदी के दाम ?5,856 की विशाल छलांग लगाकर ?1,52,322 प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। सुबह 10¬10 बजे चांदी ?5,140 की मजबूती के साथ ?1,51,606 पर ट्रेड कर रही थी। जबकि शुक्रवार को चांदी की कीमतें ?1,46,466 प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थीं। या वेल्थ के डायरेक्टर अनुज गुप्ता ने इस अभूतपूर्व उछाल के पीछे मुख्य रूप से दो बड़े कारणों को

जिम्मेदार ठहराया है। उनके अनुसार, एक ओर जहां अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर के कारण वैश्विक बाजार में अनिश्चितता का माहौल है, जिससे निवेशक शेयर बाजार जैसे जोखिम भरे विकल्पों से हटकर सोने-चांदी जैसे सुरक्षित निवेश का रुख कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर फिजिकल गोल्ड और सिल्वर की सप्लाई में आई कमी भी कीमतों को और बढ़ावा दे रही है। इसी आधार पर अनुज गुप्ता ने यह अनुमान भी लगाया है कि यह तेजी का दौर आगे भी जारी रह सकता है और आगामी धनतेरस तक सोने का भाव ?1.30 लाख जबकि चांदी ?1.55 लाख प्रति किलोग्राम के स्तर को भी छू सकती है। मौजूदा साल 2025 सोने और चांदी के निवेशकों के लिए बेहद शानदार और मुनाफावसूली वाला साबित हुआ है। सोने की कीमतों पर नजर डालें तो, जो 31 दिसंबर 2024 को ?76,748 प्रति 10 ग्राम पर था, उसमें अब तक 61त्न यानी ?46,932 से भी ज्यादा की जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की जा चुकी है। वहीं दूसरी ओर, चांदी ने तो सोने से भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए इस साल लगभग 75त्न का अभूतपूर्व रिटर्न दिया है। साल की शुरुआत में ?87,233 प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही चांदी अब तक ?65,089 महंगी होकर निवेशकों के लिए एक बेहतरीन संपत्ति साबित हुई है।

महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर पर निर्यात नियंत्रण भी लागू किया जाएगा

ट्रंप के 'टैरिफ बम' से क्रिप्टो बाजार में सुनामी निवेशकों के 1.7 लाख करोड़ रुपए स्वाहा

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार सुबह अपने एक ऐलान से वैश्विक बाजार में भूचाल ला दिया है। अपने पुराने प्रतिद्वंदी चीन के खिलाफ 'ट्रेड वॉर' को एक नए स्तर पर ले जाते हुए ट्रंप ने चीनी सामानों पर 100त्न अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है, जिसके बाद अमेरिकी बाजार से लेकर क्रिप्टो मार्केट तक में हाहाकार मच गया। बिटकॉइन समेत तमाम बड़ी क्रिप्टोकरेंसी धड़ाम हो गईं और निवेशकों को एक ही दिन में 1.7 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का भारी नुकसान हुआ।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर घोषणा करते हुए कहा, 1 नवंबर, 2025 से अमेरिका, चीन पर मौजूदा टैरिफ के अलावा 100त्न का अतिरिक्त टैरिफ लगाएगा। इसके साथ ही सभी महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर पर निर्यात नियंत्रण भी लागू किया जाएगा।

ट्रंप ने कहा कि यह कदम चीन की उस योजना के जवाब में जरूरी है, जिसमें वह लगभग हर उत्पाद पर व्यापक निर्यात नियंत्रण लागू करने की तैयारी कर रहा है। वर्तमान में अमेरिका चीनी उत्पादों पर 30त्न टैरिफ लगाता है, जो अब बढ़कर कुल 130त्न हो जाएगा। ट्रंप के इस ऐलान का सबसे विनाशकारी असर क्रिप्टोकरेंसी बाजार पर देखने को मिला, जहाँ निवेशकों में डर का माहौल बनने से चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई। सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन 10 प्रतिशत से ज्यादा लुढ़ककर .1,10,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर से भी नीचे आ गई, हालांकि बाद में इसमें मामूली सुधार होकर यह .1,13,096 पर कारोबार कर रही थी। इसी तरह, दूसरी सबसे बड़ी करेंसी इथेरियम में 11.2त्न की भारी गिरावट दर्ज की गई और यह .3,878 पर आ गई। बाजार में गिरावट का यह दौर यहीं नहीं रुका; बीएनबी , सोलाना और एक्सआरपी जैसी अन्य प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी में भी 14त्न से 18त्न तक की तगड़ी गिरावट देखी गई, जिससे पूरे क्रिप्टो जगत में हड़कंप मच गया। दरअसल, यह पूरा विवाद चीन की उस धमकी के बाद शुरू हुआ है जिसमें उसने भविष्य में 'रेयर अर्थ' खनिजों का निर्यात रोकने की बात कही है। ये खनिज अमेरिकी टेक और ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इसी धमकी के पलटवार के तौर पर राष्ट्रपति ट्रंप ने यह बड़ा ऐलान किया है। इस ट्रेड वॉर के बढ़ने से निवेशकों को डर है कि इसका सीधा असर क्रिप्टो माइनिंग और इससे जुड़ी टेक्नोलॉजी पर पड़ेगा, क्योंकि माइनिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले हार्डवेयर और चिप की सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है। इसी डर के कारण क्रिप्टो बाजार में भारी बिकवाली देखने को मिली।

एशियाई टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप हांगकांग ने भारत को 0-3 से हराया

भुवनेश्वर। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर होने के बावजूद भारत पर छठे स्थान पर काबिज हांगकांग ने आसान जीत हासिल की। पिछले तीन चरण में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को संघर्ष करना पड़ा। भारत की पुरुष टेबल टेनिस टीम को रविवार को 28वीं आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हांगकांग से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर होने के बावजूद भारत पर छठे स्थान पर काबिज हांगकांग ने आसान जीत हासिल की। पिछले तीन चरण में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को संघर्ष करना पड़ा। अब पांचवें स्थान के लिए क्लासिफिकेशन दौर में भारत का सामना कोरिया से होगा। विश्व रैंकिंग में 48वें स्थान पर काबिज वोंग चुन टिंग ने भारत के मानुष शाह को 11-5, 11-9, 13-11 से हराकर शानदार शुरुआत की।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं - 7)
- : मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर : -
Email ID - rmczone7@gmail.com

ईंश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 25095 दिनांक 13.10.2025
वार्ड का नाम- 24 सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 24 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR818D0013A जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती N. R. BUILDERS AND DEVELOPERS पिता / पति श्री/श्रीमती...... के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती KUBER SAHU पिता / पति श्री श्रीमती VISHRAM SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

400 मीटर दौड़ में गोल्ड जीत अलीगढ़ की नीरू ने बनाया रिकॉर्ड

अलीगढ़। नीरू कहतीं हैं कि उनका सपना ओलंपिक में पदक जीना है। उनके पिता किसान राजवीर पाठक बताते हैं कि नीरू बचपन में स्कूल दौड़कर जाती थी, तब लगता था कि बच्चे की चंचलता है, लेकिन आज वही नाम रोशन कर रही है। अलीगढ़ में इगलास क्षेत्र के गांव गदाखेड़ा की बेटी अंतरराष्ट्रीय एथलीट नीरु पाठक ने एक बार फिर अलीगढ़ जिले का नाम राष्ट्रीय पटल पर स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करा दिया है। भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नीरू ने अंडर-20 महिला वर्ग की 400 मीटर दौड़ में 53.38 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। साथ ही नया राष्ट्रीय मीट रिकॉर्ड भी बना डाला। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव विवेक कुमार ने बताया कि नीरु पाठक ने 2017 में जिन्सना मैथ्यू द्वारा बनाए गए 53.52 सेकंड के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। राष्ट्रीय स्तर पर 400

मीटर का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड हिमा दास के नाम है, जिन्होंने 2018 में 50.79 सेकंड का समय दर्ज किया था। नीरु पाठक के नाम पहले से ही अंडर-18 बालिका वर्ग में भी 400 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है, जो 52.85 सेकंड का है। लगातार रिकॉर्ड दर रिकॉर्ड तोड़कर नीरु पाठक ने साबित कर दिया। कि मेहनत और लगन से कुछ भी असंभव नहीं। 400 मीटर में नया मीट रिकॉर्ड बनाने पर उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन की सचिव नरेंद्र कुमार ने नीरू पाठक और उनके कोच विशाल सक्सेना को हार्दिक बधाई दी।

बंपर डिस्काउंट के बाद भी 'जीरो' पर अटकी सुई

नई दिल्ली। जीएसटी की नई दरें लागू होने के बाद जहां भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में रौनक लौट आई है, वहीं कुछ गाड़ियां ऐसी भी हैं जो ग्राहकों के लिए तरस रही हैं। एक तरफ जहां लोकप्रिय मॉडलों की बिक्री में जबरदस्त उछाल है, वहीं मारुति सुजुकी, निसान, किआ और सिट्रोएन जैसी बड़ी कंपनियों के पांच मॉडल ऐसे भी हैं।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि - 23/10/2025

स. क्र.	नि.आ.सु.क्र./ नि.आ.सु. दिनांक	सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम	कार्य का नाम	कार्य की अनुमाति लागत (रूपये लाख में)
01	02	03	04	05
1	189/2025-26 दिनांक 09/10/2025	**177313** (प्रथम आमंत्रण)	डी.जे. कोर्ट से हाता ग्राउंड मार्ग लम्बाई 1/2 से 1/6 =0.585 कि.मी. का चौड़ीकरण एवं उन्नतिकरण कार्य।	**170.17**

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर
जी- 252604125/3

न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

।। ईश्तहार ।।

रा.प्र.क्र.... ब/121 वर्ष 2024-25
ग्राम- सुरखी प.ह.नं. 09

एतद द्वारा सर्व साधारण को ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है आवेदक अशोकदास वल्द भंवरदास जाति पनिका निवासी मुंशी ईस्माईल वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा संयुक्त भू-स्वामी हक की भूमि ग्राम सुरखी प.ह.नं. 09 रा.नि.म. पटपर तहसील भाटापारा में स्थित भूमि खसरा नंबर 375 रकबा 0.0360 हे., लगान 0.25 रुपये भूमि की ऋण पुस्तिका निवास स्थान मुंशी ईस्माईल वार्ड भाटापारा से कही गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेजों के साथ आवेदन पेश किया है। जो न्यायालय के रा.प्र.क्र.....ब /121 वर्ष 2024-25 विचाराधीन है तथा दिनांक 31/10/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त सबंध में किसी व्यक्ति, संस्था को आपत्ति-दावा हो तो अपना आपत्ति-दावा मय दस्तावेज के साथ नियत दिनांक 31/10/25 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निश्चित समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 10/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील पद मुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
भाटापारा

समक्ष- श्रीमान् पब्लिक नोटरी महोदय साजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

!! शपथ-पत्र !!

मैं नीरा बाई पति राकेश कुमार उम्र 30 वर्ष जाति गोड़ निवासी ग्राम सहसपुर तहसील देवकर जिला बेमेतरा (छ.ग.) की हूं जो निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँ-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरा सही नाम नीरा बाई पति राकेश कुमार है जो पुर्णतः सत्य एवं सही है। परन्तु त्रुटिवश आधार कार्ड क्रमांक 6969 4284 9735 में मिरा बाई ठाकुर लिखा गया है। जिसे पूर्वतः त्याग करती हूँ उक्त नाम के स्थान पर नाम नीरा बाई पति राकेश कुमार दर्ज कराना चाहती हूँ।
3. यह कि उक्त नाम परिवर्तन की सूचना स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन कर समाचार हेतु शपथ पत्र की आवश्यकता हुई है।
4. यह उक्त शपथ पत्र उक्त तथ्यों के समर्थन में श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) में प्रस्तुत करने दिया जा रहा है।

!! सत्यापन !!

मैं नीरा बाई पति राकेश कुमार उम्र 30 वर्ष जाति गोड़ निवासी ग्राम सहसपुर तहसील देवकर जिला बेमेतरा (छ.ग.) (छ.ग.) की रहने वाली हूँ जो कि यह सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र की कण्डिका क्र.-01 से 04 तक की सभी जानकारी मेरे ज्ञान के अनुसार सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक 04.08.2025 को मुकाम साजा में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

सत्यापनकर्ता

कार्यालय सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर emailID-eocghbzonel@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा गुढ़ियारी कालोनी, रायपुर में निर्मित जनता योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. जनता-64, श्री के नारायण स्वामी पिता के. रामा स्वामी को आबंटित / नामांतरित किया गया है। मूल आबंटी / नामांतरी द्वारा दिनांक 08.09.2009 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी / नामांतरी की मृत्यु दिनांक 17.01.2020 को हो जाने के कारण श्री कोल्ली मधुकर राव पिता श्री कोल्ली नारायण स्वामी द्वारा उक्त भवन / भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, श्री के नारायण स्वामी पिता के. रामा स्वामी द्वारा दिनांक 27.10.2011 को निष्पादित पंजीकृत वसीयतनामा जो तेलगु भाषा एवं जिसका हिन्दी भाषा में रूपांतरण कर सत्यापित प्रति, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड श्री कोल्ली मधुकर राव पिता श्री कोल्ली नारायण स्वामी के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छ.ग. गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर emailID-eocghbzonel@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा गुढ़ियारी कालोनी, रायपुर में निर्मित जनता योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. जनता-63, श्री के नारायण स्वामी पिता के. रामा स्वामी को आबंटित / नामांतरित किया गया है। मूल आबंटी / नामांतरी द्वारा दिनांक 08.09.2009 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी / नामांतरी की मृत्यु दिनांक 17.01.2020 को हो जाने के कारण श्री कोल्ली मधुकर राव पिता श्री कोल्ली नारायण स्वामी द्वारा उक्त भवन / भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, श्री के नारायण स्वामी पिता के. रामा स्वामी द्वारा दिनांक 27.10.2011 को निष्पादित पंजीकृत वसीयतनामा जो तेलगु भाषा एवं जिसका हिन्दी भाषा में रूपांतरण कर सत्यापित प्रति, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड श्री कोल्ली मधुकर राव पिता श्री कोल्ली नारायण स्वामी के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छ.ग. गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई
आकाश गंगा, सुपेला जी.ई. रोड, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
फोन नं. 0788.2350125, ई-मेल Bhilai-Nagar-Nigam@cg.gov.in

"निविदा सूचना" (द्वितीय)

क्र/एफ/ / कम्प्यू/ 2025/3668/267 — भिलाई, दिनाक 09/10/2025

आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से निम्नांकित कार्य हेतु अनुभवी संधारणकर्ता एजेंसी से मुहरबंद निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 24/10/2025 को सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाए दिनांक 28/10/2025 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन दिनांक 21/10/2025 को 5.30 बजे तक निर्धारित राशि के साथ आवेदन स्वीकार किये जावेगा।

क्र	कार्य का नाम	निविदा लागत (रूपये में)	धरोहर राशि (रूपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि	फार्म
1	न. पा. निगम भिलाई में कम्प्यूटर सिस्टम एवं प्रिंटर का वार्षिक संधारण कार्य। (वर्ष 2025-2026)	रु 653410.00	रु. 5,000.00 (एफ डी.आर.)	750.00 रु	एक वर्ष	बी

नगर पालिक निगम, भिलाई की बेवसाईट http://bhilainagarnigam.com एवं संचालनालय की वेबसाईट https://uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता

OFFICE OF THE COMMISSIONER
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

(2nd Call)

NIT NO: 1053/RAIPUR — **DATED:10/10/2025**

Online bids are invited for the following works of works up to 27.10.2025 at 17:30 hours.

Sr.No	System Tender No.	Name of Work	Amount of the Estimate (In Lacs)
1	177434	शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्रमांक 63 अंतर्गत टिकरापारा छुईया तालाब के पास आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण कार्य।	11.69 (Lakh)
2	177435	शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्रमांक 63 अंतर्गत टिकरापारा सुदामा नगर 2 में आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण कार्य।	11.69 (Lakh)
3	177436	शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्रमांक 63 अंतर्गत टिकरापारा, सतबहनिया मंदिर के पास आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण कार्य।	11.69 (Lakh)

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** from **10.10.2025, 17:30 Hours** (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**
3. For More Details please download NIT details.

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
(ZONE NO. 06)
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

यूनियन बैंक Union Bank of India — प्रियदर्शिनी नगर, रायपुर (छ.ग.)

परिशिष्ट-IV कब्जा नोटिस नियम 8 (1)

सेक्यूरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेनशियल असेट्स एंड अनफोर्समेंट ऑफ सेक्यूर्टी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत नियम-3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत शाखा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित धारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों को निम्नलिखित तिथियों में डिमांड नोटिस में दर्शायी गई राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया था. उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम-8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया गया है ।

विशेष रूप से उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों और जनसामान्य को एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन-देन न करें । निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन इस पर वर्णित बकाया राशि ब्याज, आकस्मिक खर्च एवं लागत और शुल्क के लिये **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** कि संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अधीन होगी ।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये ध्यानाकर्षित किया गया है ।

अ. उधारकर्ता का नाम ब. शाखा का नाम	संपत्तियों का विवरण	1. मांग सूचना की तिथि 2. मांग सूचना राशि रु 3. कब्जे की तिथि
कपूरी सिंह पुत्र श्री लाल देव सिंह, 207, जयहिंद चौक, लोधीपारा, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492004 शाखा: प्रियदर्शिनी नगर (छ.ग.)	खसरा नं. 190 भाग, पीसी नं. 109, प्रगति मैदान के पास, लोधीपारा चौक, पंडरी, रायपुर पर निर्मित बहुमंजिला आवासीय भूमि प्लॉट नं. 77/39 एवं 77/41 का भाग ।	16/07/2025; ₹ 5,89,390.60 +ब्याज + कानूनी व अन्य शुल्क; 07/10/025

दिनांक: 13.10.2025 — प्राधिकृत अधिकारी/यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक (CRGB)
(भारत सरकार, राज्य शासन एवं भारतीय स्टेट बैंक का संयुक्त उपक्रम)
क्षेत्रीय कार्यालय: धमतरी, भू-तल, सोनकर प्लाजा, रूद्री रोड, धमतरी (छ.ग.) पिन-493773
Email :npa.ro.dha@cgbank.in I Mobile No. 6232032395 I Web : www.cgbank.in

नियम- 8(1) कब्जा नोटिस (अचल सम्पति)

जबकि वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एवं धारा 13(12), 13(2) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 एवं 9 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक** के निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी ने मांग सूचना पत्र जारी किया था, जिसमें निम्नलिखित उधार लेने वालों का उल्लिखित राशि ब्याज सहित नोटिस पावती की तारीख से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा गया था । इन उल्लिखित ऋणियों द्वारा राशि भुगतान करने में असफल हो जाने पर ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं और आमजनता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13(4) के तहत उक्त पठित नियम हस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्तानुसार वर्णित सम्पति का आधिपत्य की तिथि को अपने कब्जे (Physical Possession) में ले लिया है । ऋणियों को विशेष रूप से एवं आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के बावत किये गये कोई भी व्यवहार पर **छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक** के उपरोक्त राशि एवं उस पर ब्याज के अधीन भार (CHARGE) देय होगा ।

क्र.	ऋणी/जमानतदार का नाम शाखा का नाम	अचल संपत्ति का विवरण	मांग सूचना जारी तिथि एवं राशि (रू. में)	आधिपत्य की तिथि
01	ऋणी- (1) श्री नीलेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री चंद्रहास प्रसाद गुप्ता, (2) श्रीमति प्रियंका गुप्ता पति श्री नीलेश कुमार गुप्ता शाखा- धमतरी (मेन ब्रांच) मो. 62320-32303	ऋणी की बंधक सम्पत्ति का विवरण:- श्री नीलेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री चंद्रहास प्रसाद गुप्ता, फ्लैट क्र. डी-02, चतुर्थ तल, सुपर बिल्ट अप एरिया 910 वर्गफुट, अरिहंत श्री अपार्टमेंट, नजूल शीट क्र. 32 सी, प्लाट क्र. 84/1, 84/3 का भाग, आमापारा, तहसील-धमतरी, जिला- धमतरी (छ.ग.)- 493773. चौहद्दी: उत्तर- खुला, दक्षिण- फ्लैट नं. डी-03, पूर्व-फ्लैट नं. डी-01, पश्चिम- लिफ्ट का रास्ता । (कब्जा का प्रकार- भौतिक कब्जा)	23/05/2025 ₹ 17,50,206/- + ब्याज + अन्य व्यय	07/10/2025

आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत 30 दिनों का विक्रय हेतु अनिवार्य सूचना

ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि इस नोटिस के छपने की तारीख से 30 दिनों के अंदर वे सम्पूर्ण ऋण राशि, ब्याज एवं खर्चों का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित सम्पत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्च सहित ऋणी एवं जमानतदारों से की जावेगी ।

दिनांक- 14.10.2025 — प्राधिकृत अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक
स्थान- धमतरी (छ.ग.) — क्षेत्रीय कार्यालय धमतरी (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

पोषण भी, पढ़ाई भी शिक्षा और स्वास्थ्य का अद्भुत संगम

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर/ नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम ने छत्तीसगढ़ में बाल विकास की दिशा में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार किया है। यह पहल शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरी है। इस कार्यक्रम ने न केवल बच्चों के सर्वांगीण विकास की राह खोली है, बल्कि माताओं, किशोरियों और समुदाय के लोगों में भी जागरूकता की नई लहर उत्पन्न की है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इस नवाचारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार बच्चों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। स्वस्थ, शिक्षित और आत्मविश्वासी बच्चे ही छत्तीसगढ़ के उज्जवल भविष्य की नींव हैं। पोषण भी, पढ़ाई भी जैसे कार्यक्रम शिक्षा और स्वास्थ्य के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में प्रेरणादायी कदम हैं।

धौराभाठा प्राथमिक स्कूल को मिले 3 शिक्षक छात्रों के आत्मविश्वास में हुई वृद्धि

रायपुर/ नवप्रदेश। शासन की युक्तियुक्तकरण नीति के तहत अतिरिक्त शिक्षकों की पदस्थापना होने से विद्यालय में शिक्षण स्तर, अनुशासन और बच्चों की उपस्थिति तीनों में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है। विकासखंड बिलाईगढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा (ब) में शिक्षा व्यवस्था अब पूरी तरह बदल चुकी है। कभी केवल एक शिक्षक के भरोसे संचालित यह विद्यालय आज 03 शिक्षकों की मौजूदगी से नई ऊर्जा और उत्साह से भर गया है।विद्यालय में वर्तमान में अध्ययनरत बचचे नियमित रूप से स्कूल आ रहे हैं और पढ़ाई में गहरी रुचि दिखा रहे हैं। पहले शिक्षकों की कमी के कारण कक्षाओं का संचालन बाधित होता था, लेकिन अब शिक्षक बच्चों को व्यक्तिगत ध्यान देकर पढ़ा रहे हैं, इससे विद्यार्थियों की समझने की क्षमता, प्रदर्शन और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्राम धौराभाठा (ब) में के वरिष्ठ नागरिक सुरेश कंवर ने बताया कि पहले स्कूल में केवल एक शिक्षक होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती थी और पालक भी स्कूल भेजने में रुचि नहीं लेते थे। अब तीन शिक्षकों की मौजूदगी से विद्यालय में अनुशासन और शिक्षण का माहौल पूरी तरह बदल गया है।

कृषि विवि के नए कुलसचिव ने पदभार ग्रहण किया

रायपुर/ नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलसचिव कपिलदेव दीपक ने आज पदभार ग्रहण किया. उन्होंने प्रभारी कुलसचिव डॉ सी पी खरे से कुलसचिव पद का प्रभार लिया. पदभार ग्रहण करने के उपरांत दीपक ने कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल से सौजन्य मुलाकात की. डॉ चंदेल ने दीपक को उनके सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी. कपिल देव दीपक ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों से संवाद कर विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की. इस अवसर पर उप कुलसचिव डॉ यमन देवांगन, डॉ श्रीकांत चितले, डॉ विजय सोनी सहित विश्वविद्यालय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. उल्लेखनीय है कि पिल देव दीपक मूलतः कृषि विभाग में संयुक्त संचालक के पद पर पदस्थ है।

छत्तीसगढ़ का टमाटर 'महाराष्ट्र की रसोई' तक पहुंचा

जयवती ने टमाटर की खेती से परिवार को बनाया आत्मनिर्भर

रायपुर/ नवप्रदेश। टमाटर की खेती से कई किसान परिवारों ने आत्मनिर्भरता हासिल की है, जिनमें से कुछ ने इसे सफलतापूर्वक एक लाभदायक व्यवसाय बना लिया है। यह खेती, खासकर जब उच्च गुणवत्ता वाली किस्मों और आधुनिक तकनीकों को अपनाया जाता है, अच्छी आय प्रदान कर सकती है और परिवार के लिए वित्तीय स्थिरता ला सकती है। कोरिया जिले के सोनहत विकासखण्ड के ग्राम बसवाही की श्रीमती जयवती आज क्षेत्र की उन प्रेरक महिलाओं में शामिल हैं, जिन्होंने मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर अपनी पहचान बनाई है। जयवती ने बताया 'मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि कोरिया की धरती पर उगाई गई टमाटर महाराष्ट्र तक पहुंचेंगी, लेकिन यह सच है।

जयवती 'चमेली स्व सहायता समूह' से जुड़ी हैं और अपने पति श्री गोपाल चेरवा के साथ मिलकर

तीन एकड़ भूमि में टमाटर की खेती करती हैं। उनके पति धान की खेती के साथ-साथ अन्य कृषि कार्यों में भी उनका सहयोग करते हैं। जयवती बताती हैं कि टमाटर की पैदावार अच्छी होने से अब उनकी उपज बिलासपुर, रायपुर से लेकर महाराष्ट्र तक पहुंच रही है। सालभर में करीब तीन लाख रुपये की आमदनी से परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है।

जयवती ने बताया कि उनके दो बच्चे हैं बेटी कक्षा छठवीं में और बेटा कक्षा बारहवीं में अध्ययनरत है। अब वे बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए पूरी निष्ठा से सहयोग करने का संकल्प रखती हैं।

निश्चित ही श्रीमती जयवती जैसी महिलाएं स्व-सहायता समूहों के माध्यम से न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए प्रेरणास्रोत भी बन रही हैं।

अवसरों का छत्तीसगढ़ थीम बना आकर्षण का केन्द्र

एमपी ट्रैवल मार्ट में छत्तीसगढ़ पर्यटन की गूंज

▶ 27 देशों के प्रतिनिधि और 80 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय टूर ऑपरेटर्स ने लिया भाग

रायपुर/ नवप्रदेश। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में 11 से 13 अक्टूबर 2025 तक आयोजित एमपी ट्रैवल मार्ट-2025 में छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड की प्रभावशाली उपस्थिति आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। यहां छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड द्वारा स्थापित भव्य और आकर्षक स्टॉल ने देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस अवसर पर आयोजित राउंड टेबल सेशन में छत्तीसगढ़, राजस्थान, दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, नागालैंड, मणिपुर सहित विभिन्न राज्यों के पर्यटन विभाग के पदाधिकारी एवं अधिकारी शामिल हुए। इस सत्र में राज्य-स्तरीय साझेदारी और पर्यटन निवेश को लेकर उपयोगी विचार-विमर्श हुआ।

छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा और प्रबंध संचालक विवेक आचार्य एमपी ट्रैवल मार्ट के कार्यक्रम में शामिल हुए। आयोजन स्थल पर लगाए गए स्टॉल में राज्य के प्राकृतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और जनजातीय स्थलों की सुंदर झलकियां प्रदर्शित की गईं। इसमें वन्यजीव पर्यटन, इको-टूरिज़्म और फिल्म पर्यटन की अवधारणा को भी दर्शाया गया।

छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने विभिन्न राज्यों और देशों से आए ट्रैवल एजेंट्स, निवेशकों और पर्यटन विशेषज्ञों से मुलाकात कर उन्हें छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर पर्यटन स्थलों और वहां छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बोर्ड पदाधिकारियों ने अन्य राज्यों के ट्रेवल्स एजेंट और निवेशकों को छत्तीसगढ़ के लिए आमंत्रित किया। चर्चा का मुख्य विषय पर्यटन क्षेत्र में संयुक्त निवेश और सहयोग के नए आयाम रहे।

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने इस मौके पर कहा कि छत्तीसगढ़ भारत के हृदय में स्थित वह भूमि है जहाँ प्रकृति, संस्कृति और अध्यात्म का अनोखा संगम है। यहाँ की हरियाली, जलप्रपातों की कल-कल ध्वनि और जनजातीय संस्कृति पर्यटकों को अद्वितीय अनुभव प्रदान करती है। हमारा प्रयास है कि पर्यटन केवल दर्शनीय स्थलों तक सीमित न रहे, बल्कि यह स्थानीय विकास, रोजगार सृजन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम बने।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, मध्यप्रदेश के पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास मंत्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने एमपी ट्रैवल मार्ट-2025 में अपनी गरिमामय उपस्थिति दी। यहां आयोजित विविध कार्यक्रमों में प्रसिद्ध फिल्म एवं टेलीविज़न निर्माता सुश्री एकता कपूर, अभिनेता गजराज राव और रघुबीर यादव, फिक्की के पूर्व अध्यक्ष डॉ. ज्योत्सना सूरी, इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर के अध्यक्ष रवि गोसाईं सहित 27 देशों के प्रतिनिधि और 80 से अधिक अंतरराष्ट्रीय टूर ऑपरेटर्स ने भाग लिया।

मरीजों की देखभाल के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के पीडियाट्रिक विभाग ने मरीजों की देखभाल प्रक्रिया को बेहतर बनाने हेतु एक उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में डॉक्टरों, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. ओंकार खंडवाल ने नवजात, शिशुओं और बड़े बच्चों के उपचार की मानक परिचालन प्रक्रिया (स्ह्क्क) की जानकारी दी। उन्होंने एचआईवी पॉजिटिव मरीजों के प्रबंधन हेतु वैश्विक दिशानिर्देशों के तहत संक्रमण रोकथाम, सार्वभौमिक सावधानियों और रोगी-केंद्रित देखभाल पर जोर दिया।

डॉ. खंडवाल ने कहा कि सभी मरीज समान हैं और उनका उपचार बिना भेदभाव के संवेदनशीलता व समानता के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने एचआईवी से जुड़े मिथकों, संक्रमण नियंत्रण उपायों और उपचार के दौरान सावधानियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक मरीज सम्मान, सहयोग और सहानुभूति का हकदार है। चिकित्सा कर्मियों को मानक सुरक्षा उपायों का पालन करते हुए व्यापक देखभाल पर ध्यान देना चाहिए।

कार्यक्रम में उपचार के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा मानकों पर भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभाग के कर्मचारी, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। यह आयोजन चिकित्सा सेवाओं में गुणवत्ता और संवेदनशीलता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

विधायक राजेश मूणत ने 36 मेधावी छात्रों को दिए 5-5 हजार के चेक

रायपुर/ नवप्रदेश। रायपुर पश्चिम के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के 36 प्रतिभावान छात्रों को 5,000-5,000 की प्रोत्साहन राशि के चेक प्रदान किए। यह कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डगनिया और पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर विद्यालय में आयोजित हुआ। डगनिया विद्यालय में विधायक मूणत ने 12 छात्रों को स्वयं चेक प्रदान किए। इसके बाद विश्वविद्यालय परिसर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 24 छात्रों को चेक वितरित किए गए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बच्चों को छोटी उम्र में अगर प्रोत्साहन मिले, तो वे आगे चलकर समाज और देश का नाम रोशन करते हैं। यह सम्मान उनके आत्मविश्वास को और मज़बूत करेगा।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर विद्यालय के विकास के लिए श्री मूणत ने दो बड़ी घोषणाएं कीं जिसमें विद्यालय को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए परिसर में सोलर पैनल लगाए जाएंगे। हायर सेकेंडरी की सभी कक्षाओं में स्मार्ट बोर्ड लगाने के लिए तत्काल इस्टीमेट तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। मूणत ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का उपयोग समय की मांग है, और सरकार की कोशिश है।

एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य का संदेश, योग से विश्व कल्याण की ओर भारत: टंकराम

▶ अंतर्राष्ट्रीय योग कार्यशाला में भारतीय संस्कृति की गूंज

रायपुर/ नवप्रदेश। न्यू सर्किट हाऊस रायपुर के कन्वेंशन हाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग कार्यशाला 2025 में भारतीय संस्कृति, परंपरा और योग की प्राचीन विद्या की अद्भुत झलक देखने को मिली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और वैश्विक समरसता का मार्ग है।

मंत्री वर्मा ने कहा कि योग को जीवन का हिस्सा बनाकर हम व्यसनमुक्त, स्वस्थ और समरस समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने इस आयोजन को एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संगम बताते हुए कहा कि यह कार्यशाला आने वाली पीढ़ियों को भारतीय ज्ञान परंपरा और स्वास्थ्य के मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य उपहार है, जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित कर जीवन में सकारात्मकता लाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से योग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। उन्होंने कहा कि आज की कार्यशाला 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' थीम के अनुरूप एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के वैश्विक संकल्प को मजबूत करने का अवसर प्रदान करती है।

प्रदेश में अब तक 1211.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अब तक 1211.2 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बस्तर जिले में सर्वाधिक 1633.3 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 554.0 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 1159.6 मि.मी., बलौदाबाजार में 1004.8 मि.मी., गरियाबंद में 1234.4 मि.मी., महासमुंद में 1065.1 मि.मी. और धमतरी में 1149.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 1205.1 मि.मी., मुंगेली में 1183.0 मि.मी., रायगढ़ में 1396.7 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 1116.1 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 1413.5 मि.मी., सक्ती में 1274.2 मि.मी., कोरबा में 1179.3 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 1112.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

झिरिया जलाशय योजना के लिए 9.78 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/ नवप्रदेश। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकासखण्ड-सिमगा के अंतर्गत झिरिया जलाशय योजना के कार्यों हेतु 9 करोड़ 78 लाख 19 हजार रुपए स्वीकृत किए गए है। योजना का कार्य पूर्ण होने पर 250 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ की फसलों की सिंचाई सुविधा मिलेगी। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से जलाशय योजना का कार्य कराने मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

शाम ढलते ही अंधेरे में डूबने वाला गांव हुआ रोशन

रायपुर/ नवप्रदेश। किसी भी क्षेत्र के विकास को मापने के अनेक पैमाने हो सकते हैं जैसे सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा या पेयजल की व्यवस्था, परंतु इनमें सबसे बुनियादी जरूरत है बिजली की उपलब्धता। रोशनी केवल घरों को नहीं, बल्कि भविष्य को भी जगमगाती है। बिजली से ही विकास के पहिए गति पाते हैं, शिक्षा में सुधार होता है, रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। रात के सन्नाटे में अब पहाड़ी कोरवा परिवार को मिली रौशनी से जीवन में बदलाव आ गया है।

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के कई क्षेत्र दूरस्थ और पहाड़ी अंचल में पहाड़ी कोरवा परिवार बसे हुए हैं। घने जंगल, कठिन रास्ते, ऊँची पहाड़ियाँ और आवागमन की समस्या यहाँ के विकास की राह में अकसर बाधा बाधा बनी रहीं है। ऐसे क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सेवाओं तक पहुँच भी सीमित रहती है।

सीएचसी मोहला में हुआ सफल सिजेरियन ऑपरेशन, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

रायपुर/ नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। ग्राम गिधाली की गर्भवती महिला कुलेश्वरी पति अर्जुन का सिजेरियन ऑपरेशन (सी-सेक्शन) स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सक टीम द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। इस महत्वपूर्ण शल्यक्रिया को स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद बनकर, डॉ. दिलीप शर्मा, डॉ. सीमा ठाकुर एवं डॉ. एस.आर. कोवाची की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया। पूरा ऑपरेशन पूरी तरह सुरक्षित रहा और जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

स्त्रीरोग विशेषज्ञ की नियुक्ति से अब उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं को प्रसव हेतु राजनांदगांव या निजी अस्पतालों की ओर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला में ही सिजेरियन ऑपरेशन एवं संपूर्ण जांच की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इससे मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को बड़ी मजबूती मिलेगी। यह सुविधा विशेष रूप से उन ग्रामीण महिलाओं के लिए लाभकारी साबित होगी। जिन्हें पहले औंधी से राजनांदगांव तक लगभग 150 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी। इस उपलब्धि से क्षेत्र की ग्रामीण महिलाओं को समय पर सुरक्षित प्रसव और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित होंगी।

तुमला एनीकट निर्माण कार्य के लिए 6.49 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा जशपुर जिले के विकासखण्ड फरसाबहार की तुमला एनीकट निर्माण कार्य के लिए 6 करोड़ 49 लाख 56 हजार रुपए स्वीकृत किए गए है। योजना के निर्माण से क्षेत्रीय ग्रामवासियों को निस्तारी, पेयजल, भू-जल संवर्धन तथा किसानों द्वारा स्वयं के साधन से 125 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से सिंचाई योजना का कार्य कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

देश के पहले डिजिटल संग्रहालय में दिखेगी आदिवासी नायकों की शौर्य गाथा

▶ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवा रायपुर में करेंगे शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का लोकार्पण

रायपुर/ नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवा रायपुर अटल नगर में छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में तैयार किए गए भव्य संग्रहालय सह-स्मारक का लोकार्पण राज्योत्सव के अवसर पर करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर बनाए जा रहा यह संग्रहालय देश का पहला डिजिटल संग्रहालय होगा। इस संग्रहालय में स्वतंत्रता आंदोलन के समय छत्तीसगढ़ में हुए 16 आदिवासी विद्रोहों की झलक देखने और सुनने को मिलेगी। संग्रहालय के लोकार्पण के लिए साज-सज्जा का काम अंतिम चरण में है। भारत सरकार के केन्द्रीय जनजाति मंत्रालय के अधिकारियों ने आज इस संग्रहालय का अवलोकन कर इसकी भव्यता और जीवंत प्रस्तुति की सराहना की।

प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने केन्द्रीय जनजातीय मंत्रालय की ओएसडी रंजना चोपड़ा और संचालक दीपाली मासिरकर को संग्रहालय का भ्रमण कराते हुए बताया कि यह संग्रहालय छत्तीसगढ़ में जनजातीय समाज के ऐतिहासिक गौरव गाथा, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। नई पीढ़ियों को आदिवासियों का स्वतंत्रता विद्रोह की याद दिलाता रहेगा। यह न सिर्फ आदिवासी वर्गों के लिए बल्कि देश-विदेश के लोगों के लिए भी प्रेरणास्पद होगा। उन्होंने बताया कि संग्रहालय में डिजिटल माध्यम से आदिवासी समाज के विद्रोहों और उनके नायकों की गाथा की प्रस्तुति संग्रहालय का विशेष आकर्षण रहेगी। पूरे संग्रहालय परिसर को सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com